नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से






2 होर्मुज में टोल-निजीकरण मंजूर नहीं


4 एक दिल था सीने में...


10 ज्योतिषीय दूरदर्शन: एक विधा का सृजन और विनाश


11 ईरान युद्ध और भारत की गुप्त कूटनीति


# विपक्ष ने नारी शक्ति की उड़ान रोकी

## कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके जैसे विपक्षी दल भ्रूणहत्या के गुनहगार : मोदी

- प्रधानमंत्री ने देश को 30 मिनट तक संबोधित किया
- बिल में संशोधन नहीं होने पर मांगी माफी

**नई दिल्ली, 18 अप्रैल. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार की शाम 8.30 बजे महिला आरक्षण पर देश को संबोधित किया. उन्होंने कहा, इस बिल में संशोधन नहीं हो पाया. मैं सभी माताओं-बहनों से माफी मांगता हूं.**

उन्होंने कहा, मेरे लिए देशहित सर्वोपरि है, जब कुछ लोगों के लिए दल हित सब कुछ हो जाता है औ दल हित देश हित से बड़ा हो जाता है. तो नारी शक्ति को ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है.

पीएम ने कहा कि कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके जैसे विपक्षी दल इस भ्रूणहत्या के गुनहगार हैं. ये देश के संविधान के अपराधी हैं.



### कांग्रेस परजीवी की तरह दूसरे दलों के सहारे जिंदा

पीएम ने कहा- कांग्रेस खुद ही कई राज्यों में अपना वजूद खो चुकी है. वह परजीवी की तरह दूसरे दलों के सहारे जिंदा है. वे यह भी नहीं चाहते कि क्षेत्रीय दलों की ताकत बढ़े. इस बिल को रोककर उन्हें राजनीतिक षड्यंत्र किया है. सभी विपक्ष इतने सालों से हर बार वही बहाने बनाते आए हैं. कोई न कोई पेंच फंसाकर महिलाओं के अधिकारों पर डाका डालते हैं. उन्होंने कहा- देश उनका पैटर्न समझ चुका है. इस बिल के विरोध की बढ़ी वजह है कि इन परिवारवादी पार्टियों का डर. इन्हें डर है कि महिला सशक्त हुई तो उनकी पार्टी खतरे में आ जाएगी. ये नहीं चाहेंगे कि उनके परिवार के बाहर की महिलाएं आगे बढ़े.

नारी शक्ति के अपराधी हैं. जिन लोगों ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी.

### संबोधन की मुख्य बातें

- **महिलाओं के सपने को कुचल दिया:** आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि कैसे भारत की नारी शक्ति की उड़ान को रोक दिया गया, उनके सपनों को बेरहमी से कुचल दिया गया.
- **विपक्ष ने मेजें थपथपाई:** कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और समाजवादी पार्टी जैसे दलों की स्वार्थी राजनीति का नुकसान देश की नारी शक्ति को उठाना पड़ा है. शुक्रवार को देश की करोड़ों महिलाओं की नजर संसद पर थी. देश की नारी शक्ति देख रही थी. मुझे भी ये देखकर बहुत दुख हुआ कि जब ये नारी हित का प्रस्ताव गिरा तो कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, सपा जैसी परिवारवादी पार्टियां खुशी से तालियां बजा रही थीं. महिलाओं से उनके अधिकार छीनकर ये लोग मेजें थपथपा रहे थे.
- **नारी अपमान नहीं भूलती:** शुक्रवार को विपक्ष ने जो भी किया वह केवल टेबल पर थाप नहीं थी. वह नारी के स्वाभिमान पर उसके आत्म सम्मान पर चोट थी. और नारी सब भूल जाती है, अपना अपमान कभी नहीं भूलती. इसलिए संसद में कांग्रेस के उसके सहयोगियों के व्यवहार की कसक, हर नारी के मन में हमेशा रहेगी. देश की नारी जब भी अपने क्षेत्र में इन नेताओं को देखेगी तो वह याद करेगी कि इन्हीं लोगों ने संसद में महिला आरक्षण को रोकने का जश्न मनाया था, खुशियां मनाईं थीं.
- **विपक्ष को उसके पाप की सजा जरूर मिलेगी:** नारी शक्ति वंदन विधेयक का जिन लोगों ने विरोध किया है, उनसे मैं दो टूक कहूंगा कि ये लोग नारी शक्ति को फॉर ग्रांटेड ले रहे हैं. वे ये भूल रहे हैं कि 21वीं सदी की नारी देश की हर घटना पर नजर रख रही है. वह उनकी मंशा भांप रही है और सच्चाई भी भली-भांति जान चुकी है. महिला आरक्षण विधेयक का विरोध कर के विपक्ष ने जो पाप किया है, उसकी सजा उन्हें जरूर मिलेगी. इन दलों ने संविधान निर्माता की भावनाओं का भी अपमान किया है. और जनता द्वारा इसकी सजा से भी वे बच नहीं पाएंगे.

# होर्मुज में भारतीय जहाज पर फायरिंग

**ईरानी गनबोट्स ने चेतावनी दिए बिना किया हमला**

**विदेश मंत्रालय ने ईरान के राजदूत को किया तलब**



**तेहरान/नई दिल्ली, 18 अप्रैल. होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की कोशिश कर रहे दो व्यापारी जहाजों पर शनिवार दोपहर गोलीबारी हुई. इसमें एक भारतीय झंडे वाला तेल जहाज भी शामिल था. यह जानकारी कई समुद्री और सुरक्षा सूत्रों ने दी है, जिसे शिपिंग मॉनिटर टैंकर ट्रैकर्स ने रिपोर्ट किया.**

ब्रिटेन के समुद्री निगरानी केंद्र मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशन सेंटर के मुताबिक, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड की दो गनबोट्स टैंकर्स के पास आईं और बिना रेडियो चेतावनी फायरिंग शुरू कर दी. इसके बाद दोनों जहाज स्ट्रेट पार किए बिना ही लौट गए. हालांकि जहाज और उसके क्रू मेंबर सुरक्षित बताए गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय जहाज में लगभग 20 लाख बैरल इराकी तेल था. इजरायल और लेबनान के बीच 10 दिनों के सीजफायर का ऐलान होने के बावजूद हमले नहीं रुके हैं. इजरायली सेना ने दावा किया कि उसने दक्षिणी लेबनान में हवाई और जमीनी हमले किए हैं.

हिज्बुल्लाह के कई ठिकानों पर भीषण अटैक किए. हिजबुल्लाह के वरिष्ठ अधिकारी ने सख्त चेतावनी दी कि संगठन इजरायल की ऐसी किसी भी सैन्य कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं करेगा. उन्होंने नवंबर 2024 के युद्धविराम के बाद की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय इजरायल ने लगभग रोजाना हवाई हमले जारी रखे थे.

### भारत ने सख्त रुख दिखाया

इस घटना के बाद भारत ने सख्त रुख दिखाया है. रिपोर्ट के मुताबिक भारत के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को भारत में तैनात ईरान के राजदूत डॉ. मोहम्मद फथअली को तलब किया और इस घटना पर औपचारिक विरोध दर्ज कराया.

### 24 घंटे के भीतर फिर ईरान ने बंद किया होर्मुज

ईरान ने फिर से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने की घोषणा की है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद ईरान ने ये फैसला लिया है. ईरान की संयुक्त सैन्य कमान ने शनिवार को कहा कि होर्मुज पर उसका नियंत्रण पहले जैसा हो गया है. उसने चेतावनी दी कि जब तक ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकाबंदी जारी रहेगी, तब तक वह होर्मुज से आवागमन ब्लॉक करना जारी रखेगा.

# रेलवे-इंश्योरेंस समेत 5 प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट

**24,815 करोड़ के दो बड़े मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स मंजूर**

**12,980 करोड़ के 'भारत मैरिटाइम इंश्योरेंस पूल' को मंजूरी**



**नई दिल्ली, 18 अप्रैल. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने शनिवार को 5 प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी.**

कैबिनेट ने केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दी है. अब यह बढ़कर 58 से 60 प्रतिशत हो गया है, जो 1 जनवरी 2026 से लागू होगा. रेलवे के 24,815 करोड़ रुपए के दो बड़े मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स में गाजियाबाद-सीतापुर और राजमुंदरी-विशाखापट्टनम रूट शामिल हैं. केंद्र सरकार ने बढ़ते वैश्विक तनाव के बीच समुद्री व्यापार को सुरक्षित रखने के लिए 12,980 करोड़ रुपए के 'भारत मैरिटाइम इंश्योरेंस पूल' को मंजूरी दी है. साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 83,977 करोड़ रुपए का ऐलान किया है. केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने शनिवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने भारतीय रेलवे के दो बड़े मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दे दी है.

इन परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 24,815 करोड़ है और इन्हें वर्ष 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं के तहत उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश के कुल 15 जिलों को कवर किया जाएगा, जिससे भारतीय रेलवे नेटवर्क में करीब 601 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी. इन परियोजनाओं से रेलवे की लाइन क्षमता में बड़ा इजाफा होगा, जिससे ट्रेनों की आवाजाही तेज और सुगम होगी. साथ ही, भीड़भाड़ कम होगी और सेवाओं की ...

शेष पेज 7 पर

# लोकसभा और राज्यसभा कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली, 18 अप्रैल.** लोक सभा के बजट सत्र के शनिवार को समाप्त होने के साथ ही सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई. अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किये जाने से पहले कहा कि 18वीं लोकसभा के सातवें सत्र की 28 जनवरी को शुरुआत हुई थी. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 28 जनवरी को ही दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित किया था. सत्र में 31 बैठकें हुईं. वहीं राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने संसद के विस्तारित बजट सत्र के संपन्न होने के साथ ही उच्च सदन के 270 वें सत्र की कार्यवाही शनिवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी.

### चारधाम यात्रा के लिए 18 लाख श्रद्धालुओं ने करवाया रजिस्ट्रेशन

**देहरादून.** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा शुरू चुकी है. ऋषिकेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 10 बसों को यमुनोत्री व गंगोत्री धाम के लिए रवाना किया. चारधाम के लिए अब तक 18.25 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन करवा लिया है. पिछले साल 23 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया था. ऋषिकेश और हरिद्वार में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन काउंटर भी शुरू हो चुके हैं. सबसे पहले मध्य प्रदेश के 100 यात्रियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया. ये सभी यमुनोत्री और गंगोत्री के दर्शन करेंगे. बता दें कि बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक रहेगी. हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन धर्म के लोग दर्शन कर पाएंगे.

# राहुल गांधी के आवास पर प्रदर्शन

## बीजेपी की महिला कार्यकर्ताओं ने फूंका पुतला

**नई दिल्ली, 18 अप्रैल. महिला आरक्षण बिल पास न हो पाने के बाद देश की राजनीति गरमा गई है. भाजपा ने कांग्रेस और विपक्ष पर जोरदार हमला करते हुए दिल्ली में बड़ा प्रदर्शन किया. कई वरिष्ठ भाजपा नेता और महिला सांसद समर्थकों के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के घर तक मार्च करते हुए पहुंचे.**

इस प्रदर्शन में हेमा मालिनी और बांसुरी स्वराज समेत कई सांसद शामिल थीं. दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी इस मार्च में मौजूद रहे. पार्टी ने सोशल मीडिया पर धोखेबाज लिखे पोस्टर साझा कर विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि देश की आधी आबादी इसे कभी माफ नहीं करेगी.



भाजपा ने इस मुद्दे पर सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक अभियान चलाया. प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने काले झंडे दिखाए और माथे पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया. उनके हाथों में ऐसे पोस्टर थे, जिनमें विपक्ष पर 'नारी शक्ति' का अपमान करने के आरोप लगाए गए.

### राहुल पर एफआईआर मामले में कोर्ट ने अपना आदेश बदला

**लखनऊ.** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दोहरी नागरिकता मामले में एफआईआर दर्ज करने संबंधी अपने ही आदेश को बदल दिया है. कोर्ट ने शनिवार को अपनी वेबसाइट पर संशोधित आदेश जारी किया. शुक्रवार को न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई की.

**विधेयक** | दोनों दल इसे अपने-अपने तरीके से राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं

# दलों के बीच नैरेटिव युद्ध में फंसा महिलाओं का अधिकार


प्रवेश कुमार मिश्र

**नई दिल्ली, 18 अप्रैल. महिला आरक्षण विधेयक (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) और इससे जुड़ी जनगणना व परिसीमन जैसी जटिल प्रक्रियाओं की भूलभुलैया में फंसा भारतीय महिलाओं का संसद में समान भागीदारी का सपना फिर से फाइलों में दबने के साथ ही भाजपा और कांग्रेस के बीच एक बड़ा नैरेटिव युद्ध छिड़ गया है. दोनों दल इसे अपने-अपने तरीके से राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं.**

विधेयक के प्रावधानों के अनुसार, महिला आरक्षण जनगणना और उसके बाद होने वाले परिसीमन के बाद ही लागू हो पाएगा. ऐसे में राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह तकनीकी पेंच इस कानून को कम से कम 2029 के लोकसभा चुनावों तक के लिए टाल देगा. हालांकि विपक्ष ने इसे सरकार का चुनावी जुमला करार देते हुए सवाल उठाया है कि यदि सरकार की नीयत साफ थी, तो इसे तत्काल प्रभाव से पहले से पारित बिल को लागू करने में क्या बाधा थी? वहीं, सत्ता पक्ष का तर्क है कि परिसीमन के बिना सीटों का निर्धारण संवैधानिक रूप से चुनौतीपूर्ण और विवादास्पद हो सकता था. जानकार बता रहे हैं कि तर्क-वितर्क और आरोप-प्रत्यारोप के कारण हुई देरी ने राजनीतिक ध्रुवीकरण को और तेज कर दिया है. ओबीसी कोटे के भीतर कोटा की मांग ने इस विमर्श को एक नई दिशा दे दी है. क्षेत्रीय दलों और विपक्षी गठबंधन ने इसे पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के हक की लड़ाई बनाकर सरकार की घेराबंदी ...

शेष पेज 7 पर

बहरहाल, उक्त विधेयक को पारित कराने के लिए जरूरी दो तिहाई बहुमत नहीं होने के बावजूद सरकार द्वारा लाया गया यह संविधान संशोधन विधेयक संख्या बल के कारण गिर तो गया है, लेकिन इसके गर्भ से कई सवालों का जन्म भी हुआ है. लगभग बारह वर्षों में पहली बार सरकार को मिली चुनौती से जहां उसे आत्ममंथन करने का मौका मिला है. वहीं लगातार बिखरती विपक्षी एकता को एक बार फिर एकजुटता दिखाने का मौका दे दिया है.



# विपक्षी दलों के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित

## नगर निगम परिषद का विशेष सम्मिलन संपन्न, नारी वंदन अधिनियम का समर्थन प्रस्ताव पारित कर शासन भेजने का लिया निर्णय

नवभारत न्यूज

**सागर 18 अप्रैल. नगर निगम परिषद का विशेष सम्मिलन निगमाध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार की अध्यक्षता में महापौर श्रीमति संगीता सुशील तिवारी एवं निगमायुक्त राजकुमार खत्री की उपस्थिति में आयोजित किया गया.**



महापौर श्रीमती तिवारी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की मातृशक्ति, बहनों और बेटियों के सम्मान, अधिकार एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है. यह अधिनियम केवल कानून नहीं, बल्कि महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी दिलाने का मजबूत संकल्प है. हमारे देश की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, परिश्रम और नेतृत्व क्षमता का परिचय दे रही हैं. राजनीति, शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, खेल, व्यापार और सामाजिक सेवा जैसे प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी अलग पहचान बनाई है. अब समय आ गया है कि उन्हें नीति निर्माण और लोकतांत्रिक संस्थाओं में भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिले. सभी भाजपा पार्षदों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण हेतु लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये संसद में बिल पेश किया था जिसका कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों द्वारा विरोध किया गया. उन्होंने कहा कि बिल के समर्थन में सभी पार्षद चर्चा में भाग लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत करें.

चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया कि नगर निगम परिषद द्वारा नारी वंदन अधिनियम के समर्थन का प्रस्ताव पारित किया जाता है तथा कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों द्वारा विरोध करने पर निंदा प्रस्ताव पारित कर शासन को भेजा जावे. पार्षद श्रीमति रूबी पटैल ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत नारी के सम्मान को देखते हुये सरकार द्वारा यह विधेयक लाया गया था क्योंकि सरकार की मंशा थी कि लोकसभा एवं विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी हो और वे निर्णय कर सकें. कांग्रेस एवं विपक्षी दल नारी को आगे बढ़ना देखना नहीं चाहते. पार्षद श्रीमती रेखा यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिये लोकसभा एवं विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रस्तुत किया था. श्रीमति आयुषी चौरसिया ने कहा कि विपक्षी पार्टियों द्वारा नारी वंदन अधिनियम का विरोध करने से महिलाओं को पीछे रखने की मंशा साफ हो गई. श्रीमति पूजा सोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा की सरकार महिलाओं के कल्याण के लिये लगातार कार्य कर रही है. मेघा दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा नारी वंदन अधिनियम 2023 में लागू कर दिया गया था लेकिन उसमें संशोधन कर महिलाओं को संसद एवं विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिये बिल लाया गया जिसका कांग्रेस सहित विपक्षी दलों द्वारा विरोध करने से यह साफ हो गया है कि कांग्रेस पार्टी तथा विपक्षी दल महिलाओं के उत्थान के प्रति संवेदनशील नहीं है और उन्हें आगे बढाना नहीं चाहती. इस दौरान पार्षद धर्मेन्द्र खटीक, देवेन्द्र अहिरवार ने भी संबोधित किया.

# चंदिया बांध के बेस्ट ओवर का सर्वे शुरू

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 18 अप्रैल. लांच परियोजना के साथ ही चंदिया बांध के बेस्ट ओवर का सर्वे कार्य भी शुरू कर दिया गया है.**

जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बांध की स्थिति और आवश्यक मरम्मत कार्यों का आकलन अब अंतिम चरण में पहुंच रहा है. इस पहल से क्षेत्र के हजारों किसानों को भविष्य में सिंचाई की बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है. चंदिया बांध की स्थिति को लेकर पहले दिल्ली से आई विशेषज्ञ टीम ने निरीक्षण किया. इसके बाद भोपाल से ईएनसी (मुख्य अभियंता) स्तर के अधिकारियों ने स्थल का दौरा कर तकनीकी स्थिति का जायजा लिया. जल संसाधन विभाग की अन्य टीमों ने भी बांध का दौरा किया और निर्देश जारी किए.



अब चंदिया जलाशय की मरम्मत कार्य के साथ-साथ बेस्ट ओवर का विस्तृत सर्वे भी किया जा रहा है. इस सर्वे का उद्देश्य बांध की क्षमता, जल प्रबंधन और भविष्य में संभावित सुधार कार्यों की योजना तैयार करना है. विभागीय सूत्रों के अनुसार, सर्वे रिपोर्ट के आधार पर दीर्घकालिक योजना बनाई जाएगी. इस पूरे मामले में सागर के पूर्व कलेक्टर संदीप जी.आर का योगदान महत्वपूर्ण माना जा रहा है. उन्होंने चंदिया बांध की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश और केंद्र स्तर तक पत्राचार किया था. क्षेत्र के किसानों ने वर्तमान कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि लगभग 2200 हेक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई को ध्यान में रखते हुए उल्दन बांध से बक्सवाहा जा रही पाइपलाइन की एक छोटी लाइन अपर चंदिया में जोड़ी जाए. किसानों का कहना है कि यदि यह प्रस्ताव लागू होता है, तो उन्हें सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा और फसल उत्पादन में भी वृद्धि होगी. चंदिया बांध के सर्वे और मरम्मत कार्य के साथ-साथ यदि पाइपलाइन कनेक्टिविटी का प्रस्ताव भी स्वीकृत होता है, तो यह क्षेत्र के किसानों के लिए बड़ी राहत साबित हो सकता है.

# नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम संपन्न




नवभारत न्यूज

**गौरझामर18 अप्रैल. फूल बाग मैदान स्थित ग्राम पंचायत भवन में नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया था.**

मुख्य अतिथि भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष रानी कुशवाहा उपस्थित हुई. युवा भाजपा नेत्री इंजी. हेमलता साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री महिलाओं के लिए बहुत सारी योजनाएं चला रहे है. जिनका लाभ सभी महिलाओं को मिल रहा है. इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष रानी कुशवाहा, जिला महामंत्री उमा देवी खटीक, नीलिमा करण, अनीता पटेल, सरपंच बबीता विश्वकर्मा, हेमलता साहू व नगर की समस्त महिलाएं उपस्थित रही.

## अवैध लकड़ी जब्त

**सागर.** वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के अंतर्गत परिक्षेत्र नौरोदेही बीट पुसेरा में वन विभाग द्वारा मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संग्रहीत लगभग 120 नग लकड़ी (करीब 6 घन मीटर) सागौन एवं अन्य प्रजाति की लकड़ी 16 अप्रैल को जब्त की गई. इस संबंध में वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया है. वन विभाग की टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है. मामले की विस्तृत जांच जारी है तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.

# बच्चियों ने की नपा बैठक की अध्यक्षता

नवभारत न्यूज

**बीना 18 अप्रैल. नगर पालिका परिषद द्वारा संदीपनी स्कूल कक्षा 12वीं की हिमानी ठाकुर बोर्ड परीक्षा में आठवें स्थान प्राप्त किया. वहीं कक्षा दसवीं की वैष्णवी रजक ने बोर्ड परीक्षा में सातवें स्थान प्राप्त किया है.**



दोनों के सम्मान में नगर पालिका परिषद द्वारा बैठक आयोजित की गई जिसमें अध्यक्षता दोनों बच्चियों से करवाई गई एवं सभी पार्षदों एवं सीएमओ राहुल कौरव, नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार द्वारा शील्ड प्रदान कर स्वागत किया गया. अध्यक्ष एवं पार्षदों ने प्रधानमंत्री द्वारा नारी सम्मान विधेयक बिल विपक्ष द्वारा पास ना होना, नारी का अपमान करार घोषित किया. अध्यक्ष श्रीमती सकवार ने कांग्रेस पार्षदों पर कहा कि जिस तरह से उनके यहां ना आना यह बात सिद्ध करता है कि वह पक्ष में नहीं है. छात्र हिमानी ठाकुर ने कहा कि सार्वजनिक पुस्तकालय खोला जाए जहां पर बच्चे अध्ययन कर सकें. वैष्णवी रजक ने कहा कि जो मुकाम हासिल किया उसका श्रेय जाता है माता-पिता शिक्षकों को जिनकी मेहनत से आज सफलता हासिल की है.

# क्रूज पर हुआ मुशायरा



नवभारत न्यूज

**सागर 18 अप्रैल. काव्यायन एवं कसक फाउंडेशन के तत्वावधान में क्रूज पर मुशायरा हुआ. अध्यक्षता विधायक शैलेन्द्र जैन ने की.**

संयोजक अमित आठिया ने बताया कि मुशाइरा में डा.गजाधर सागर, सिराज सागरी, बृन्द्रावन राय, पीआर मलैया, प्रेम, डॉ.अनिल जैन, अरुण दुबे, मुंगावली से जमुना प्रसाद , छतरपुर से आमिल हबीबी,आष्टा से एड.जावेद अष्टवी,सीहोर से सुरेश जयसवाल, काला पीपल से डा.साक्षी जैन, रुख़साना, नरसिंहपुर से लखन, कटनी से प्रमोद भट्ट, नीलांचल मौजूद थे. देवी सिंह राजपूत, मुकेश तिवारी के गीतों की प्रस्तुति हुई.

# मुनिश्री निर्दोष सागर को विनयांजलि अर्पित

नवभारत न्यूज

**सागर 18 अप्रैल. बाहुबली कॉलोनी स्थित जैन धर्मशाला में समाधिस्थ मुनिश्री निर्दोष सागर महाराज के प्रति विनयांजलि सभा संपन्न हुई.**



सभा में मुनिश्री महासागर महाराज ने कहा कि संसार में सभी निमित्त होते हैं, जबकि आत्मा ही उपादान होती है. उन्होंने बताया कि मुनि श्री निर्दोष सागर महाराज की समाधि का श्रेय आचार्य श्री समय सागर महाराज को जाता है, जिनकी आज्ञा से ही उन्हें यहां आने और समाधि कराने का अवसर प्राप्त हुआ. मुनिश्री महासागर महाराज ने कहा कि यह शरीर व्याधियों का घर है, लेकिन जो साधक विपरीत परिस्थितियों में भी आत्मकल्याण का भाव बनाए रखता है, वही सच्चा साधक होता है, संलेखना ग्रहण करने वाला श्रमण उत्कृष्ट माना जाता है और वैयावृत्ति में सहयोग करने वालों का भी समाधि मरण होता है. समाधि से एक दिन पूर्व मुनि श्री ने उपवास ग्रहण किया तथा तेरस के दिन उन्होंने यम संलेखना लेने की इच्छा व्यक्त की. संलेखना घोषित होने के बाद अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए आना चाहिए, ताकि आध्यात्मिक प्रक्रिया का साक्षी बन सकें.

# मनताशा ने नाम रोशन किया

नवभारत न्यूज

**सागर 18 अप्रैल. मेहनत, लगन और मजबूत इरादों के दम पर छात्रा मनताशा बहना ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है.**



किड्स एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल की इस छात्रा ने उपलब्धि से परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया है. मनताशा के पिता मुश्ताक खान सब्जी का थोक व्यापार करते हैं, जबकि माँ फौजिया खान गृहणी हैं. सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने हमेशा बेटी की पढ़ाई को प्राथमिकता दी और मनताशा ने भी अपनी कड़ी मेहनत से इस विश्वास को सही साबित किया. मनताशा ने बताया कि उन्होंने नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह मुकाम हासिल किया. कई बार परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण रहीं, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और अपने लक्ष्य पर लगातार फोकस बनाए रखा. मनताशा की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि इरादे मजबूत हों तो किसी भी परिस्थिति में सफलता प्राप्त की जा सकती है.

# बिजली चोरी : 59 जगह चेकिंग में 20 पर केस

नवभारत न्यूज

**सागर 18 अप्रैल. स्मार्ट मीटर की सटीक निगरानी और 8 विशेष टीमों की लगातार कार्रवाई के चलते बिजली चोरी करने वालों की हर चाल नाकाम साबित हो रही है.**



शहर संभाग में विद्युत विभाग के सघन अभियान के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 59 स्थानों पर चेकिंग की गई, जिसमें 20 विद्युत चोरी के प्रकरण दर्ज किए गए. छापेमारी के दौरान कई चौंकाने वाले मामले सामने आए चंद्रभान टीकाराम दुबे द्वारा बिजली चोरी न पकड़ी जाय ये सोचकर मीटर में पतला सफेद वायर लगाकर बिजली चोरी की जा रही थी, लेकिन वे विभाग की पैनी नजरों से बच नहीं सके और मौके पर ही पकड़े गए. इसी तरह मोहनलाल चौरसिया, बाबूलाल (शुक्रवारी क्षेत्र) को लूप एवं न्यूट्रल कंट्रोल के जरिए बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया, जो तकनीकी रूप से गंभीर अनियमितता मानी जाती है. जांच में यह भी सामने आया कि कई उपभोक्ता सर्विस लाइन काटकर सीधे बिजली उपयोग कर रहे थे, जबकि कुछ द्वारा मीटर में शंट लगाकर खपत कम दर्शाई जा रही थी. सभी मामलों का खुलासा स्मार्ट मीटर विश्लेषण एवं अधिकारियों की फील्ड जांच से हुआ. दोषियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है.



# पाइपलाइन कार्य से परेशानी

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 18 अप्रैल. बाहुबली नगर कॉलोनी में जल निगम द्वारा बिना योजना के पाइपलाइन डालने का कार्य किया जा रहा है. जगह-जगह सड़क खोदकर छोड़ देने से स्थानीय लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है. खुदाई के बाद गड्ढों में भरे पानी से मच्छरों का प्रकोप भी तेजी से बढ़ रहा है.**

स्थानीय निवासी रिचा जैन ने बताया पिछले 10 दिन से मुख्य गली खोदी पड़ी है, न तो कोई बोर्ड लगा है, न ही मिट्टी डाली गई. बच्चों और बुजुर्गों का घर से निकलना खतरे से खाली नहीं है. स्कूल जाने वाले बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं. वार्ड के सभासद का कहना है कि जल निगम ने काम शुरू करने से पहले न तो नगर पालिका से समन्वय किया और न ही लोगों को सूचना दी,पाइप डालकर गड्ढे खुले छोड़ दिए. पानी भरने से मच्छर इतने हो गए कि शाम को घर के बाहर बैठना मुश्किल है, डेंगू-मलेरिया का खतरा बढ़ गया है. लोगों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार रात में काम कर चला जाता है.

## संदिग्ध हिरासत में लिए

**सागर.** सिंगरौली में हुई बैंक डकैती की घटना के बाद रेलवे स्टेशन पर जीआरपी द्वारा संदिग्ध गतिविधियों के चलते दो युवकों को हिरासत में लिया गया. दोनों युवक स्टेशन परिसर में संदिग्ध अवस्था में घूमते पाए गए थे. जानकारी के अनुसार हिरासत में लिए गए युवकों में एक बिहार का निवासी बताया गया, जबकि दूसरा युवक कटनी एवं उमरिया क्षेत्र से संबंधित बताया गया. जीआरपी के साथ-साथ थाना कैंट, कोतवाली और अन्य पुलिस थानों की टीम भी मौके पर पहुंची और दोनों से गहन पूछताछ की गई. पुलिस द्वारा यह जानने का प्रयास किया गया कि कहीं इन युवकों का सिंगरौली बैंक डकैती कांड से कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संबंध तो नहीं है. दोनों से यात्रा संबंधी जानकारी, पहचान और गतिविधियों को लेकर विस्तृत जानकारी ली गई.

# प्रांतीय सर्व ब्राह्मण समाज सम्मेलन संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 18 अप्रैल. प्रेम प्रसारिणी सनाढ्य महासभाद्वारा प्रांतीय सर्व ब्राह्मण समाज सम्मेलन एवं पत्रिका विमोलन का आयोजन किया गया.**




कार्यक्रम का आयोजन प्रेम प्रसारिणी सनाढ्य सभा के अध्यक्ष राकेश दुबे ने किया. प्रांतीय सर्व ब्राह्मण समाज सम्मेलन, और वार्षिक सामाजिक स्मारिका सनाढ्य ज्योति वर्ष 2026 का विमोचन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया. उक्त कार्यक्रम महाकवि पद्माकर सभागार, मोतीनगर चौराहा में हुआ. मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव, अध्यक्षता पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, विशिष्ट अतिथि विनोद बिहारी गोस्वामी, महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी, महापौर ब्रजबिहारी पटैरिया विधायक देवरी, अरूणोदय चौबे पूर्व विधायक खुरई, श्रीमति साधना स्थापक पूर्व विधायक गाडरवारा, डॉ. मंजू धर्मेन्द्र कटारे उपाध्यक्ष जिला पंचायत दमोह, त्रिलोकीनाथ कटारे, बिनोद तिवारी पूर्व अध्यक्ष नगर निगम, राजकुमार पचौरी, मुकुल पुरोहित, पप्पू तिवारी, भरत तिवारी, दिनकर तिवारी, श्याम सुदंर कटारे, अनिल ढिमोले, रामवतार पाण्डेय जिला अध्यक्ष सर्व ब्राम्हण समाज, शिवशंकर मिश्रा अध्यक्ष सर्व ब्राम्हण समाज, राजेन्द्र जारोलिया, रिशांक तिवारी, आशीष दुबे, अक्षय दुबे ने उद्बोधन दिया. इस अवसर पर समाज गौरव अलंकरण सम्मान से एवं समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया. इसके बाद प्रतिभा सम्मान से छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया गया. संचालन एवं आभार डॉ. श्याम मनोहर सिरोठिया एवं शिवदयाल बडौनिया ने किया.



# बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**रहली 18 अप्रैल.कथित जिहादी गतिविधियों, अवैध कब्जों और धर्मांतरण के षड्यंत्रों के विरोध में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा.**

ज्ञापन के माध्यम से बजरंग दल ने आरोप लगाया कि वर्तमान में एक सोची-समझी रणनीति के तहत देश के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न किया जा रहा है. कार्यकर्ताओं ने प्रमुख रूप से नासिक जैसे व्यावसायिक क्षेत्रों और प्रतिष्ठित संस्थानों में लव जिहाद के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई गई. उप्र के जमालुद्दीन और उसकी सहयोगी नसरीन का उदाहरण देते हुए जबरन धर्मांतरण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की गई. पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि इन गतिविधियों पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई, तो राष्ट्र की एकता खतरे में पड़ सकती है. इस अवसर पर जिला संयोजक आदेश अग्निहोत्री, हर्ष चौरसिया, अमन ठाकुर,अभिषेक पांडेय, मिथलेश पटेल,सचिन राजपूत, राज दुबे सहित कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे.

# किताबों से मित्रता कीजिए क्योंकि विद्यार्थी जीवन स्वर्णकाल है: सुरेश मीणा

नवभारत न्यूज

**सागर 18 अप्रैल. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय मे वार्षिक पुरुस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया.**




जिसमें युवा उत्सव सांस्कृतिक, खेल, एनसीसी एवं एन.एस.एस की विजेता छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए. मुख्य अतिथि सुरेश मीणा उप प्रबंधक ने कहा यह समय आपके भविष्य निर्माण का है, इस समय आप समपर्ण के साथ विद्याध्ययन करें किताबों से मित्रता करे क्योंकि यही जीवन का स्वर्णकाल है. प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने कहा जितना मजा प्रथम द्वितीय स्थान में है अधिक मजा इस तक पहुंचने की यात्रा में है. खेल पुरस्कार डॉ. मोनिका हार्डिकर के निर्देशन में प्रदान किए गए. युवा उत्सव के पुरस्कार डॉ. अंजना चतुर्वेदी, डॉ. अंशु सोनी एवं डॉ. अलका, पुष्पा, निशा, डॉ. अर्चना मिश्रा, डॉ. आकर्षा तिवारी के माध्यम से प्रदान किए गए. संचालन डॉ. स्वीटी मिश्रा ने किया. कार्यक्रम में डॉ. पद्मा आचार्य, डॉ. रश्मि दुबे मौजूद थी.

# महिलाएं स्वस्थ, शिक्षित होती हैं, तब समाज आगे बढ़ता : डॉ साद

नवभारत न्यूज

**सागर 18 अप्रैल. आईएमए सागर शाखा द्वारा महिला सशक्तिकरण और महिला स्वास्थ्य के मुद्दों पर राज्य स्तरीय सम्मेलन का शुभारंभ किया गया.**




आयोजन समिति के अनुसार, सम्मेलन में विभिन्न वैज्ञानिक सत्रों, पैनल चर्चाओं, केस स्टडी प्रस्तुतियों और इंटरैक्टिव वर्कशॉप का आयोजन किया गया है. इन सत्रों में विषय विशेषज्ञ अपने शोध कार्य, नैदानिक अनुभव और चिकित्सा क्षेत्र में नवीनतम प्रगति एवं दृष्टिकोण साझा किया. इससे न केवल चिकित्सकों को अद्यतन ज्ञान प्राप्त हुआ, बल्कि महिला स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी तथा सुलभ बनाने में भी सहायता मिलेगी. आईएमए सागर शाखा ने देश और प्रदेश के कई ख्यातिप्राप्त चिकित्सकों को स्पीकर के रूप में आमंत्रित किया है. इन विशेषज्ञों के बहुमूल्य विचार, व्यावहारिक अनुभव और साक्ष्य-आधारित सिफारिशें सम्मेलन को अत्यधिक समृद्ध बनाया .प्रतिभागी इन सत्रों के माध्यम से महिला स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों, समाधानों और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा कर रहे हैं.

आईएमए सागर के आयोजन अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने सम्मेलन के बारे में बताया के महिला सशक्तिकरण और महिला स्वास्थ्य किसी भी समाज के समग्र विकास की आधारशिला है, जब महिलाएं स्वस्थ, शिक्षित और सशक्त होती हैं, तब पूरा परिवार और पूरा समाज आगे बढ़ता है.

डॉ. तल्हा साद ने आगे बताया कि सम्मेलन में विशेष जोर उन मुद्दों पर दिया जा रहा है जो मध्य प्रदेश की महिलाओं के संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक हैं, जैसे किशोरियों की पोषण स्थिति, गर्भावस्था संबंधी जटिलताएं, स्तन एवं गर्भाशय कैंसर की प्रारंभिक जांच, मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा और कार्यस्थल पर महिलाओं की स्वास्थ्य चुनौतियां. आईएमए सागर शाखा ने सभी चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों, नर्सिंग स्टाफ, सामाजिक कार्यकर्ताओं और संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में सक्रिय रूप से भाग लें और सफल बनाने में योगदान दें.

नव भारत
राष्ट्रीय 1934 से

# 40 एकड़ खेत जलमग्न, फसल बर्बाद



## अफसरों की गलत मॉनीटरिंग के कारण बनी स्थिति
## तवा नहर का ओवरफ्लो बना किसानों की मुसीबत

**नर्मदापुरम, 18 अप्रैल. जिले की माखननगर तहसील के शुक्करवाड़ा कलां क्षेत्र में तवा नहर से ओवरफ्लो पानी छोड़े जाने के कारण करीब 40 एकड़ खेत तालाब में तब्दील हो गए. खेतों में पानी भरने से 10 से अधिक किसानों की मूंग की फसल पूरी तरह खराब हो गई है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है.**

किसानों का आरोप है कि यह स्थिति शुक्रवार रात नहर विभाग के अधिकारियों की लापरवाही और गलत मॉनिटरिंग के कारण बनी. उन्होंने बताया कि रात से ही नहर का पानी ओवरफ्लो होकर खेतों में घुसने लगा था, जिसकी सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों-सब इंजीनियर, एसडीओ और ईई-को दी गई. इसके बावजूद अधिकारियों ने केवल आश्वासन दिया और समय पर पानी बंद नहीं किया गया. किसान अनिल गौर के अनुसार, रात भर अधिकारियों ने कहा कि पानी बंद करवा रहे हैं, लेकिन सुबह तक 30-35 एकड़ खेतों में पानी भर गया, जिससे मूंग की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई. इस जलभराव से पार्वती बाई, संतोष, शिशुपाल, दरयाव सिंह, सरस्वती, शैलेंद्र गौर, जुगल किशोर गौर, विष्णु, ऋषि, चुनटी लाल, रविंद्र, अनिल गौर, रामकुमार, विजय शंकर गौर और अनिल कुमार सहित कई किसानों के खेत प्रभावित हुए हैं. किसानों ने यह भी बताया कि पिछले साल भी तवा नहर से ओवरफ्लो पानी छोड़े जाने के कारण गेहूं की फसल खराब हुई थी, लेकिन तब भी विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की थी. वर्तमान में किसानों की शिकायत के बाद नहर विभाग के अधिकारी केवल पानी का फ्लो कम करने की बात कह रहे हैं. किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही पानी पूरी तरह बंद नहीं किया गया.



**रात भर मिला आश्वासन**

किसान ने बताया कि शुक्रवार को रात से ही नहर में पानी ओवरफ्लो होकर खेतों में भरने लगा था, जिसकी जानकारी सब इंजीनियर, एसडीओ और ईई को दी, लेकिन सभी ने आश्वासन दिया कि पानी बंद करवा रहे है, लेकिन सुबह तक 30-35 एकड़ क्षेत्र के खेतों में पानी भरा गया, जिससे मूंग फसल खराब हो गई.

# मैहर में 8वीं की छात्रा से गैंगरेप

- दो बदमाशों ने स्कूल के बाहर से किया था किडनैप
- छात्रा को रात भर बंधक बनाकर रखा

**मैहर, 18 अप्रैल. मैहर से गैंगरेप का एक दिलदहला देने वाला मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि दो बदमाशों ने एक बच्ची को स्कूल के बाहर से किडनैप किया और रात भर उसे बंधक बनाकर रखा. रात में बच्ची को शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया. पुलिस ने सर्च ऑपरेशन के दौरान एक सूने मकान से बच्ची को बरामद किया.**

मामला अमरदा थाना क्षेत्र का है. पीड़िता 8वीं क्लास में पढ़ती है. वह सुबह स्कूल गई थी, उसके घर और स्कूल के बीच की दूरी मात्र 100 मीटर है. शाम 5 बजे स्कूल की छुट्टी होती है. जब बच्ची घर नहीं पहुंची तो परिजन चिंतित हुए और पुलिस को सूचना दी. पुलिस टीम को शक हुआ तो घर में दबिश दी गई. इस दौरान पुलिस टीम को बच्ची संदिग्ध परिस्थिति में मिली. पीड़िता ने पुलिस को पूरी बात बताई. पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ पोक्सो और गैंगरेप की धाराएं जोड़ी हैं. बच्ची को मेडिकल जांच और काउंसलिंग के लिए भेजा गया है.

पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. एक का नाम सनी कोहली है और दूसरे का नाम दीपक बसोर है. दोनों झुकेही के रहने वाले हैं. आपरधिक रिकॉर्ड खंगाले जाने पर पता चला है कि दीपक कटनी का निगरानीशुदा बदमाश है, उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं. दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है. इस घटना में कोई और आरोपी शामिल है या नहीं यह भी जांच का विषय है. पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द चार्जशीट दायर कर आरोपियों को सजा दिलवाई जाएगी.

**बस्ती में पुलिस का सर्च ऑपरेशन**

पुलिस ने सूचना मिलते ही अपहरण और गुमशुदगी की शिकायत दर्ज की. तत्काल सर्च ऑपरेशन शुरू किया. शनिवार सुबह भी बच्ची को ढूंढने की कोशिश जारी रही. इलाके के एक-एक घर की तलाशी ली गई. बस्ती में सर्च के दौरान एक बंद घर में पुलिस को कुछ अजीब सी आवाज सुनाई दी.

# युवती से 10 तोला सोना लूट कर फरार हुए बदमाश

- पीड़िता बीएसएफ जवान की बेटी
- सीसीटीवी में एक्टिवा सवार लुटेरे कैद

**ग्वालियर, 18 अप्रैल. दोपहर गर्मी बढ़ते ही सड़को पर चहल पहल कम हो जाती है इसी का फायदा लेते हुए इन दिनों लुटेरे सक्रिय हो जाते है आज बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में बदमाशों ने दिनदहाड़े लूट की वारदत को अंजाम दिया। एटीएम तिराहे के पास बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने एक युवती से सोने से भरा बैग छीन कर फरार हो गए।पीड़िता की पहचान शेजू सिकरवार के रूप में हुई है।**



पीड़िता का कहना है कि में शनिवार दोपहर करीब 1 बजे बहोड़ापुर तिराहे स्थित केप्री लोन्स बैंक से सोना लेकर आईआईएफएल फाइनेंस कंपनी में लोन के लिए जमा कराने जा रही थीं। इसी दौरान दो बदमाशों ने मुझसे करीब 10 तोला सोने के जेवरों से भरा बैग छीन लिया। लूटे गए गहनों की कीमत करीब 15 लाख रुपए बताई जा रही है। ये जेवर शेजू सिकरवार और उनकी मां प्रिया सिकरवार के थे।

वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए, लेकिन ये घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई । शेजू के पिता अरविंद्र सिंह सिकरवार बीएसएफ में पदस्थ हैं और वर्तमान में बंगाल में तैनात हैं। पीड़ित परिवार पुरानी छावनी क्षेत्र का निवासी है। सूचना मिलते ही बहोड़ापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।बहोड़ापुर थाना की एसआई संजू दुबे ने बताया कि युवती एक बैंक से सोना निकालकर दूसरे बैंक में गिरवी रखने जा रही थी, तभी एक्टिवा सवार दो बदमाशों ने बैग छीन लिया। लूटे गए सोने का वजन करीब 10 से 11 तोला बताया जा रहा है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी है और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया है।

# 138 किलो गांजा सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**भिण्ड, 18 अप्रैल. देहात थाना पुलिस एवं साइबर सेल ने प्रज्ञा नगर कुम्हरौआ भिंड से 28 लाख कीमत का 138 किलो गांजा बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है.**



मुखबिर से प्रज्ञा नगर कुम्हरौआ भिंड में दो तस्करों को गांजा सप्लाई करने के संबंध में सूचना मिली. उक्त सूचना के आधार पर पुलिस फोर्स ने घेराबंदी कर दबिश देकर दो आरोपियों को गांजे से भरे चार बोरा सहित पकड़ा है. आरोपियों से चारों बोरियों में रखे एक-एक किलो के कुल 138 पैकेट वजन 138 किलो कीमत 28 लाख रुपए के जब्त कर थाना देहात में एनडीपीएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है. उक्त अपराध के संबंध में गिरफ्तार आरोपियों से बारीकी से पूछताछ की गई, तो उनके द्वारा अपने तीन अन्य साथियों के साथ गांजा तस्करी करना बताया गया. अन्य साथियों के बारे में जानकारी प्राप्त की जा रही है तथा आरोपियों से गांजा लाने के स्त्रोतों को ज्ञात किया जा रहा है.

# जले ट्रक की आड़ में कपास चोरी का पर्दाफाश

**बैतूल, 18 अप्रैल. मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में ट्रक में आग लगने की झूठी कहानी रचकर कपास के बंडल हड़पने के मामले का पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इस कार्रवाई में तीन वाहन जब्त किए गए हैं और करीब 60 लाख रुपये कीमत के 140 कपास बंडल बरामद किए गए हैं.**



पुलिस सूत्रों के अनुसार फरियादी अजय चिखलकर, निवासी मलकापुर जिला बुलढाना (महाराष्ट्र) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 13 अप्रैल को ट्रक में लगभग 150 कपास गांठ पश्चिम बंगाल के बनगांव के लिए भेजी गई थीं. 15 अप्रैल को सूचना मिली कि ट्रक छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा के पास जल गया है. मौके पर पहुंचने पर ट्रक जली हालत में मिला, लेकिन अपेक्षित मात्रा में कपास की राख नहीं मिलने से संदेह हुआ, वहीं चालक और हेल्पर भी गायब थे. बाद में सूचना मिली कि कपास का माल अन्य वाहनों में स्थानांतरित किया जा रहा है. इस पर 17 अप्रैल को बैतूल-खंडवा मार्ग स्थित लेडदा घाट क्षेत्र में जांच के दौरान एक ट्रक पलटा हुआ मिला और दो आयशर वाहनों में कपास बंडल लोड किए जा रहे थे. फरियादी ने मार्किंग के आधार पर माल की पहचान की और पुलिस को सूचना दी. थाना मोहदा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दो आयशर वाहन तथा एक ट्रक जब्त कर लिया. साथ ही 140 कपास बंडल बरामद किए गए. पुलिस ने इस मामले में साबिर खान, आसिफ खान निवासी खंडवा तथा आमिर खान निवासी अंजड जिला बड़वानी को गिरफ्तार किया है.

# शक्ति पीताम्बरा पीठ में किए दर्शन

## पंडोखर महोत्सव में मंत्री सारंग हुए शामिल



**दतिया, 18 अप्रैल.** प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग सड़क मार्ग से दतिया पहुंचे. इस दौरान वे धार्मिक स्थल के दर्शन कर पंडोखर धाम महोत्सव में शामिल हुए. दतिया पहुंचने के बाद मंत्री सीधे विश्व प्रसिद्ध शक्ति पीताम्बरा पीठ पहुंचे. यहां उन्होंने मां बगुलामुखी के विशेष दर्शन किए और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की.

**जाम से बढ़ी परेशानी**

कार्यक्रम समाप्त होने के बाद धाम के मुख्य मार्ग पर भारी जाम लग गया. भीड़ अधिक होने और वीआईपी मूवमेंट के चलते यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई, जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई. जाम हटाने के दौरान पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच तीखी बहस और नोकझोंक की स्थिति बन गई. प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस पर लाठीचार्ज के आरोप लगाए, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया. भांडेर एसडीओपी पीसी यादव ने बताया कि भीड़ और वीआईपी मूवमेंट के कारण यातायात सुचारू करने के लिए बल प्रयोग किया गया.

### तेज रफ्तार टैंकर ट्रक में घुसा केबिन में फंसा चालक

**ग्वालियर.** तेज रफ्तार में दौड़ रहे एक टैंकर चालक ने बिना कोई सिग्नल दिए अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे पीछे चल रहा ट्रक उसमें घुसकर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसका चालक केबिन में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि दुर्घटना के बाद आरोपी टैंकर चालक मौका पाकर भाग निकला। हादसा पुरानी छावनी इलाके में हुआ।जिसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने ट्रक के केबिन की बॉडी काटकर उसमें फंसे चालक को निकलवाकर हॉस्पिटल पहुंचाया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आंध्र प्रदेश से केला लेकर जम्मू जा रहा ट्रक क्रमांक जेके 22 डी 5030 बीती रात सुसैरा कोठी हाईवे पर पहुंचा था.

# बेटे ने की पिता की पीट-पीटकर हत्या

**सीहोर, 18 अप्रैल. गंज क्षेत्र के कोली मोहल्ले में शुक्रवार रात बेटे ने पिता की पीट-पीटकर हत्या कर दी. सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है. सोनू शाक्य का अपने पिता सुभाष शाक्य से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था.**

यह विवाद इतना बढ़ गया कि सोनू शाक्य ने अपने पिता पर हमला कर दिया और उनकी जमकर पिटाई की. इस हमले में सुभाष गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें परिजन और आसपास के लोगों की मदद से तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया. वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया. इस घटना के बाद परिवार में मातम छा गया. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बेटे सोनू को हिरासत में ले लिया. फिलहाल आरोपी से थाने में पूछताछ की जा रही है. फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि विवाद किस कारण से शुरू हुआ था. पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और आसपास के लोगों के बयान भी लिए जा रहे हैं, जिससे सच्चाई सामने आ सके.

मृतक की पत्नीने बताया कि उनका बेटा लंबे समय से परिवार को परेशान कर रहा था. उन्होंने कहा कि वह करीब 10 साल से घर में विवाद करता आ रहा है और अक्सर झगड़ा करता रहता था. उनका बेटा छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा करता था और हमेशा लड़ाई के लिए तैयार रहता था.

**मैहर तालाब में डूबने से दो बच्चियों की मौत**

**मैहर.** मध्यप्रदेश के मैहर जिले में तालाब में नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबने से दो मासूम बच्चियों की मृत्यु हो गई. पुलिस सूत्रों के अनुसार शनिवार सुबह पटेहरा गांव स्थित तालाब में नहाने गईं दो बच्चियां अचानक गहरे पानी में चली गईं, जिससे दोनों की मौके पर ही डूबने से मौत हो गई. मृतकों की पहचान शालू चौधरी (10) और पूनम चौधरी (16) निवासी पटेहरा गांव के रूप में की गई है.

### अवैध चांदी गलाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

**आगर-मालवा, 18 अप्रैल (वार्ता)** मध्यप्रदेश के आगरमालवा जिला मुख्यालय के खिरनी तकिया क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित चांदी गलाने की फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है. मौके से करीब 1500 लीटर रसायन जब्त कर फैक्ट्री को सील कर दिया गया. पुलिस सूत्रों के अनुसार क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से केमिकल गैस की तेज दुर्गंध फैलने की शिकायत मिल रही थी. स्थानीय लोगों की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की, जिसमें एक मकान के भीतर अवैध रूप से चांदी गलाने और रिफाइनिंग का कार्य संचालित होना सामने आया.

**आवेदन** | हाईकोर्ट ने दिए ईएसबी को आवेदन स्वीकार करने के निर्देश

# नर्सिंग ऑफिसर भर्ती में जीव विज्ञान की अनिवार्यता को चुनौती

**जबलपुर, 18 अप्रैल. मध्य प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग ऑफिसर के पदों पर भर्ती के लिए जीव विज्ञान की अनिवार्यता को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी. हाईकोर्ट जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए कर्मचारी चयन मंडल को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है. एकलपीठ ने कर्मचारी चयन मंडल को निर्देशित किया है कि सभी अभ्यर्थियों के आवेदन को स्वीकार किया जाए.**



जबलपुर निवासी ज्योति साहू सहित अन्य की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि मध्य प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग ऑफिसर के पदों पर भर्ती के लिए कर्मचारी चयन मंडल ने विज्ञापन जारी किया था. विज्ञापन में निर्धारित शर्तें मध्य प्रदेश चिकित्सा शिक्षा (अराजपत्रित) सेवा भर्ती एवं पदोन्नति नियम, 2023 के विपरीत हैं. नियमानुसार जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) को नर्सिंग ऑफिसर पद के लिए एक स्वतंत्र और पर्याप्त योग्यता माना गया है. विज्ञापन में जीएनएम पास उम्मीदवारों के लिए पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग की अतिरिक्त शर्त जो दी गई है, उसके अनुसार मूल भर्ती नियमों में कहीं भी वर्णित नहीं है. याचिकाकर्ताओं की तरफ से तर्क दिया गया कि विज्ञापन की कंडिका 8 (क) के तहत 102 स्तर पर भौतिकी, रसायन और जीव विज्ञान को अनिवार्य कर दिया गया है. याचिकाकर्ताओं का कहना है कि जब उन्होंने जीएनएम कोर्स में प्रवेश लिया था. , तब जीव विज्ञान की ऐसी कोई अनिवार्यता नहीं थी.

उम्मीदवारों को बिना जीव विज्ञान के जीएनएम कोर्स करने की अनुमति देने के बाद, भर्ती के समय अचानक ऐसी शर्त लगाना कानून गलत है. देश के अन्य राज्यों में जीएनएम योग्यताधारी उम्मीदवारों के लिए भर्ती के समय 12वीं में जीव विज्ञान की अनिवार्य की शर्त नहीं है, जिसके कारण उक्त शर्त तर्क हीन और भेदभावपूर्ण है. एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए उक्त आदेश जारी किए. याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता विशाल बघेल ने पैरवी की.

**मास्टर प्लान के ड्राफ्ट का नहीं किया प्रकाशन**

**जबलपुर.** मास्टर प्लान के ड्राफ्ट का प्रशासन नहीं किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी. याचिका में कहा गया था कि नगर तथा ग्राम निवेश डायरेक्टर द्वारा मास्टर प्लान ड्राफ्ट 31 जनवरी 2026 को भेजा जा चुका है. इसके बावजूद भी अभी तक उसका प्रकाशन नहीं किया गया. हाईकोर्ट जस्टिस एन एल भट्ट की एकलपीठ ने याचिका का निराकरण करते हुए अपने आदेश में कहा है कि आठ सप्ताह में याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन का निराकरण किया जाए.

### अधजला शव मिलने से सनसनी

**आगर-मालवा, 18 अप्रैल (वार्ता) मध्यप्रदेश के आगर-मालवा जिले के नलखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंतरालिया में एक महिला का अधजला शव उसके घर के कमरे में मिलने से सनसनी फैल गई. मामला संदिग्ध होने पर पुलिस ने घर को सील कर जांच शुरू कर दी है.**

पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतका की पहचान रामकला बाई (33) पत्नी रतनलाल गिरी निवासी ग्राम अंतरालिया के रूप में हुई है. घटना शुक्रवार देर शाम की बताई जा रही है, जिसकी जानकारी शनिवार को सामने आई. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया.

# रिश्वत लेते क्लर्क गिरफ्तार

- निलंबित एआरआई से बहाली के नाम पर मांगे थे 60 हजार
- 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी. लोकायुक्त टीम ने नगर पालिका में पदस्थ स्थापना बाबू भगवान लाल करोलिया को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. बहाली के नाम पर मांगी गई रिश्वत की शिकायत नगर पालिका के निलंबित एआरआई हरिभल्लभ चंदौरिया ने लोकायुक्त ग्वालियर में दर्ज कराई थी, जिसके बाद टीम ने ट्रैप कार्रवाई की.**

शिकायतकर्ता हरिभल्लभ ने बताया कि वह नगर पालिका शिवपुरी में एआरआई के पद पर पदस्थ थे. 14 नवंबर 2025 को सीएमओ इशांक धाकड़ ने बिना नोटिस दिए उन्हें निलंबित कर दिया था. निलंबन के बाद तीन महीने तक बहाली के नाम पर नगर पालिका के अलग-अलग बाबुओं द्वारा उनसे रिश्वत मांगी जाती रही. इस संबंध में उन्होंने संचालनालय में भी शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई और उल्टा उनके खिलाफ आरोप पत्र जारी कर दिए गए.चंदौरिया के अनुसार गुरुवार को स्थापना बाबू भगवान लाल करोलिया ने सीएमओ के नाम पर 60 हजार रुपए की मांग की थी, उसी दिन 20 हजार रुपए देकर बात तय की गई और इसकी शिकायत लोकायुक्त में दर्ज करा दी गई.

# होर्मुज में टोल-निजीकरण मंजूर नहीं

## ऑस्ट्रेलियाई पीएम का बड़ा बयान, 49 देशों की बैठक में दिया संदेश

- स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पूरी तरह खुला रखने की मांग
- देशों ने ऊर्जा आपूर्ति को लेकर एकजुटता दिखाई



**नई दिल्ली/कैनबरा, 18 अप्रैल. 49 देशों की वर्चुअल बैठक में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ ने होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर सख्त रुख अपनाया है.**

उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह रणनीतिक समुद्री मार्ग पूरी तरह खुला रहना चाहिए और इस पर किसी भी तरह का टोल या निजीकरण स्वीकार नहीं किया जाएगा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच यह बयान वैश्विक चिंता को और बढ़ा रहा है. बैठक में शामिल देशों ने भी समुद्री सुरक्षा और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर एकजुटता दिखाई. अल्बनीज ने चेतावनी दी कि अगर स्थिति लंबी चली, पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा. पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता गहराती जा रही है.

### होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह खुला रखा जाना चाहिए

इसी बीच 49 देशों की एक वर्चुअल बैठक में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ ने इस रणनीतिक समुद्री मार्ग पर सख्त बयान दिया है। प्रधानमंत्री अल्बनीज़ ने स्पष्ट कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह खुला रखा जाना चाहिए और इस पर किसी भी प्रकार का टोल या निजीकरण स्वीकार नहीं किया जा सकता. उनका कहना था कि यह समुद्री मार्ग वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इसे किसी भी तरह की बाधा से मुक्त रखना जरूरी है. यह बैठक फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर की मेजबानी में आयोजित की गई थी, जिसमें 49 देशों ने हिस्सा लिया। सभी देशों ने मिलकर समुद्री सुरक्षा, ऊर्जा आपूर्ति और क्षेत्रीय स्थिरता पर जोर दिया।अल्बनीज़ ने चेतावनी दी कि यदि यह तनाव लंबा चलता है, तो इसका सीधा असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और तेल बाजार पर पड़ेगा. कई देशों में ईंधन की कीमतें बढ़ सकती हैं और सप्लाई चेन प्रभावित हो सकती है. ऑस्ट्रेलिया ने घरेलू स्तर पर भी ऊर्जा संकट को देखते हुए कदम उठाने शुरू कर दिए हैं. सरकार ने पेट्रोल में सल्फर की सीमा को अस्थायी रूप से बढ़ाया है ताकि सप्लाई बनी रहे. इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया एशिया के अन्य देशों से अतिरिक्त ईंधन आयात की कोशिश कर रहा है.

## झारखंड में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

**रांची, 18 अप्रैल.** झारखंड सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था में व्यापक बदलाव करते हुए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 46 अधिकारियों का तबादला कर दिया है। कई वरिष्ठ अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, जबकि कई जोनल आईजी और जिलों के एसपी बदले गए हैं.

अधिसूचना के अनुसार, सीआईडी एडीजी मनोज कौशिक को उनके मौजूदा दायित्व के साथ एडीजी मुख्यालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है.

वहीं पंकज कंबोज को आईजी मानवाधिकार का अतिरिक्त जिम्मा सौंपा गया है। अधिकारिक सूत्रों ने आज यहां बताया कि इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है.

# बांदा एशिया का सबसे गर्म शहर

## 45 .4 पर पहुंचा पारा, महाराष्ट्र में लू से बचाव की तैयारी



**नई दिल्ली/लखनऊ/भोपाल, 18 अप्रैल. उत्तर प्रदेश के बांदा में शुक्रवार को पारा 45.4°C तक पहुंच गया, जिससे यह एशिया का सबसे गर्म शहर बन गया. देश के कई हिस्सों में लू और भीषण गर्मी का दौर जारी है.**

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र में कई जिलों में स्कूलों का समय बदला गया और कुछ स्कूल बंद रखे गए। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में भी लू और गर्मी बढ़ने की चेतावनी जारी की है। जनता से सावधानी बरतने, दोपहर के समय बाहर न निकलने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी गई है।यूपी के 16 जिलों में तापमान 40एष्ट से ऊपर दर्ज किया गया। प्रयागराज और वाराणसी सहित 50 से अधिक शहरों में भीषण गर्मी का असर देखा गया। मध्य प्रदेश के 13 जिलों और छत्तीसगढ़ के कई जिलों में स्कूलों का समय बदल दिया गया है। ओडिशा में बोलांगीर, सुबर्णपुर और कालाहांडी जिलों में 21 अप्रैल तक सभी स्कूल और कॉलेज बंद रहेंगे। मौसम विभाग ने नागरिकों से सावधानी बरतने को कहा है। दोपहर के समय बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त पानी पीएं.

# नोएडा हिंसा का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

## 1 लाख रुपए का इनामी आरोपी आदित्य आनंद पुलिस के हत्थे चढ़ा



**नई दिल्ली/नोएडा, 18 अप्रैल. नोएडा में श्रमिक आंदोलन के दौरान हुई हिंसक घटनाओं के मुख्य साजिशकर्ता और एक लाख रुपये के इनामी आरोपी आदित्य आनंद को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है.**

पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर और उत्तर प्रदेश एसटीएफ की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई तमिलनाडु के तिरुचापल्ली रेलवे स्टेशन पर की, जहां आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आदित्य आनंद पर आरोप है कि उसने श्रमिकों के धरना-प्रदर्शन के दौरान भड़काऊ गतिविधियों को बढ़ावा दिया और हिंसा को संगठित करने में मुख्य भूमिका निभाई। जांच में उसे इस पूरे घटनाक्रम का मास्टरमाइंड पाया गया था, जिसके बाद थाना फेज-2 में उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद से ही वह लगातार फरार था और गिरफ्तारी से बचने के लिए अलग-अलग राज्यों में अपनी लोकेशन बदलता रहा।उसकी गिरफ्तारी के लिए न्यायालय ने गैर-जमानती वारंट जारी किया था। इसके बाद पुलिस और एसटीएफ की कई टीमें देश के अलग-अलग हिस्सों में उसकी तलाश में जुटी हुई थीं। तकनीकी सर्विलांस, मोबाइल लोकेशन ट्रैकिंग और खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस को पता चला कि वह दक्षिण भारत में छिपा हुआ है.

## आज का इतिहास

1451-बहलोल लोदी ने दिल्ली पर कब्जा किया.
1770-कैप्टन जेम्स कुक आस्ट्रेलिया पहुंचने वाले पहले पश्चिमी व्यक्ति बने.
1775- अमेरिकी क्रांति की शुरुआत.
1882- कलकत्ता में पहले प्रसूति अस्पताल की शुरुआत.
1910- हेली पुच्छल तारे को पहली बार सामान्य रूप से देखा गया.
1919- अमेरिका के लेस्ली इरविन ने पैराशूट से पहली बार छलांग लगाई.
1936- फिलिस्तीन में यहूदी विरोधी दंगे शुरू हुए.

# तमिलनाडु में वैन दुर्घटना में 9 लोगों की मौत

- वैन अनियंत्रित होकर 800 फीट गहरी खाई में गिरी



**चेन्नई, 18 अप्रैल. तमिलनाडु में कोयंबटूर जिले में पोल्लाची के पास शुक्रवार की शाम केरल के पर्यटकों को ले जा रही वैन के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से नौ लोगों की मौत हो गई.**

पुलिस सूत्रों के मुताबिक केरल के मलप्पुरम जिले के पेरिंथलमन्ना से कुल 13 पर्यटक पोल्लाची के पास स्थित पर्यटन स्थल वालपराई के ठंडे मौसम का आनंद लेने के लिए यात्रा पर निकले थे. वे जब अपनी टेम्पो ट्रैवलर वैन से लौट रहे थे, तो वालपराई-पोल्लाची घाट सड़क पर एक तीखे मोड़ (हेयरपिन बेंड) से गुजरते समय वैन अनियंत्रित हो गई और चट्टानी इलाके में 800 फीट गहरी खाई में गिर गई. दुर्घटना में 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया.शनिवार को एक और व्यक्ति की मौत हो गई.जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई।अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दुर्घटना में पर्यटकों की मौत पर शोक व्यक्त किया और अधिकारियों से प्रभावित परिवारों को तत्काल मुआवजा और सहायता सुनिश्चित करने का आग्रह किया.

## फडनवीस ने आपराधिक जांच की समीक्षा की



**मुंबई.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने शनिवार को गृह विभाग की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक बुलाते हुए नासिक धर्मांतरण मामले सहित कई संवेदनशील जांचों की प्रगति का आकलन किया। बैठक में पुलिस महानिदेशक, अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह), विशेष जांच दल (एसआईटी) प्रमुख और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने जांच को मजबूत करने जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कई निर्देश जारी किए.

# सुरक्षित भविष्य के लिए आज ही करें स्मार्ट प्लानिंग

25 YEARS Protecting Lives, Securing Future | SBI Life
Apne liye. Apno ke liye.

- एसबीआई लाइफ-रिटायर स्मार्ट प्लस के साथ

**नई दिल्ली, 18 अप्रैल. आज की तेजी से बदलती दुनिया में लोगों की इच्छाएँ सिर्फ नौकरी तक सीमित नहीं रह गई हैं.**

कई लोगों के लिए रिटायरमेंट एक नए जीवन की शुरुआत होती है, जिसमें अपने शौक पूरे करने का मौका, परिवार के साथ समय बिताने का अवसर, घूमने-फिरने की आज़ादी या बस आर्थिक रूप से स्वतंत्र जीवन जीने का आनंद शामिल होता है. लेकिन, इस आज़ादी को हासिल करने के लिए सही योजना बनाना जरूरी है। बढ़ती उम्र और बदलती जीवनशैली को देखते हुए, रिटायरमेंट की प्लानिंग समय रहते करना लंबी अवधि की वित्तीय सुरक्षा के लिए बेहद आवश्यक हो गया है. आर्थिक स्वतंत्रता के लिए जरूरी है कि आप भविष्य की जरूरतों को समझें, पहले से योजना बनाएँ और आज सही फैसले लें. एसबीआई लाइफ-रिटायर स्मार्ट प्लस जैसे एक अच्छी तरह से तैयार इंश्योरेंस प्लान के जरिए आप नियमित आय का भरोसेमंद स्रोत बना सकते हैं.

# यूपी में 20 आलू खरीद को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने दी मंजूरी



- किसानों को औने-पौने दाम से राहत

**नई दिल्ली, 18 अप्रैल. केंद्र सरकार ने किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण और राहतभरा निर्णय लेते हुए उत्तर प्रदेश में आलू की खरीद, आंध्र प्रदेश में चना खरीद तथा कर्नाटक में तूर (अरहर) खरीद अवधि विस्तार को मंजूरी दी है.**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लिए गए इन निर्णयों से किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने, संकटपूर्ण बिक्री से बचाने और कृषि बाजार में स्थिरता बनाए रखने में मदद मिलेगी.

# टैक्नोलॉजी मददगार, जज की जगह नहीं ले सकती : सीजेआई

**बेंगलुरु, 18 अप्रैल.** मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने शनिवार को बेंगलुरु में आयोजित 'रीइमैजिनिंग द ज्यूडिशियरी इन द एरा ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' सम्मेलन में कहा कि न्यायपालिका में एआई का इस्तेमाल आवश्यक है, लेकिन इससे डरने की कोई वजह नहीं है. उन्होंने जोर देकर कहा एआई केवल मददगार उपकरण हो सकता है, जज की जगह नहीं ले सकता। सीजेआई ने कहा कि तकनीक का उपयोग संतुलित तरीके से होना चाहिए। एआई जटिल मामलों में काम को तेज और आसान बना सकता है, लेकिन फैसले हमेशा इंसानी सोच, अनुभव और संवैधानिक समझ पर आधारित होने चाहिए. उन्होंने न्यायिक अधिकारियों से कहा कि वे से प्रभावित न हों और स्वतंत्र सोच बनाए रखें।सूर्यकांत ने एआई के गलत इस्तेमाल की चेतावनी भी दी। उन्होंने बताया कि हाल के समय में एआई प्लेटफॉर्म्स से गलत फैसलों और फर्जी कानूनी संदर्भ सामने आए हैं, जो न्याय व्यवस्था की बुनियाद को प्रभावित कर सकते हैं.

# बांग्लादेशी घुसपैठ पर रोक के लिए भाजपा जरूरी

- टीएमसी के जंगलराज से मुक्ति चाहती है पश्चिम बंगाल की जनता
- बंगाल की प्रगति के लिए भाजपा सरकार जरूरी है
- सीएम डॉ. यादव ने बंगाल में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में किया रोड-शो

प्रशासनिक संवाददाता



**भोपाल, 18 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता नार्थ सबअर्बन जिले के कमरहाटी एवं मेदनीपुर जिले के खड़गपुर सदर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में घर-घर संपर्क एवं रोड शो कर जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की प्रगति और बांग्लादेशी घुसपैठ पर रोक के लिए भाजपा जरूरी है.**

पश्चिम बंगाल की जनता तृणमूल कांग्रेस के जंगलराज से मुक्ति चाहती है. पश्चिम बंगाल की प्रगति के लिए राज्य में भाजपा की सरकार जरूरी है. बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के बाद जनकल्याण के कार्य तेज होंगे. मुख्यमंत्री ने कमरहाटी में भाजपा प्रत्याशी अरुप चौधरी एवं खड़गपुर सदर विधानसभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रत्याशी दिलीप घोष के समर्थन में विभिन्न नगरों, बस्तियों एवं कॉलोनियों का पैदल भ्रमण कर जनता से भाजपा प्रत्याशियों को अपना आशीर्वाद प्रदान कर प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने की अपील की है.

**पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हालात जंगलराज जैसे हो गए हैं. पश्चिम बंगाल की जनता 'जंगलराज' से मुक्ति चाहती है. लोगों की इच्छा है कि विकास हो और राज्य में स्थिर एवं मजबूत सरकार बने. आने वाले समय में बंगाल की जनता प्रचंड बहुमत से भाजपा को सत्ता में लाएगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में राज्य में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी. बंगाल की जनता परेशान है, विकास अवरुद्ध है. ऐसे में प्रगति के लिए भाजपा को चुनना जरूरी है. बांग्लादेशी घुसपैठ को रोकने के लिए भाजपा को जिताना है.

### मतदान केंद्र के चारों ओर 100 मीटर की घेराबंदी होगी

**कोलकाता.** चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल में हर मतदान केंद्र के चारों ओर 100 मीटर की घेराबंदी करने जा रहा है ताकि वहां सिर्फ मतदाता ही जा सकें।आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।पिछले चुनावों से अलग मतदान केंद्र स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) और दूसरे मतदान अधिकारी इस तय घेरे के बाहर तैनात रहेंगे ताकि वे अपने काम कर सकें, जिसमें मतदाता के पहचान पत्रों की जांच करना भी शामिल है। इस घेरे के अंदर जांच का एक और स्तर लागू किया जाएगा.

### बंगाल में हो डबल इंजन सरकार तभी होगा विकास : भजनलाल



**कोलकाता.** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन का दावा करते हुए शनिवार को कहा कि राज्य की स्थिति किसी से छुपी हुई नहीं है और यहां भी डबल इंजन सरकार हो तो विकास तीव्र गति से होगा।श्री शर्मा पश्चिम बंगाल दौरे के दूसरे दिन कोलकाता में आयोजित राजस्थान प्रवासी सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने कहा, फ्रइस बार पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन होना सुनिश्चित है। हम सभी को मिलकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को विजयी बनाना है। पश्चिम बंगाल की स्थिति किसी से छुपी हुई नहीं है। अगर यहां भी राजस्थान जैसा विकास चाहते हैं तो भाजपा को ज्यादा से ज्यादा वोट दिलाने के लिए जुट जाएं ताकि राज्य में भी डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में तीव्र विकास हो सके।उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि स्वाभिमान और देशभक्ति हर राजस्थानी के मन में समाहित है। वे देश-दुनिया में कहीं भी चले जाएं सामाजिक सरोकारों से अपना स्थान बना ही लेते हैं। उन्होंने अपनी कर्मभूमि और जन्मभूमि दोनों से गहरा जु?ाव बनाए रखा है। वे दुनिया के हर हिस्से में अपनी मेहनत, संघर्ष और सफलता से राजस्थान गौरव ब?ा रहे हैं।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा राजस्थान फाउंडेशन के माध्यम से प्रवासी राजस्थानियों के जु?ाव को और मजबूत किया जा रहा है। वर्तमान में राजस्थान फाउंडेशन के 40 चैप्टर्स संचालित हैं।मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम से पहले कालीघाट मंदिर और गोविंदम इस्कॉन मंदिर के दर्शन किए। उन्होंने कालीघाट मंदिर में विधि-विधान से मां काली की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और समस्त प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री कोलकाता के बेलीगंज स्थित गोविंदम इस्कॉन मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना की।इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ चाय पर चर्चा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में हर क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं.

### राहुल गांधी की पहली चुनावी रैली



**पोन्नेरी, तमिलनाडु.** शनिवार को तमिलनाडु के पोन्नेरी में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित किया। रैली में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे राहुल के भाषण को उत्साह के साथ सुना। राहुल गांधी ने कहा कि तमिल भाषा और संस्कृति कोई साधारण चीज नहीं हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि तमिल भाषा को नुकसान पहुंचाने की किसी भी साजिश को वे कभी सफल नहीं होने देंगे .राहुल गांधी ने बीजेपी पर आरोप लगाया कि वह पुराने जमाने की सेनाओं की तरह तमिल इतिहास और संस्कृति को मिटाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी तमिल संस्कृति को तोड़-मरोड़कर पेश करना चाहती है, लेकिन कांग्रेस इसे रोकने के लिए पूरी तरह तैयार है। राहुल गांधी ने जनता से आह्वान किया कि वे तमिल भाषा और विरासत की सुरक्षा के लिए साथ आएं।रैली में राहुल ने यह भी कहा कि तमिलनाडु के विकास और सामाजिक न्याय के लिए उनकी पार्टी कई योजनाएं लेकर आई है। उन्होंने शिक्षा, रोजगार और स्थानीय उद्योग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। राहुल का यह संदेश साफ था कि तमिल भाषा, संस्कृति और इतिहास को कोई भी ताकत प्रभावित नहीं कर सकती.

# कांग्रेस पर लगा महिला विरोधी होने का दाग



**नई दिल्ली, 18 अप्रैल. संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा है कि शनिवार को समाप्त बजट सत्र ऐतिहासिक रहा है लेकिन इस सत्र में कांग्रेस तथा उसके सहयोगी दलों पर महिला विरोधी होने का जो दाग लगा है.**

रिजिजू ने आज यहां संसद भवन परिसर में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संसद के बजट सत्र की 16 अप्रैल से शुरु हुई तीन दिन की विस्तारित बैठक में नारी वंदन अधिनियम लाया गया लेकिन दो दिन चली चर्चा के बाद कांग्रेस तथा इंडिया गठबंधन के अन्य दलों के महिला विरोधी होने के कारण इसे पारित नहीं किया जा सका. उन्होंने इस विधेयक का विरोध करने के लिए विपक्षी दलों पर तीखा हमला किया और कहा कि कांग्रेस के साथ ही जो भी राजनीतिक दल महिलाओं के अधिकार छीनने के लिए इस विधेयक के विरोध में खड़े हुए उन्हें देश की महिलाएं कभी माफ नहीं करेंगी क्योंकि यह कांग्रेस तथा उसके सहयोगियों ने बहुत बड़ा पाप किया है. बजट का आज अंतिम दिन था और पूरे बजट सत्र के 81 दिनों की अवधि में सदन की कुल 31 बैठकें हुई.

### एकजुटता से परिसीमन का कदम विफल करने में मदद : रेड्डी



**हैदराबाद/नई दिल्ली.** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी से मुलाकात कर उन्हें संवैधानिक संशोधन प्रस्ताव के विरुद्ध विपक्षी एकजुटता सुनिश्चित करने के प्रयासों के लिये बधाई दी. रेड्डी ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित परिवर्तनों का उद्देश्य दक्षिणी, उत्तर-पूर्वी और छोटे राज्यों के प्रतिनिधित्व को कमजोर करना था.

## उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन आज से दो दिन की श्रीलंका यात्रा पर



**नई दिल्ली.** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन रविवार से दो दिन की श्रीलंका की आधिकारिक यात्रा पर होंगे. उपराष्ट्रपति सचिवालय की ओर से शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह भारत के उपराष्ट्रपति की श्रीलंका की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी.इस यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायका से मुलाकात करेंगे.वह रविवार को श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ. हरिणी अमरासुरिया और अन्य गणमान्य व्यक्तियों से भी मिलेंगे.

**मुलाकात** | मुख्यमंत्री सम्राट लगातार अपने तेवर और फैसलों को लेकर सुर्खियों में

# बिहार में योगी मॉडल की राह पर सम्राट चौधरी

**पटना, 18 अप्रैल. बिहार के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी लगातार अपने तेवर और फैसलों को लेकर सुर्खियों में हैं. योगी आदित्यनाथ मॉडल की तरह उन्होंने पहले बुलडोजर एक्शन अपनाया और अब मुस्लिम टोपी पहनने से इनकार किया.**

शुक्रवार को जनप्रतिनिधियों से मुलाकात के दौरान मुस्लिम नेता ने चौधरी को टोपी पहनाने की कोशिश की, लेकिन मुख्यमंत्री ने टोपी न पहनते हुए शॉल स्वीकार किया और टोपी पीछे खड़े गार्ड को दे दी.



**नई दिल्ली.** नितीश कुमार ने सम्राट चौधरी जी से उनके आवास 5 देशरत्न मार्ग पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान विभिन्न समसामयिक मुद्दों और विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा हुई.

### मुख्यमंत्री सम्राट 24 को विश्वास मत हासिल करेंगे

बिहार के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी 24 अप्रैल को विधानसभा के विशेष सत्र में अपना विश्वास मत हासिल करेंगे .विधानसभा सचिवालय से आज यहां जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार 24 अप्रैल को सदन का एक दिवसीय सत्र बुलाया गया है, जिसमें मुख्यमंत्री श्री चौधरी विश्वासमत का प्रस्ताव पेश करेंगे.

कहानी

# पोस्टकार्ड



पूजा गुप्ता

**तुम** फिर आ गईं मांजी!

डाकघर के बड़े क्लर्क ने उस वृद्ध महिला को झिड़कते हुए कहा, जिसके तन पर एक सादी-सी सफेद साड़ी थी. चेहरे की झुर्रियों में आंखों से आंसू बह रहे थे, मगर उन आंखों में एक उम्मीद अभी भी बाकी थी, जिसने उसे बोलने पर मजबूर कर दिया,बड़े क्लर्क जी, ध्यान से देखना, लखनऊ से मेरे बेटे की चिट्ठी आज जरूर आई होगी.

बड़े क्लर्क ने चिढ़कर कहा, मांजी, मैं तुमसे पिछले दस साल से लगातार कह रहा हूं कि जिस दिन तुम्हारा कोई पत्र आएगा, मैं खुद तुम्हारे पास पहुंचा दूंगा. भगवान के लिए तुम यहां बार-बार मत आया करो.

मांजी ने साड़ी के पल्लू से आंखें पोंछीं और भारी कदमों से चली गईं.

ये कौन थीं यह बूढ़ी ?शर्मा जी ने बड़े क्लर्क से पूछा, जो शहर के डाक अधीक्षक थे और यहां की डाक व्यवस्था का जायजा लेने आए थे.

कुछ मत पूछिए साहब! बड़ी विचित्र कहानी है मांजी की.

बड़े क्लर्क उदास स्वर में बोले, मांजी कभी इस कस्बे की सबसे सुखी महिला हुआ करती थीं, लेकिन पति के देहांत के बाद इनकी खुशियों पर जैसे अंधेरा छा गया. इन्होंने अपने इकलौते बेटे अजय की परवरिश के लिए सारी जमीन-जायदाद बेच दी. घर गिरवी रख दिया. खुद दूसरों के कपड़े सिलती रहीं, मगर बेटे को अच्छे से अच्छा पहनाया और खिलाया. बड़ा होने पर अजय को पढ़ाई के लिए शहर भेजा, जहां से अजय डॉक्टर बनकर लौटा.

कुछ दिनों तक सब ठीक-ठाक रहा. एक दिन खबर आई कि अजय को लखनऊ के एक बड़े अस्पताल में नौकरी मिल गई है. न चाहते हुए भी बेटे के उवल भविष्य के लिए मांजी ने उसे लखनऊ जाने दिया. अजय ने मां से वादा किया था कि पहुंचते ही पत्र लिखेगा, मगर आज बीस साल होने को हैं, वह पोस्टकार्ड नहीं आया. बेटे के पत्र की आस में मांजी पागल-सी हो गई हैं. इधर-उधर भटकती फिरती हैं, हर किसी से पूछती हैं कि उनके बेटे का पोस्टकार्ड तो नहीं आया. लोग उन्हें पागल कहकर मजाक उड़ाते हैं और कभी-कभी खाली कागज देकर कहते हैं कि बेटे का पत्र है. मांजी खुशी से झूम उठती हैं और जब पता चलता है कि मजाक था, तो चुपचाप मंदिर की सीढ़ियों पर बैठकर रोने लगती हैं. रात को अपने जर्जर मकान में जाग-जागकर दीवारों से अपने अजय की बातें करती रहती हैं.

बड़े क्लर्क ने चश्मा उतारकर अपनी नम आंखें पोंछीं और बोले, मुझसे मांजी का यह हाल देखा नहीं जाता, इसलिए उन्हें देखकर दिल पर पत्थर रखकर डांट-डपट कर भगा देता हूं.

तभी एक आदमी हांफता-हांफता दौड़ता हुआ आया और बड़े क्लर्क से चिल्लाकर बोला,बड़े क्लर्क जी, कमाल हो गया! आज तो मांजी का पत्र आ ही गया है.

चूंकि पत्र पोस्टकार्ड ही था, इसलिए बड़े क्लर्क ने उसे पढ़ा. उसमें लिखा था,मांजी, आशा है आप सुखी होंगी. आपको जानकर खुशी होगी कि परसों ही आपकी पोती की शादी हो गई. आप सोचेंगी कि इतने साल बाद याद किया, दरअसल मांजी काम इतना है कि सांस लेने की भी फुरसत नहीं मिलती. आपको पता हो कि आज मैं शहर के सबसे बड़े अस्पताल का मालिक हूं. शेष फिर कभी लिखूंगा.

तुम्हारा बेटा, अजय

बड़े क्लर्क का सारा शरीर गुस्से से कांप उठा. वे शर्मा जी से बोले, देखा आपने साहब, इतने साल बाद पत्र लिखा भी तो अपनी बेटी की शादी की खबर देने. बेचारी मांजी को पोती तो दूर, यह तक नहीं मालूम कि अजय ने कब और किससे शादी की. खैर, चलिए मांजी को यह पोस्टकार्ड दे आते हैं.



बड़े क्लर्क और शर्मा जी मांजी के उस जर्जर मकान पर पहुंचे. दरवाजे पर काफी देर दस्तक देने पर भी जब मांजी नहीं आईं, तो वे खुद दरवाजा खोलकर अंदर चले गए. मांजी आंगन में सूखे पेड़ के किनारे बैठी थीं.

बड़े क्लर्क ने मांजी को पोस्टकार्ड देते हुए कहा,मांजी, आखिर आज तुम्हारा पत्र आ ही गया.

मगर उनका स्पर्श पाते ही मांजी का निर्जीव शरीर एक तरफ गिर पड़ा, क्योंकि उनके प्राण उड़ चुके थे. बड़े क्लर्क और शर्मा जी स्तब्ध रह गए. वे मांजी की उन खुली आंखों में देखते रह गए,

क्लास by बड़े भाई

# दिशा सही नही है...



संदीप द्विवेदी
कवि/प्रेरक वक्ता/स्किल ट्रेनर

**यह** वाक्य मेरा नही है, दरअसल यह किसी विद्वान् से उनके अनुयायियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर था और यह उत्तर ही इसका शीर्षक है. हुआ कुछ ऐसा था कि लोगों ने गाँव आए एक विद्वान् से अपनी अपनी समस्याओं के लिए समाधान पूछा था और वो विद्वान् उन सभी के सवालों का एक ही उत्तर दे रहे थे कि 'दिशा सही नही है'.

जैसे यदि किसी ने पूछा कि वो मेहनत करते हैं लेकिन वैसा फल नही मिलता तो उनका जवाब होता कि दिशा सही नही है.. फिर जब किसी ने पूछा कि उन्हें गुस्सा बहुत आता है इससे वो सब बिगाड़ लेते हैं तो भी उनका उत्तर होता कि दिशा सही नही है.. इस तरह वो सभी का एक ही जवाब दे रहे थे.. लोगों को आश्चर्य हुआ कि हर प्रश्न का एक ही उत्तर कैसे हो सकता है. सबने मिलकर बड़ी विनम्रता से इसके पीछे का कारण पूछा.. तब विद्वान् ने हँसते हुए जवाब दिया कि इस संसार में हर चीज का कम से कम एक अच्छा उपयोग हो सकता है..कुछ जिसे हम अवगुण कहते हैं उसे भी यदि दिशा दी जाये तो वह कई बार अवगुण नही रह जाता..जैसे गुस्सा यदि हम कहीं गलत होता देखकर करें , कुछ गड़बड़ होता देखकर करें तो वह गुस्सा बुरा नही है जैसे महाभारत में श्रीकृष्ण को भी कई जगह पर क्रोध आता है लेकिन वह क्रोध धर्म का समर्थन कर रहा था.. इसी तरह कुछ अच्छी बात जैसे कि मेहनत करना अच्छा है लेकिन उसका सही परिणाम मिले, इसके लिए उस मेहनत की दिशा लक्ष्य की ओर होनी चाहिए न कि भटकी हुई वर्ना कभी उसका मनचाहा परिणाम नही मिलेगा..

इसलिए मैंने आप सभी के हर सवाल में एक ही शब्द कहा कि दिशा सही नही है.. अपने कर्मों की दिशा जैसी होगी फल उसी के हिसाब से आएंगे.. तो आप सभी अपने गुस्से को ,अपनी मेहनत को या जो भी हो आपमें, उसे सही दिशा दें तो कोई समस्या नही रहेगी...आपके अवगुण भी कई बार गुण से अधिक सराहनीय हो जायेंगे..और उन्हें जिहे हम गुण कहते हैं उस स्तर का सम्मान मिल जायेगा. तो समझ आया कि मैंने क्यों कहा दिशा सही नही है...यह कहकर वह विद्वान् हंसने लगे..

पुस्तक चर्चा

# 'गधों का आदमी विमर्श' व्यंग्य का भिन्न तेवर



प्रकाशकांत

**कविता,** कहानी, व्यंग्य, यात्रा-संस्मरण हाइकु- गोविन्द सेन के सृजन के कई पक्ष हैं. इसके अलावा एक और महत्त्वपूर्ण बात यह कि वे हिंदी-निमाड़ी दोनों में सृजनरत रहे हैं. वे पश्चिम मध्य प्रदेश के सुदूर आदिवासी अंचल से सम्बन्ध रखते हैं. इस सबके चलते उनकी जो सृजन-भाषा विकसित हुई है वह इन सबसे निकल कर आई हुई ही है. वे अपेक्षित रूप से थोड़े कम मुखर रचनाकार हैं. उनके यहाँ जैसा कि उनका एक व्यंग्य भी है, कोई डंका नहीं बजता. इसके चलते जो कुछ कहना होता है वह उनकी रचनाएँ कहती हैं. वे अपने को लगभग बाहर या हाशिये पर रखते हैं. अपने व्यंग्य लेखन में भी !




'साहब का बसन्त' के बाद अभी उनका दूसरा व्यंग्य संग्रह आया है, 'गधों का आदमी विमर्श' (न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन, नई दिल्ली) जिसमें पचास से अधिक व्यंग्य आलेख संकलित हैं. ये सब और जैसे कि उनके पहले के अधिकतर आलेख भी रहे हैं, ठहाकेदार हास्य और आक्रामक व्यंग्य के बीच के हैं. ना वे सस्ते लतीफ़े की हँसी पैदा करते हैं और न गर्दन उतारते मिलते हैं. और ऐसा किसी ख़ास कोशिश के चलते नहीं हुआ है, ना ही व्यंग्य की किसी गम्भीर बहस के कारण ही होता दिखता है. उनके व्यंग्य लेखन ने अपनी यात्रा के बीच खुद ही अपने लिए यह जगह निकाली है. इसी कारण उनके कुछ व्यंग्य लगभग अंडरटोन चलते हैं. जिनमें ऊपरी तौर पर बहुत ज़्यादा खदबदाहट नहीं महसूस होती. अपने बाहरी ढाँचे में बहुत महीन होते हैं. भीतर से चुभन पैदा करते हैं. उनके व्यंग्य सामान्यतया किसी वरदान में मिले ब्रह्मास्त्र की भूमिका में नहीं होते. उन्हें पता होता है की उन्हें अंततः कोई कुरुक्षेत्र नहीं जीतना है. इसीलिए वे अपने लेखन में किसी रथी-महारथी की मुद्रा में नहीं होते. अपने उपलब्ध शस्त्र के साथ अपने हिस्से का अत्यंत सीमित या छोटा महाभारत लड़ने वाले पैदल सैनिक बने रहते हैं. इस दूसरे संग्रह के लेखों में वे ऐसे ही सैनिक की तरह दिखाई देते हैं.

पत्नी, नेता जैसे पिटे-पिटाए विषयों पर आम तौर पर यहाँ व्यंग्य नहीं है. फूहड़ता की हद तक जानेवाली मंचीय हास्य कविता पहले ही ऐसे विषयों का मलीदा बना चुकी है. आजकल वह राष्ट्रवाद, सनातन वगैरह जैसे विषयों का मलीदा बनाने में लगी है.

संग्रह में सड़क हमारे बाप की है, गधों का आदमी विमर्श; भीड़, भगदड़ और मौक्ष; ज्ञान बाटते चलो, रेवड़ी ने अंधा बना दिया, चतुर बिल्ली और चाटुकार चूहे, झोली, झोला और झोल; घोड़े भी कभी गधे थे जैसे महत्त्वपूर्ण व्यंग्य हैं. जिनमें लहू-लुहान कर देने की हद तक वे सर्जरी नहीं करते. ऑपरेशन टेबल के सामने थोड़ी-सी कोमल मुद्रा में रहते हैं. अतिक्रमण, पुरस्कार-सम्मान, सीकरी, चुनाव, सत्ता की आत्म मुग्धता, जनसेवा, गधा और आदमी, रीढ़, आत्मा, रेवड़ियाँ जैसे कई विषयों पर इनमें व्यंग्य हैं. जिनमें वे अपने व्यंग्य को बेदम करने की हद तक नहीं ले जाते. बारीक-सी पिन की चुभन, महीन-सी चिकौटी तक लाकर छोड़ देते हैं. इसके लिए जिस व्यंग्य भाषा का उपयोग करते हैं उसमें लोकप्रिय फ़िल्मी गीतों के मुखड़े-टुकड़े, लोक में प्रचलित कहावतें-मुहावरे, नेताओं के सूक्तिनुमा आत्मप्रलाप इत्यादि शामिल होते हैं. इनके अलावा नीति कथाओं को भी माध्यम बनाते हैं. संग्रह के आलेखों में इस सब को देखा जा सकता है.

**गधों का आदमी विमर्श**
**(व्यंग्य संग्रह)**
**गोविंद सेन**
**कीमत -225 रूपए**
**न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन, नई दिल्ली**

# एक दिल था सीने में...




गोविंद शर्मा

**समाज** की पंचायत में अपनी तरह का पहला प्रकरण था.अपने कानूनी माता-पिता को सबके सामने सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया. सुविधाभोगी समय में पैसों के समंदर में तैरते इस बच्चे को पता नहीं क्या हुआ जो बड़े शहर के बंगले को छोड़ गांव की मढ़ई में रहना चाहता है.अपने कानूनी माता-पिता को छोड़कर अपनी गरीब माँ के पास आना चाहता है. उसे लगता है दत्तक प्रक्रिया कानूनी तौर पर भले ही शब्दशः ठीक हो,बच्चे के साथ हर हाल में अन्याय होगा. परिजनों ने लाख समझाया भाई नवजात अपने हर निर्णय के लिए अपने बायोलॉजिकल माता-पिता पर निर्भर रहता है और समाज,कानून दोनों इसे मान्यता भी प्रदान करते हैं.पता नहीं उस तरुण को किसने क्या पट्टी पढ़ाई कि वह किसी मान्यता,कानून और तर्क को मानना ही नहीं चाहता था.

आप होंगे रईसजादे.आप ने कानूनन मुझे गोद लिया होगा. आपने दरअसल मेरी गरीब माँ को बरगलाकर ऐसा करने पर मजबूर किया होगा. मैं मान नहीं सकता कि कोई भारतीय माँ अपने बेटे को अपने से दूर होने दे. मैं मान नहीं सकता कि गरीबी इसका ठोस कारण होगा. जानवर घोर संकट और असुविधाओं में भी अपने बच्चों की पूरी सुरक्षा करते है,फिर मेरी बायोलॉजिकल माँ तो जीता जागता इंसान है. आप ने बड़े भाई होने का फायदा उठाया.आपने इमोशनल ब्लैकमेलिंग की होगी.आपने अपने बेहिसाब पैसे का लालच दिया होगा.आपने अपनी गरीब बहन को बहकाया होगा कि तेरे बेटे की जिंदगी बन जायेगी.आपने उसे पूछा होगा कि तेरा बेटा इतनी बड़ी इंडस्ट्री का मालिक बनेगा क्या तू नहीं चाहती. आपने रिश्तेदारों से दबाव डलवाया होगा कि तेरे दो बेटे हैं,कम से कम एक की किस्मत तो सुधर जायेगी.आप ने मेरी लाचार माँ को इतनी मानसिक प्रताड़ना दी होगी कि वह अपनी कोख से जन्मे बच्चे को आपकी गोद में डालने को विवश हो गई होगी.

बच्चा अपने भाई से मिलने अक्सर गाँव जाता था.कभी भाई को अपने पास शहर में बुला लेता था.शहरी चकाचौंध,महलनुमा बंगला भाई को बहुत भाता लेकिन अपने भाग्य का लिखा मानकर वह संतोष कर लेता.आश्चर्य यह कि भाई हमेशा बच्चे को समझाता देखो अब मामा ही तुम्हारे पिता हैं,मामी को माँ मानने में संकोच कैसा? भाई बच्चे से अधिक परिपक्व था,वह अपनी कमजोर आर्थिक स्थिति से वाकिफ था.उसका अक्सर आना और बच्चे का अपने कानूनी माता पिता पर भड़कना लोगों के मन में संदेह पैदा करता की हो न हो बच्चे को उसका भाई ही भड़काता हो. बच्चे के अपने दोस्तों की फेहरिस्त बड़ी नहीं थी,बमुश्किल दो दोस्त थे.दोस्तों की पृष्ठभूमि आर्थिक रूप से संपन्न थी.



कानूनी पिता को यह दुख साल रहा था कि ऐसी क्या कमी रह गई जो बच्चा उनके पास न रहकर वापस गाँव में अपने कमजोर आर्थिक स्थिति वाले जीवन को जीना चाहता था.पिता जानते थे कि सुविधाओं के बीच पला बच्चा गरीबी की जिंदगी आसानी से नहीं जी पायेगा. कोर्ट तक मामला पहुंचा तो पता नहीं क्या क्या बातें होंगी. संपत्ति के उत्तराधिकारी का मामला उठेगा,अंतिम संस्कार को लेकर लोग कहानियां गढ़ेंगे. कुल मिलाकर अब तक कमाई इज्जत और धन दौलत दोनों ही अनजाने लोगों के हाथों बर्बाद होने है.कानूनी माता पिता इस प्रकरण के बाद से भरपेट खा नहीं पाते,ठीक से सो नहीं पाते.उन्हें परिचित,मित्र और रिश्तेदार नित्यप्रति नई सलाह दे जाते.इन सलाहों से उनका तनाव और बढ़ जाता. अपनी बहन के ताउम्र ऋणी रहे,उसके कठिन समय में सदा उसके साथ रहे.बहन के बच्चों की बेहतरीन तालीम की पूरी व्यवस्था की.उनके पास धन भी बहुत था और सहयोग करने का मन भी था.

दत्तक पुत्र के दिए दंश में जी रहे दंपत्ति ने अपने कानूनी सलाहकार को बुलाकर अपनी सारी चल अचल संपत्ति अनाथ आश्रम को मरणोपरांत दान लिख दी.दत्तक पुत्र ने संदेश भिजवाया कि अपने दाह संस्कार की व्यवस्था भी कर लेना.दंपत्ति ने आपस में सलाह की, करीबी दोस्तों और परिजनों से बात की और अंत में निर्णय लिया कि मरणोपरांत अपनी देह मेडिकल कॉलेज के बच्चों के अध्ययन हेतु दान दे देंगे.डॉक्टर बच्चे भी देख लेंगे कि इस दंपत्ति के सीने में एक दिल भी था.

लघुकथा

# आतंक



मीरा जैन

**डिंपी!** आजकल कुत्ते बहुत हिंसक होते जा रहे हैं काटने की नित नवीन घटनाएं सुनने में आ रही है तुम जिस रास्ते से रोज पैदल कोचिंग जाती हो उस रास्ते मे भी कुत्तों की भरमार है यह लो छोटी सी बेंत , इसे मै खास तौर तुम्हारे लिए ही खरीद कर लाया हूं अब रोज इसे अपने साथ लेकर जाना, खुदा ना खस्ता कभी कोई कुत्ता पीछे पड़ जाये तो यह बेंत तुम्हारे बहुत काम आएगी.

पहले तो डिम्पी ना-नुकुर करती रही लेकिन पिताजी की जिद के आगे उसकी एक न चली मन मार कर उसे वह बेंत लेनी ही पड़ी और पिताजी का मान रखने के लिए प्रतिदिन कोचिंग लेकर जाना उसकी अनिवार्यता बन गई.


एक दिन घर में घुसते ही डिंपी चहकते हुए एक सांस में सब बोल गई-

पापा -पापा ! आपके द्वारा दी गई है यह बेंत मेरे काम आ ही गई आज एक मेरे पीछे पड़ ही गया था वह झपटने की मुद्रा में जैसे ही मेरे करीब आया मैने जैसे ही बेंत घुमाई, वह ऐसा भाग कि पीछे पलट कर भी नहीं देखा .

देखो बेटी! मैने सही कहा था ना कि आजकल कुत्ते बहुत हिंसक होते जा रहे हैं.

इस बार गंभीर हो डिंपी बोली-

लेकिन पापा ! वह कुत्ता जानवर नहीं था.



कविता

# चुप्पियों की वर्तनी



पारमिता षड़ंगी

जो रंगीन शाम ओढ़ी थी मैंने
कैस कहूँ, उसे कैसे उतारी
तेरी यादों ने जो पहरा रखा था
मेरे सपनों पर,
कैसे कहूँ कि वह रात कैसे गुज़ारी

वक़्त ने सवाल पूछे,
नींद ने जवाब देने से इंकार कर दिया,
मैं जागती रही अपने ही भीतर,
और रात बाहर किसी की
नींद में धीरे-धीरे खोने लगी .

मैंने जाना
कुछ रातें काटी नहीं जातीं,
बस सह ली जाती हैं
नोटबुक के अंदर
सूखे गुलाब के नीचे
पड़े-पड़े शब्दों के अर्थ की प्रतीक्षा में .
यहाँ ख़ामोशी भी
एक अधूरा वाक्य बन जाती है,
और पीड़ा विराम नहीं,
दीर्घ विराम माँगती है .

समझ में आया कि
यादें लौटकर नहीं आतीं,
वे बस टिक जाती हैं
हमारे होने के तरीक़े में,
हमारी चुप्पियों की वर्तनी में .


संपादकीय बोर्ड | प्रबंध संपादक : सुमीत माहेश्वरी, समूह संपादक : क्रांति चतुर्वेदी

# एजेंसी वाले शादी के लिए नहीं दे रहे 2 गैस सिलेंडर

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल. 18 अप्रैल. राजधानी में इंडियन ऑयल कार्पोरेशन ने एलपीजी की किल्लत के चलते गैस डीलर्स को निर्देश दिए थे कि शादी समारोह वाले परिवार को 2 कमर्शियल सिलेंडर दिए जाएं, उसमें शर्त है कि आवेदन के साथ शादी का कार्ड लगाना अनिवार्य है.**

अब लोग सिलेंडर के लिए गैस एजेंसियों से संपर्क कर रहे है. एजेंसी वालों को आवेदन के साथ शादी का कार्ड भी दिखा रहे है. इधर, अधिकांश एजेंसियों के कर्मचारियों का कहना है कि उनको इस तरह के निर्देश अभी तक नहीं मिले हैं, इसलिए ऐसे लोग ज्यादा परेशान है, जिनके यहां एक या दो दिन के अंतराल में ही शादी है. इधर, खाद्य आपूर्ति विभाग के अफसरों का कहना है कि कैटर्स की ओर से आवेदन देना अनिवार्य किया है. आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि लोग आवेदन और निर्धारित शुल्क के साथ 2 सिलेंडर ले सकते हैं. पहले सिलेंडर के लिए एप्लाई करने की व्यवस्था विभाग में ही की गई थी.

दर्जन भर से अधिक आवेदन भी आए. विभाग से एजेसियों को आवेदन फारवर्ड किए गए लेकिन अब व्यवस्था में बदलाव किया है. लोग सीधे ही लोग नजदीकी गैस एजेंसी जा सकते हैं. ऐसे लोगों को 2 कमर्शियल सिलेंडर की पात्रता है जिनके घर में शादी समारोह है. कोई भी एजेंसी वाला सिलेंडर देने से मना नहीं कर सकता.

## शिक्षकों ने सरकार को सौंपा ज्ञापन

**भोपाल, 18 अप्रैल.** राजधानी भोपाल के भेल दशहरा मैदान में शनिवार को अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश के बैनर तले 'मुख्यमंत्री अनुरोध यात्रा' निकाली गई. यहां 50 हजार से अधिक शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और शासन के नाम ज्ञापन सौंपा. प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, लेकिन शिक्षकों ने साफ संकेत दिए कि यदि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा. शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किए जाने और हालिया न्यायिक आदेशों को लेकर सबसे ज्यादा नाराजगी देखने को मिली. शिक्षकों का कहना है कि वर्षों की सेवा के बाद नए नियम लागू करना उनके साथ अन्याय है.

## मेट्रो रेल के भूमिगत के कार्य में आई तेजी


**भोपाल. 18 अप्रैल.** राजधानी में मेट्रो रेल के संचालित करने के लिए सुरंग खुदाई का कार्य चल रहा है. यह कार्य 30 मार्च से शुरू किया था, जो भोपाल रेलवे स्टेशन से टनल बोरिंग मशीन के माध्यम से प्रारंभ किया गया है. वर्तमान में टनल बोरिंग मशीन-1 (दुर्गावती) द्वारा लगभग 7 मीटर अस्थायी सुरंग एवं 3.3 मीटर स्थायी सुरंग निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि दूसरी टीबीएम मशीन को शीघ्र ही पूर्ण संचालन के लिए तैयार किया जा रहा है. इस अत्याधुनिक निर्माण प्रक्रिया के तहत टीबीएम को भूतल से लगभग 24 मीटर (करीब 75 फीट) जमीन के नीचे उतारा गया है. इस गहराई पर सुरंग बनाए जाने से जमीन पर न्यूनतम कंपन होता है.

**एयरपोर्ट पर दी स्टूडेंट्स को जानकारी : भोपाल, 18 अप्रैल.** अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत राजा भोज एयरपोर्ट पर अग्निशमन स्टाफ द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गांधीनगरभोपाल के छात्र-छात्राओं को अग्निशामक यंत्रों की जानकारी व जीवंत प्रदर्शन के माध्यम से जागरूक किया गया.

**इमरजेंसी केस में रिस्पॉन्स टाइम को देखने हुई मॉकड्रिल : भोपाल, 18 अप्रैल.** उपनगर बैरागढ़ के सिविल अस्पताल में सीएमएचओं कार्यालय के जांच दल ने मॉकड्रिल की कार्रवाई की. इस मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था की जांच करना था. वहीं इस गोपनीय मॉकड्रिल की जानकारी किसी का ना बताने की सीएमएचओ ने जांच दल को दी थी, जिससे अस्पताल प्रबंधन के किसी भी स्टाफ को इस कार्रवाई की भनक तक नहीं लगी. अस्पताल में सभी मौजूद कर्मचारियों को लगा कि कोई गंभीर मरीज अस्पताल मे उपचार के लिए आने वाला है. इसके बाद अभ्यास किया.














# अक्षय तृतीया आज, होंगे विवाह

- भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकाला जाएगा चल समारोह
- पाल महासभा के सम्मेलन में 51 जोड़ों का होगा विवाह



**भोपाल, 18 अप्रैल. राजधानी में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर रविवार को यज्ञ, पूजन और सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. साथ ही परशुराम जयंती मनाई जाएगी.**

रविवार को अक्षय तृतीया पर मिनाल एमपीवी ग्राउंड में राम मानस शक्ति यज्ञ के तहत स्तंभ स्थापना का कार्यक्रम होगा. वहीं अखिल भारतीय पाल महासभा द्वारा अक्षय तृतीया पर बिट्टन मार्केट दशहरा मैदान में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. इस सम्मेलन में 51 जोड़ों का विवाह कराया जाएगा. खास बात यह रहेगी कि दूल्हे ऊंट पर सवार होकर बारात में शामिल होंगे, जबकि दुल्हनें बग्गी में बैठेंगी. बारात शाम 5 बजे शाहपुरा के शैतान सिंह चौराहे से निकलेगी. सभी नवविवाहित जोड़ों को तुलसी का पौधा उपहार में दिया जाएगा. इसके अलावा सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा 20 अप्रैल को गुफा मंदिर स्थित मानस भवन में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा. वहीं दूसरी ओर भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सर्व ब्राह्मण उत्थान समिति द्वारा शाम 5:30 बजे चल समारोह निकाला जाएगा. शाम 7 बजे महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा.

# फार्मा कौशल पर हुई कार्यशाला


**भोपाल.** आंचलिक विज्ञान के नवप्रवर्तन केंद्र में 'फार्मा कौशल: पारंपरिक विश्लेषण विधियां और एआई नवाचार' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. यह कार्यशाला 11वीं कक्षा से लेकर स्नातक स्तर तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई. कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को फार्मास्यूटिकल विश्लेषण की मूलभूत तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया.

# नारी शक्ति वंदन कानून के समर्थन में हुई बैठक

**भोपाल, 18 अप्रैल. नगर पालिका निगम परिषद के विशेष सम्मिलन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में बैठक आयोजित की गई.**

भाजपा जिला अध्यक्ष एवं एमआईसी मेंबर रविंद्र यति ने कहा कि यह कानून महिलाओं को राजनीति और निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी सुनिश्चित करेगा. उनके आह्वान पर सभी सदस्यों ने अधिनियम के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया. महापौर मालती राय, किशन सूर्यवंशी समस्त पार्षदगण उपस्थित रहे.










## शिविर में 115 मरीजों की जांच

**भोपाल.** सेवा भारती नानक मंडल द्वारा चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सहयोग से गांधी नगर स्थित सेवा भारती गांधी दिव्यांग आश्रम में आयोजित प्रसूति एवं स्त्री रोग जांच शिविर में सेवा बस्तियों के 115 मरीजों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां दी गईं. डॉ स्नेहा गोयनका, डॉ. सीताराम पाल, डॉ. राधेश्याम, डॉ. अभिषेक शुक्ला सहित अन्य सहयोगियों ने मरीजों की सोनोग्राफी, ब्लड प्रेशर, शुगर, पैथोलॉजी जांच की.


वर्गीकृत विज्ञापन

**बेचना**
4000 वर्गफीट आवासीय प्लाट बेचना है, जैन मंदिर के पास, अवधपुरी, भोपाल
**संपर्क**
8269029616

**आवश्यकता**
भोपाल में जन आरोग्यम जेनेरिक मेडिकल स्टोर, दवाई की दुकान में कर्मचारियों की आवश्यकता है. आकर्षक वेतन.
**संपर्क करें**
7000778283
नोट- सिर्फ मेडिकल स्टोर के अनुभवी ही संपर्क करें.

**बेचना**
फार्मलैंड बेचना है- होशंगाबाद रोड वार्ड नंबर 85 दीपड़ी में 5000 - 5000 वर्गफिट के ऑन डिमांड कॉटेज, आरसीसी रोड, पानी, सीवेज, लाइट, नाली, पेड़-पौधे, बाउंड्री आदि प्रस्तावित 200 फीट और 80 फीट का मास्टर प्लान रोड पर.
**मोबाइल नंबर**
9425028901
7999151346



# सीएम आज परशुराम प्रकटोत्सव में होंगे शामिल

## भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव में होंगे कार्यक्रम

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 18 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव में भव्य और दिव्य श्रीपरशुराम-श्रीकृष्ण लोक विकसित किया जा रहा है. इसकी लागत 17.41 करोड़ रुपए है.**

उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, दर्शन और संदेश को आमजन तक पहुंचाने के लिये श्री परशुराम-श्री कृष्ण लोक एक प्रमुख आध्यात्मिक पर्यटन एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है. सीएम



19 अप्रैल को भगवान परशुराम की पावन जन्मस्थली जानापाव महू में आयोजित परशुराम प्रकटोत्सव में शामिल होंगे.

मुख्यमंत्री यहां भगवान परशुराम मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली के लिए मंगल कामना करेंगे. मुख्यमंत्री जानापाव की महाभारतकालीन अस्त्र-शस्त्रों और चक्रव्यूह की कला पर आधारित अनूठी प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे. वे स्थानीय सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों में भी सम्मिलित होंगे.

संस्कृति विभाग और श्रीकृष्ण पाथेय न्यास द्वारा आयोजित भगवान परशुराम प्रकटोत्सव के समारोह में कला और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा. कार्यक्रम में विख्यात गायक सवई भट्ट एवं उनके दल द्वारा मनमोहक भक्ति गायन प्रस्तुत किया जाएगा. साथ ही, पंडित विजय शंकर मेहता द्वारा रचित और वीरेंद्र कुमार के निर्देशन में परशुराम नाट्य लीला का सजीव मंचन भी होगा.

### सीएम आज पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा शुरू करेंगे

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश में पर्यटन और धार्मिक यात्राओं को सुगम, सुरक्षित और आनंददायक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए 19 अप्रैल को सुबह 10.45 बजे, राजधानी के स्टेट हैंगर से पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा के अंतर्गत नए सेक्टर (भोपाल-चंदेरी-ओरछा) का विधिवत शुभारंभ करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर हेलीकॉप्टर को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और यात्रियों को बोर्डिंग पास भी प्रदान करेंगे. यह नया सेक्टर भोपाल को भगवान श्रीराम की राजनगरी ओरछा और ऐतिहासिक विरासत के लिए प्रसिद्ध चंदेरी से जोड़ेगी. इससे श्रद्धालु श्रीरामराजा मंदिर में सुगमता से दर्शन के लिये पहुंच सकेंगे और चंदेरी की सांस्कृतिक विरासत व प्रसिद्ध हस्तशिल्प का अनुभव ले सकेंगे. सेक्टर-2 के तहत यह सेवा सप्ताह में 5 दिन (बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार) संचालित होगी. यात्रियों के लिए भोपाल से चंदेरी का किराया रुपए 5,500 और भोपाल से ओरछा का किराया रुपए 6,500 निर्धारित किया गया है. इसके अलावा रुपए 14,500 के विशेष पैकेज में टैक्सी, वीआईपी दर्शन और प्रसाद जैसी एंड-टू-एंड सुविधाएं भी शामिल हैं. चंदेरी और ओरछा में पर्यटकों के लिए रुपए 3,500 में जॉय राइड की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी.

# बीजीआई में 'प्लेसमेंट-डे 2026' का आयोजन

**भोपाल, 18 अप्रैल. बंसल समूह के कोकता, आनंद नगर, स्थित इंजीनियरिंग महाविद्यालय (बीजीआई) में 'प्लेसमेंट-डे' का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल मंगुभाई पटेल थे. राज्यपाल का स्वागत बंसल समूह के सचिव सुनील बंसल ने शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ.**



बंसल समूह के प्रबंध निदेशक पार्थ बंसल ने अपने स्वागत भाषण में राज्यपाल को बंसल समूह की विशिष्ट उपलब्धियों से अवगत कराया. हर बार की तरह इस वर्ष भी बंसल समूह का प्लेसमेंट शत-प्रतिशत रहा. इस वर्ष का उच्चतम पैकेज, 20 लाख रुपये सालाना, मीट-मक्स कंपनी द्वारा कम्प्यूटर साइंस के छात्र हर्षवर्धन अहिरवार को मिला.

मुख्य अतिथि द्वारा बंसल समूह के राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियों में चयनित विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए. इसके बाद राज्यपाल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को देशहित तथा विकसित भारत की परिकल्पना कोध्यान में रखते हुए कार्य करने के लिए प्रेरित किया तथा बंसल समूह की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया . बंसल समूह के सह-सचिव डॉ. संजय जैन ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया.

# शादी की सालगिरह से पहले वनकर्मी ने की खुदकुशी

▸ **पुलिस को नहीं मिला सुसाइड नोट**

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 18 अप्रैल. हबीबगंज इलाके में एक वनकर्मी ने अपनी शादी की सालगिरह से पहले खुदकुशी कर ली.**

शनिवार को पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए परिजनों को सौंप दिया. मृतक की पत्नी गर्भवती है. पुलिस को मौके पर सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ. मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक शिवाजी नगर में रहने वाले रोहित रायकवार (34) ने शुक्रवार देर रात को घर के कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. रोहित की शादी पिछले साल 10 मई को हुई थी. शादी की सालगिरह मनाने से पहले रोहित ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया, जबकि उनकी पत्नी 5 महीने से गर्भवती है, इन सवालों को जवाब पुलिस खोज रही है. घटना स्थल पर पुलिस को सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ. रोहित रायकवार सतपुड़ा भवन स्थित वन विभाग के कार्यालत में नौकरी करते थे. उन्हें यह नौकरी अपने पिता के स्थान पर मिली थी. रोहित की पत्नी भी एक निजी बैंक में नौकरी करती हैं.

# छोटे तालाब में डूबे नाबालिग का शव बरामद

**भोपाल.** छोटे तालाब में डूबे नाबालिग का शव शनिवार को बरामद किया गया. तलैया थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक 15 वर्षीय धीरज सोनी इतवारा का रहने वाला था. धीरज शुक्रवार की सुबह काली माता मंदिर के पास छोटे तालाब में नहाने गया था. नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया. धीरज के साथियों ने इसकी जानकारी उसके परिजनों और पुलिस को दी. तलैया पुलिस ने नगर निगम के गोताखोरों को तुरंत ही तालाब में उतारा. हादसे के करीब 20 घंटे बाद धीरज का शव बरामद किया गया.

# अभिभाषक संघ में नियुक्तियां

**बैरसिया, 18 अप्रैल. बैरसिया अभिभाषक संघ ने संचालक मंडल का विस्तार करते हुए शुक्रवार को मीडिया प्रभारी एव प्रवक्ता मनोनीत किए हैं.**



अभिभाषक संघ अध्यक्ष जितेंद भटनागर के मुताबिक वरिष्ठ अधिवक्ता अब्दुल हनीफ खान को मीडिया प्रभारी एवं एडवोकेट शोभित पाराशर को प्रवक्ता नियुक्त किया है. संचालक मंडल ने दोनों मनोनीत पदाधिकारियों से आशा व्यक्त की है कि वे निष्ठापूर्वक अभिभाषक संघ के हित में दायित्वों का निर्वहन करेंगे. नवनियुक्त पदाधिकारियों को साथी अधिवक्ताओं ने पुष्पमाला पहिना बधाई दी. बधाई देने वालों में अनार सिह चौहान , प्रशांत श्रीवास्तव , मोहम्मद तारिक खान , अभिषेक गौर , रघुनाथ यदुवंशी, उमेश भार्गव , शादाब मंसूरी आदि शामिल हैं.

# रवींद्र भवन में 26 को सुंदरकांड की प्रस्तुति देंगे पं . अजय याज्ञिक

**भोपाल,18 अप्रैल. बाबूलाल भगवती सोनी ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार 26 अप्रैल को शाम 5:30 बजे रवीन्द्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर विश्व विख्यात गायक मानस मयंक पंडित अजय याज्ञिक सुंदरकांड की संगीतमय प्रस्तुति देंगे. यह आयोजन लगातार 18वें वर्ष में आयोजित किया जा रहा है.**



इस वर्ष आयोजन का विषय 'जहां सुमति, तहां संपत्ति नाना, जहां कुमति तहां विपत्ति निदाना' रखा गया है. कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का स्वागत चंदन तिलक कर सुंदरकांड और हनुमान चालीसा की टीका पुस्तिका भी वितरित की जाएगी. ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप सोनी और सचिव प्रमोद नेमा ने बताया कि बैठने की व्यवस्था 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर रहेगी.

# विचार संगोष्ठी का आयोजन

**भोपाल, 18 अप्रैल. डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपरांत शनिवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय के मीडिया सेंटर में भाजपा जिला भोपाल द्वारा उनके जीवन दर्शन पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भोपाल के पूर्व सांसद आलोक संजर ने कहा कि बाबा साहब का जीवन आज भी समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणा का स्रोत है. जिलाध्यक्ष रविंद्र यति ने कहा कि बाबा साहब ने भारत को ऐसा संविधान दिया, जो सभी नागरिकों को समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित करता है. वक्ताओं ने बताया कि डॉ. अंबेडकर का सपना एक ऐसे समाज का निर्माण करना था, जहां जाति, भेदभाव और असमानता का पूर्णतः अंत हो . इस अवसर पर बुद्ध भूषण भंते जी, जिला महामंत्री मुकेश राय, प्रदीप शेखावत, मोर्चा प्रभारी मनोज राठौर, कार्यक्रम सह संयोजक हरिओम आसेरी उपस्थित थे.

# मानव संग्रहालय में हेरिटेज वॉक

**भोपाल, 18 अप्रैल. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में शनिवार को विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया.**

सुबह 7.30 बजे शुरू हुई इस वॉक में पर्यटक, छात्र और संस्कृति से प्यार करने वाले लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था कि लोग संग्रहालय परिसर में बने पुराने शैलाश्रयों और गुफाओं में मिलने वाले शैल चित्रों के बारे में जानें, और साथ ही भारत की जनजातियों, लोक संस्कृति और पारंपरिक तरीकों से जुड़ी धरोहर के बारे में भी अवगत हो सकें. कार्यक्रम की शुरुआत संग्रहालय परिसर में स्थित प्राचीन गुफाओं और शैलाश्रयों में बने चित्रों को देखने से हुई.

यहाँ प्रतिभागियों को इन जगहों, उनमें बने चित्रों और वहां मिलने वाली पुरानी संरचनाओं के बारे में आसान भाषा में जानकारी दी गई. संग्रहालय की ओर से डॉ. पी. अनुराधा और दीपक कुमार चौधरी ने वॉक का मार्गदर्शन किया.

## पेज एक का शेष

# दलों के बीच नैरेटिव युद्ध में फंसा महिलाओं का अधिकार

शुरू कर दी है. दूसरी ओर, परिसीमन का मुद्दा उत्तर और दक्षिण भारत के बीच के क्षेत्रीय असंतुलन की पुरानी बहस को भी जीवित कर सकता है.

दक्षिण भारतीय राज्यों को डर है कि जनसंख्या नियंत्रण में उनके सफल प्रयासों के बावजूद, परिसीमन के बाद उनकी संसदीय सीटों का प्रभाव कम हो सकता है. हालांकि बहस के दौरान सरकार की ओर से विभिन्न भ्रांतियों को दूर करने के लिए तार्किक तथ्यों के आधार पर विपक्षी आरोपों को कुंद करने का प्रयास किया गया, लेकिन अभी भी विपक्षी तेवर से भ्रम कायम है. राजनीतिक रूप से देखें तो, सरकार ने इस विधेयक के जरिए महिला मतदाताओं के बीच एक बड़ी मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल करने की कोशिश की है


लेकिन परिसीमन और जनगणना के साथ इसे नत्थी कर देने से जो क्रेडिट वॉर शुरू हुआ है, उसने इस कानून की चमक को कुछ फीका जरूर किया है. जनता के बीच यह संदेश जा रहा है कि संसद ने दरवाजे तो खोल दिए हैं, लेकिन प्रवेश के लिए अभी एक लंबा और अनिश्चित इंतजार बाकी है.


## रेलवे-इंश्योरेंस समेत 5 प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी


विश्वसनीयता में सुधार आएगा. रेलवे के इस विस्तार से करीब 180.31 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी, जो लगभग 7.33 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है. इसके साथ ही, इन परियोजनाओं से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे. उन्होंने बताया कि योजना के तहत ग्रामीण बस्तियों को कृषि बाजारों, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों और अस्पतालों से जोड़ने वाले थ्रू रूट्स और प्रमुख ग्रामीण लिंक का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा. इसके लिए कुल वित्तीय परिव्यय बढ़ाकर 83,977 करोड़ रुपये कर दिया गया है. मैदानी क्षेत्रों में सड़कों और पुलों के निर्माण तथा पहाड़ी क्षेत्रों में सड़क निर्माण के शेष कार्यों को पूरा करने की समय-सीमा मार्च 2028 तक बढ़ा दी गई है. वहीं, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए पहाड़ी क्षेत्रों में पुलों के निर्माण की अवधि मार्च 2029 तक विस्तारित की गई है.







# सेवा वितरण प्रणाली अधिक जवाबदेह बनी

## एमपी ई-सेवा पोर्टल और मोबाइल ऐप से डिलिटल गवर्नेंस को सशक्त आधार मिला

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 18 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि एमपी ई-सेवा पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से प्रदेश में डिजिटल गवर्नेंस को सशक्त आधार मिला है. इससे नागरिक सेवाएं अब अधिक सरल, सुगम और सुलभ हुई हैं.**

डिजिटल तकनीक आज सुशासन की आधारशिला बन चुकी है और प्रदेश इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ते हुए देश में नई पहचान स्थापित कर रहा है. अब प्रदेशवासियों को विभिन्न विभागों की सेवाओं के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर जाने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि एक ही मंच पर सभी सुविधाएँ सहज, त्वरित और पारदर्शी रूप में उपलब्ध कराई जा रही हैं. इस पहल से सेवा वितरण प्रणाली अधिक जवाबदेह और सुव्यवस्थित बनी है. साथ ही नागरिकों के समय एवं संसाधनों की बचत सुनिश्चित हुई है.



मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एकीकृत नागरिक सेवा मंच 56 विभागों की 1700 से अधिक सरकारी सेवाओं और योजनाओं को एक ही डिजिटल विंडो पर उपलब्ध करा रहा है. वर्ष 2026 तक 100 प्रतिशत ई-सेवा डिलीवरी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो प्रदेश को डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम के सेंटर फॉर एक्सीलेंस द्वारा विकसित यह प्लेटफॉर्म नागरिकों, विभागों एवं सेवाओं को एकीकृत डिजिटल इको-सिस्टम में जोड़ते हुए सुशासन को और अधिक प्रभावी तथा परिणामोन्मुख बनाने में सहायक सिद्ध होगा. 'एमपी ई-सेवा' को समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के समग्र पोर्टल से जोड़ा गया है.

### एकीकृत पोर्टल पर सभी सेवाएं

एमपी ई-सेवा पोर्टल पर विभिन्न विभागों की 1700 सेवाओं को एकीकृत कर नागरिकों को बार-बार अलग-अलग पोर्टल पर जाने और दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता समाप्त की गई है. नागरिक अब ई सेवा. एमपी .जीओव्ही .इन और मोबाइल ऐप के माध्यम से पात्रता जांच, आवेदन, स्टेटस ट्रैकिंग और अनुमोदन जैसी सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर प्राप्त कर सकते हैं. पोर्टल पर आधार आधारित प्रमाणीकरण, ई-साइन और डिजिटल प्रमाणपत्र की व्यवस्था से पूरी प्रक्रिया पेपरलेस और फेसलेस बनाई गई है, जिससे पारदर्शिता और दक्षता दोनों में वृद्धि हुई है.

प्रत्येक परिवार को 8 अंकीय परिवार आईडी और हर सदस्य को 9 अंकीय सदस्य आईडी दी गई है. इससे ऑटो-वेरिफिकेशन की प्रक्रिया को सक्षम बनाया गया है. इससे पात्रता निर्धारण स्वत: हो जाता है और अनावश्यक देरी व दोहराव समाप्त होता है. पोर्टल की प्रमुख विशेषता 'ऑटो-फेचिंग डॉक्युमेंट्स' है, जिससे नागरिकों को बार-बार दस्तावेज़ अपलोड करने की आवश्यकता नहीं रहती. एक बार अपलोड किए गए दस्तावेज आगे की सेवाओं में स्वत: उपलब्ध हो जाते हैं.

## मंत्रालय के गलियारे से



कन्हैया लोधी

### अफसरों में बेचैनी

पिछले दिनों आईएएस अफसरों के थोकबंद तबादले हुए. इस सूची में ज्यादातर जिलों की कमान संभालने वाले अफसर थे. इस सूची के बाद अब मंत्रालय में सर्जरी की सूची की प्रतीक्षा होने लगी है. इस सूची को लेकर अब मंत्रालय में पदस्थ कुछ आला अफसरों में बेचैनी को साफ महसूस किया जा सकता है. दरअसल इस सूची में कई अफसरों को लूप लाइन में भेजा जा सकता है. वहीं जिम्मेदार और कामदार अफसरों को और जिम्मेदारी दी जा सकती है. वहीं विवादित अफसरों को भी मंत्रालय से बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है. अब देखना ये है कि अफसरों के संकट से जूझ रही सरकार इस मंसूबे में कितना कामयाब हो पाती है.

#### ज्वाइनिंग को लेकर पेंच

सचिव स्तर के दो अफसरों को इधर से उधर कर दिया गया है, लेकिन दोनों ही अफसर अपने नये दायित्व को लेकर ज्यादा उत्साहित नजर नहीं आ रहे हैं. न तो ये रिलीव हो रहे हैं और न ही दूसरे ही अधिकारी रिलीव हो रहे हैं. दोनों को ही एक-दूसरे की कुर्सी संभालना है. दोनों ही जहां पदस्थ हैं, वे बड़े महकमे में शुमार है. बहरहाल दोनों ही जगह मातहतों को नए साहब का इंतजार है.

### नेताजी का शक्ति प्रदर्शन

प्रदेश के बड़े नेताओं में शुमार एक कद्दावर मंत्री आने वाले दिनों में एक बड़ा शक्ति प्रदर्शन करने जा रहे हैं. इसकी तैयारी पूरे प्रदेश में चल रही है. राजधानी में एक कार्यक्रम होगा, जिसमें प्रदेश भर से लोग बुलाए जा रहे हैं. संभवत: ये पहली बार होगा कि जब वे इस तरह का अघोषित शक्ति प्रदर्शन करेंगे. बताया जा रहा है कि ये किसी समाज द्वारा राजधानी में बिना किसी सरकारी सहयोग के किया जाने वाला सबसे बड़ा कार्यक्रम हो सकता है. इसकी तैयारी ठीक उसी तरह चल रही है जिस तरह विशाल मैदान में बड़े सरकारी सम्मेलन की चलती है. इस शक्ति प्रदर्शन का नेताजी को क्या फायदा मिलेगा, ये तो भविष्य के गर्त में ही है.

### पूर्व मंत्री का मेला

प्रदेश के एक पूर्व मंत्री एक बार फिर राजधानी में नये सिरे से जमावट की कोशिशों में है. लंबे समय से वे मुख्य धारा से बाहर चल रहे हैं. कभी उन्हें दिवंगत पूर्व सीएम का बेहद करीबी माना जाता था, उनके अवसान के बाद पूर्व मंत्री जी का राजनीतिक भविष्य भी डगमगाने लगा. लेकिन अब एक बार फिर उन्होंने राजधानी में सक्रियता दिखाने के लिए एक मंच तलाश ही लिया. उन्होंने एक भव्य समर मेले का आयोजन किया है. जिसमें आए दिन कोई न कोई व्हीआईपी पहुंच रहे हैं. ऐसे में साहब को लाईम लाइट में आने का फिर मौका मिल रहा है. इसका फायदा उन्हें निकट भविष्य में किस तरह मिलता है, ये देखना दिलचस्प होगा.

# कांग्रेस ने आगामी रणनीति पर किया मंथन

### कांग्रेस ने की संगठन की तैयारियों की समीक्षा




**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 18 अप्रैल. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को भोपाल स्थित इंदिरा भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें सभी जिला प्रभारियों को शामिल कर संगठन की तैयारियों की समीक्षा की गई और आगामी रणनीति पर मंथन किया गया.**

बैठक की अध्यक्षता प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने की. इस दौरान वरिष्ठ नेताओं में उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे, संगठन महासचिव संजय कमले, एआईसीसी सचिव उषा नायडू और संजय दत्त सहित जिला स्तरीय समन्वयक मौजूद रहे.

बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति का आकलन करते हुए आगामी कार्यक्रमों के लिए रोडमैप तैयार करने पर चर्चा हुई. नेताओं ने गांव-गांव तक जनसंपर्क बढ़ाने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और स्थानीय इकाइयों को मजबूत बनाने पर जोर दिया. जिला प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने, जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने और पार्टी की विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए. बैठक में आने वाले महीनों में व्यापक जनसंपर्क अभियान शुरू करने का निर्णय भी लिया गया, जिसका उद्देश्य पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाना और राज्य में समर्थन आधार को मजबूत करना है.

### रीवा में बैंकों में बढ़ेगी चौकसी

**रीवा.** सिंगरौली में हुई बैंक डकैती के बाद रीवा अलर्ट मोड में आ गया है. बैंकों की चौकसी बढ़ेगी. इसके साथ ही बैंक की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने बैंक अधिकारियों से चर्चा की गई. इसके साथ ही सभी बैंको की सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारियों ने निरीक्षण किया. जहां सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, अलार्म सिस्टम आदि का निरीक्षण किया गया, जिस बैंक में कमी पाई गई वहा बैंक प्रबंधन को तत्काल सुधार कार्रवाई के लिए निर्देश किया गया.

### महिला एवं बाल विकास ने रोका बाल विवाह

**जबलपुर.** बरेला थाना अंतर्गत जुनवानी कंचनपुर टोला में15 साल की बालिका दुल्हन बनने वाली थी. 20 अप्रैल को बालिका का विवाह कराया जा रहा था. जैसे ही जिसकी भनक लगते महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने पहुंचकर बाल विवाह रुकवा दिया. परिवार ने अब 18 साल के बाद शादी का आश्वासन दिया है.


**बेचना है**

नीलबड़ में न्यू टी.टी. नगर मेन रोड पर डबल बनी हुई दुकान बेचना है.

**सम्पर्क**

9826345278





सभी युवा भाइयों और नीलबड़ की तरफ से भैया और भाभी के घर नन्हीं परी आने की हार्दिक शुभकामनाएं



**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank** | **आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा**
अरेरा हिल्स, भोपाल, फोन : 0755-2550020
ईमेल: cs8201@pnb.bank.in

**आधिपत्य सूचना ( स्थावर संपत्ति ) [ परिशिष्ट -IV के अन्तर्गत नियम-8 ( 1 ) ]**

सेक्यूरीटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्यूरिटी इंटरेस्ट ( इंफोर्समेंट) नियम 2002 के साथ पठित सेक्शन 13 ( 12 ) नियम 3 के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत **पंजाब नैशनल बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित उधारकर्ताओं/ जमानतदारों को डिमांड नोटिस **दिनांक 05/02/2026** एवं नोटिस में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया था । उधारकर्ता राशि चुकाने में असफल रहा है, उधारकर्ता एवं जमानतदार/संपत्ति मालिक द्वारा उधारकर्ताओं/जमानतदारों एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने धारा13 की उपधारा 4 के नियम 8 के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहां नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा **दिनांक 15/04/2026** को ले लिया है। उधारकर्ता एवं जमानतदार / संपत्ति मालिक को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **पंजाब नैशनल बैंक** के अधीन होगा। उधारकर्ताओं / जमानतदार / बंधककर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा( 8 ) में निहित सम्पत्ति के एवज में उपलब्ध समय के प्रावधान की ओर आमंत्रित है ।

| ऋणी /उधारकर्ता/ जमानतदार का नाम | कब्जा की गई सम्पत्ति का विवरण एवं सम्पत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|
| **श्री हर्ष चौहान** पता : मकान प्लाट नं. 391, वार्ड नं.23, शीतल मेगा सिटी, ग्राम-पिपलिया गज्जू, मंडीदीप, तहसील-गोहरगंज, जिला-रायसेन (म.प्र.)-462046 | बंधक संपत्ति का समस्त हिस्सा आवासीय मकान प्लाट नं. 391, सर्वे नं. 455 का भाग, नया वार्ड नं. 23, पुराना वार्ड नं. 17, शीतल मेगा सिटी, ग्राम-पिपलिया गज्जू , मंडीदीप, तहसील-गौहरगंज, जिला-मंडीदीप (म.प्र.) में स्थित, क्षेत्रफल 24*45=945 वर्ग फुट या 87.80 वर्ग मीटर है। भूतल का निर्माण क्षेत्रफल 856 वर्ग फुट या 79.55 वर्ग मीटर और प्रथम तल का निर्माण क्षेत्रफल 577 वर्ग फुटया 53.62 वर्ग मीटर है। सीमाएँ : पूर्व -प्लाट नं.390, पश्चिम -प्लाट नं. 392, उत्तर -शीतल मेगा सिटी कॉलोनी रोड, दक्षिण- अन्य की भूमि। | ₹ 25,39,684.46 दिनांक 29.07.2025 तक+ अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य खर्च; नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक: 05-02-2026 / 15-04-2026 |

**वैधानिक सूचना:** ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित (**Noticed**) किया जाता है कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चों का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद शेष ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदारों से की जावेगी।

दिनांक: 15/04/2026, स्थान: भोपाल — **प्राधिकृत अधिकारी , पंजाब नैशनल बैंक**



**कार्यालय नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा ( म .प्र . )**
**Municipal Corporation Chhindwara (M.P.)**
Add. In Front of Shukla Ground, Guraiya Road Ward No. 39, Chhindwara 480001 (MP)
Tel. 07162-222346 E-Mail commissionerchhindwara@mpurben.gov.in

-//निविदा सूचना //-

क्रमांक / 108 / वा0शा0 /नपानि / 2025-26 — छिन्दवाड़ा, दिनाँक.....

एतद द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों को सुचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptnders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_500 675-1 | नगर निगम छिन्दवाडा के वाहन शाखा के डोर टू डोर वाहन इत्यादि के स्पेयर पार्टस क्रय करने हेतु | 40,00,000/- 12 माह | (1) 5,000/- (2) 30,000.00/- | 15-06-2026 |

नोट - निविदा से संबधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

वाहन प्रभारी
नगर पालिक निगम
छिंदवाड़ा



**कार्यालय जेल अधीक्षक, जिला जेल विदिशा म .प्र .**
फोन- 07592-232862 (कार्यालय), 07592-232862 (फैक्स)
ई-मेल आईडी : disttjailvidisha@gmail.com

क्रमांक 03/निर्वाह/2026 — विदिशा, दिनांक 13/4/2026

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना, वर्ष-2026-27 हेतु (द्वितीय आमंत्रण)**

म.प्र. पूर्ति नियम 1968 एवं म.प्र. भंडार क्रय एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जिला जेल विदिशा में परिरुद्ध बंदियों के लिए खाद्यान्न, सब्जी, फल, दवाइयों, स्वच्छता सामग्री, भवन निर्माण सामग्री, विद्युत सामग्री तथा अन्य आवश्यक सामग्रियों के क्रय हेतु वार्षिक निविदाएं ई-टेंडरिंग पद्धति (Online System) के माध्यम से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं. विस्तृत जानकारी सेन्ट्रल वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री बिड मीटिंग की तिथि | दिनांक 21/4/2026 को समय प्रात: 12 बजे | कार्यालय अधीक्षक, जिला जेल, विदिशा |
| 2. | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि | दिनांक 28/4/2026 समय शाम 6 बजे तक | वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त किए जा सकेंगे. |
| 3. | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | दिनांक 28/4/2026 समय शाम 6 बजे तक | वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन स्वीकार की जाएगी. |
| 4. | नमूने जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 28/4/2026 समय शाम 6 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल विदिशा |
| 5. | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 30/4/2026 समय दोपहर 12 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल विदिशा |
| 6. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 2/5/2026 को समय दोपहर 12 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल विदिशा |

ई-निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है. ई-निविदा में किया गया कोई भी संशोधन वेबसाइट www.mptenders.gov.in अपलोड किया जावेगा. इसकी सूचना पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नही की जाएगी. ई-निविदा संबंधी शेष समस्त कार्यवाही संबंधित जेलों द्वारा की जावेगी.

G11720/26 — जेल अधीक्षक, जिला जेल विदिशा



**कार्यालय वनमंडलाधिकारी, सामान्य वनमंडल हरदा**
फोन- 07577-222003, फैक्स- 07577-224224, ई-मेल- dfotharda@mp.gov.in

**विज्ञप्ति**

हरदा सामान्य वन मंडल के अंतिम रूप से राजसात वाहन (जहां है, जैसा है) के विक्रय हेतु मुहरबंद निविदाएं वन मंडल कार्यालय सामान्य हरदा में दिनांक 23/4/2026 को 3 बजे तक आमंत्रित की गई हैं, जो कि उक्त दिनांक 23/4/2026 को दिन के 3 बजे तक प्राप्त की जावेगी तथा प्राप्त निविदाएं उपस्थित निविदाकारों के समक्ष दिनांक 23/4/2026 को ही 4 बजे खोली जावेंगी. निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त निविदा मान्य नहीं होगी.
जप्त राजसात वाहन का विवरण जिनका निविदा द्वारा विक्रय किया जाना है :-

| अ.क्र. | वाहन का क्रमांक | वाहन का नाम | अवरोध दर (अपसेट प्राइस) | स्थान जहां वाहन रखा है |
|---|---|---|---|---|
| 1. | RJ192G2705 | ट्रक टाटा | 324000/- | परिक्षेत्र कार्यालय हंडिया स्थान हरदा |

**निविदाकार के लिए निम्नानुसार शर्तें बंधनकारी होंगी :-**

1. निविदा फार्म अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किए जा सकेंगे. प्रति निविदा फार्म की कीमत रुपए 100/- नगद जमा करानी होगी, जो वापसी योग्य नहीं होगी. निविदा फार्म दिनांक 23/4/2026 को दोपहर 2 बजे तक ही प्रदाय किए जावेंगे.
2. निविदाकार को वाहन के लिए निविदा के साथ चार पहिया वाहन की जमानत के रूप में राशि रुपए 5000/- का बैंक ड्रॉफ्ट राष्ट्रीयकृत बैंक का अधोहस्ताक्षरकर्ता के पदनाम (वन मंडल अधिकारी सामान्य हरदा) से जो हरदा में देय हो, प्रस्तुत करना होगा.
3. वाहनों के रजिस्ट्रेशन संबंधी कोई कागजात उपलब्ध नहीं हैं और न ही उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी विभाग की होगी.
4. वाहन पर किसी संस्थान/ बैंक/ निजी व्यक्ति फायनेंस बावत् कोई जिम्मेदारी विभाग की नही होगी.
5. सफल निविदाकार को वाहन क्रय की स्वीकृति प्रदान करने के 15 दिनों के अंदर वाहन की शेष राशि एवं क्रय वाहन की कीमत पर शासन निर्देशानुसार 18 प्रतिशत जीएसटी राशि का बैंक ड्रॉफ्ट पृथक से जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा जमानत की राशि राजसात करते हुए वाहन क्रय की स्वीकृति निरस्त कर दी जावेगी.
6. निविदा में उल्लेखित जप्तशुदा राजसात वाहन वर्तमान में जहां जैसा है, निविदा स्वीकृत होने की स्थिति में उसी हालत में प्राप्त करना होगा.
7. परिवहन विभाग में वाहन को पंजीकृत कराने का दायित्व क्रेता का होगा.
8. निविदा की विस्तृत शर्तें दिनांक 23/4/2026 तक कार्यालयीन समय में वनमंडल कार्यालय में देखी जा सकेंगी.
9. निविदाकार उक्त वाहनों का अवलोकन/ भौतिक सत्यापन कार्यालयीन समय में दर्शाए गए स्थानों पर कर सकेंगे तथा भौतिक सत्यापन पश्चात निविदा फार्म का क्रय एवं निविदा फार्म डालेंगे. निविदा दिनांक को वर्णित वाहनों के संबंध में आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी.
10. निविदा मान्य अथवा अमान्य करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा.
11. विवाद की स्थिति में हरदा ज्यूडिशियल क्षेत्र होगा.

(ज्योति मुड़िया)
भा.व.से.
वन मंडलाधिकारी, हरदा (सामान्य) वन मंडल

G11732/26



**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सम. / पश्चिम मध्य रेल भोपाल, भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15:30 बजे तक ई-टेन्डर आमंत्रित करते है। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धीत पूर्ण जानकारी वेवसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, एवं मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य) पशिचम मध्य रेल भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिये को ई मॅन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। इस निविदा मे कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेवसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदाकारों से निवेदन है, कि वह जीएसटी कानून 2017 के प्रावधानों के अनुसार अपने दर तथा निविदाए प्रस्तुत करे I **NIT No.:** 26-27-N-03-04 , **Date: 07.04.2026, Name of work including Location:** बरेठ बीना , बीना-गुना, बीना-MAKR और बीना-गुना-RTA सेक्शन के बीच के हिस्से की सफ़ाई बनाए रखने के लिए, 2 साल तक ट्रैक के बीच वाले हिस्से में कूड़ा-कचरा उठाने का काम, **Published cost of tender (Rs.):** 6671759.04, **Earnest Money:** 133400, **Completion period:** 24 माह, **Last date for submitting tender:** 30.04.2026, **NIT No.:** 26-27-N-04-05, **Date:** 07.04.2026, **Name of work including Location:** भोपाल-बीना और बीना-महादेवखेड़ी सेक्शन- ADEN बीना के अंतर्गत लेवल क्रॉसिंग संख्या 003, 297, 300, 301, 302 और 305 पर मौजूदा सड़क की सतह का डामरीकरण और मरम्मत, आदि तथा अन्य सहायक कार्यों का प्रावधान, **Published cost of tender (Rs.):** 23732334.19, **Earnest Money:** 474700, **Completion period:** 08 माह, **Last date for submitting tender:** 30.04.2026, **NIT No.:** 26-27-HQ-02-06, **Date:** 08.04.2026, **Name of work including Location:** भोपाल यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के संबंध में, पुल संख्या 835/2 (KM 835/21-23) और 835/A (KM 835/11-13) की पुल बैरल लंबाई का विस्तार, **Published cost of tender (Rs.):** 9899015.72, **Earnest Money:** 198000, **Completion period:** 06 माह,, **Last date for submitting tender:** 30.04.2026, **NIT No.:** 26-27-S-01-07, **Date:** 11.04.2026, **Name of work including Location:** भाग (A) इटारसी - ADEN/W/ET के अंतर्गत, प्लेटफॉर्म संख्या 7 की ओर इटारसी में एक नई लॉबी का निर्माण; साइट का क्षेत्रफल 600 वर्ग मीटर है। भाग (B) ET - ADEN/W/ET के अंतर्गत, इटारसी में नए गार्ड रनिंग रूम की क्षमता में वृद्धि; इसमें प्रत्येक में 2 बिस्तरों वाले 6 कमरे, एक रसोई और एक डाइनिंग एरिया शामिल है। भाग (C) इटारसी - ADEN/W/ET के अंतर्गत, पुराने ADEN कार्यालय स्थल पर एक नए रनिंग रूम (G+1) का निर्माण; इसमें प्रत्येक में 2 बिस्तरों वाले 30 कमरे शामिल हैं। भाग (D) निम्नलिखित भवनों का निर्माण (विद्युत कार्यों सहित): (i) SSE/Signal/HD, (ii) SSE/Tele/ET, (iii) SSE/Signal/ET और (iv) ADSTE/ET भवन। यह निर्माण कार्य "भोपाल मंडल के अंतर्गत विभिन्न SSE भवनों और कवर शेडों के निर्माण द्वारा S&T (संकेत एवं दूरसंचार) बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण" परियोजना के संबंध में किया जा रहा है, **Published cost of tender (Rs.):** 89920065.59, **Earnest Money:** 1798400, **Completion period:** 12 माह, **Last date for submitting tender:** 04.05.2026, **NIT No.:** 26-27-HQ-03-08, **Date:** 14.04.2026, **Name of work including Location:** RKMP यार्ड में मौजूदा पुल संख्या 831/1 का विस्तार, रानी कमलापति स्टेशन के यार्ड रीमॉडलिंग के संबंध में सिविल संपत्तियों का स्थानांतरण (UP और DN साइड में अतिरिक्त लूप के लिए, ताकि क्रॉस-क्रॉस आवाजाही कम हो सके) और ADEN (Works) भोपाल के अंतर्गत दो स्टेबलिंग लाइनों की व्यवस्था, **Published cost of tender (Rs.):** 14120040.82, **Earnest Money:** 282400, **Completion period:** 09 माह, **Last date for submitting tender:** 08.05.2026.

हस्ता.
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** — IDFC FIRST Bank
(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना**

निम्नलिखित उधारकताओं और सह- उधारकताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है ) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकताओं और सह-उधारकताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया। है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है ) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

| स. क्र. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 119104752. | संपत्ति के बदले ऋण | 02.04.2026 | 4,92,626.47/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं के नाम:** 1. रामनारायण मांगी 2. अंजू बाई

**संपत्ति का पता:** मकान संख्या 78, पीएच नं. 41, 1283.5 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाली संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और हिस्सा, जो गांव खेड़ी, तहसील राजगढ़, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश में स्थित है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तर: बालू सिंह सोंधिया का मकान, दक्षिण: सड़क, पूर्व: अमृत लाव्वंशी का मकान, पश्चिम: सड़क।

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड ( पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है ) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 ( 4 ) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है ) इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 ( 13 ) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक: 19.04.2026
स्थान: मध्यप्रदेश
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)









# हैदराबाद ने चेन्नई को 195 रन का लक्ष्य

## क्लासेन की दमदार पारी, चेन्नई की शानदार वापसी

**हैदराबाद, 18 अप्रैल. इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के एक अहम मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 194 रन बनाए. राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में हैदराबाद ने तेज शुरुआत के दम पर बड़ा स्कोर खड़ा करने की कोशिश की, लेकिन चेन्नई के गेंदबाजों ने शानदार वापसी करते हुए टीम को 200 रन के आंकड़े से दूर रोक दिया. अब चेन्नई सुपर किंग्स के सामने जीत के लिए 195 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य है.**



सनराइजर्स हैदराबाद की शुरुआत काफी आक्रामक रही. सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड ने पारी की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और चेन्नई के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया. दोनों बल्लेबाजों ने पावरप्ले के दौरान तेजी से रन बटोरे और गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया. चौकों और छक्कों की मदद से उन्होंने टीम का स्कोर तेजी से आगे बढ़ाया और शुरुआती ओवरों में ही मजबूत नींव रख दी.

अभिषेक शर्मा ने बेहतरीन टाइमिंग के साथ शॉट खेले और मैदान के हर कोने में रन बनाए. वहीं ट्रैविस हेड ने भी अपने स्वाभाविक आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए गेंदबाजों को बैकफुट पर धकेल दिया. दोनों के बीच हुई साझेदारी ने यह संकेत दे दिया था कि हैदराबाद एक बड़ा स्कोर खड़ा कर सकती है.

हालांकि, चेन्नई सुपर किंग्स ने जल्द ही मैच में वापसी की. ईशान किशन का महत्वपूर्ण विकेट गिरते ही हैदराबाद की पारी की रफ्तार धीमी पड़ गई. यह विकेट चेन्नई के लिए टर्निंग पॉइंट साबित हुआ. इसके बाद गेंदबाजों ने सटीक लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी करते हुए बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया. मध्यक्रम में हेनरिक क्लासेन ने पारी को संभालने की जिम्मेदारी उठाई. जब एक छोर से विकेट गिर रहे थे, तब क्लासेन ने संयम के साथ बल्लेबाजी की और स्कोरबोर्ड को चलाते रहे. उन्होंने परिस्थिति के अनुसार खेलते हुए आक्रामक और रक्षात्मक दोनों तरह की बल्लेबाजी का संतुलन बनाए रखा. स्पिन और तेज गेंदबाजों के खिलाफ उन्होंने शानदार शॉट लगाए और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई.

क्लासेन की पारी की बदौलत हैदराबाद की टीम मजबूत स्थिति में नजर आ रही थी, लेकिन चेन्नई के गेंदबाजों ने एक बार फिर वापसी की. जेमी ओवरटन और अंशुल कांबोज ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए मध्य और डेथ ओवरों में महत्वपूर्ण विकेट झटके. दोनों गेंदबाजों ने अपनी विविधता और सटीकता से बल्लेबाजों को परेशान किया.

### चेन्नई के गेंदबाजों ने किया शानदार प्रदर्शन

डेथ ओवरों में चेन्नई के गेंदबाजों ने खासतौर पर शानदार प्रदर्शन किया. न्होंने यॉर्कर, धीमी गेंदों और सटीक लाइन का इस्तेमाल करते हुए रन गति पर नियंत्रण बनाए रखा. बड़े शॉट खेलने की कोशिश में हैदराबाद के बल्लेबाज लगातार विकेट गंवाते रहे, जिससे टीम 200 रन के आंकड़े तक नहीं पहुंच सकी. अंतिम पांच ओवरों में हैदराबाद की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई और टीम अपेक्षित तेजी से रन नहीं बना सकी. लगातार विकेट गिरने के कारण बल्लेबाज खुलकर खेलने में असफल रहे और चेन्नई के गेंदबाजों ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया. नतीजतन, हैदराबाद की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 194 रन ही बना सकी. चेन्नई को अगर इस लक्ष्य को हासिल करना है, तो टीम को तेज शुरुआत की जरूरत होगी. सलामी बल्लेबाजों को पावरप्ले का पूरा फायदा उठाना होगा और विकेट बचाकर रन गति बनाए रखनी होगी.

# दिल्ली की शानदार वापसी जीत

## 175 रन का लक्ष्य चार विकेट खोकर किया हासिल

**बेंगलुरु, 18 अप्रैल. इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को उसके घरेलू मैदान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 6 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की.**



176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम ने संयम और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखाया और चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया. यह मुकाबला आखिरी ओवर तक रोमांच से भरा रहा और दर्शकों को एक हाई-वोल्टेज मैच देखने को मिला. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बेंगलुरु की टीम ने तेज शुरुआत की. सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली के गेंदबाजों पर दबाव बनाया. उन्होंने पावरप्ले में ही चौके-छक्कों की बरसात कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया. सॉल्ट ने 63 रन की तेजतर्रार पारी खेली और ऐसा लग रहा था कि बेंगलुरु 190 से अधिक का स्कोर खड़ा कर सकती है. हालांकि, दूसरे छोर से लगातार विकेट गिरने के कारण टीम की रफ्तार पर ब्रेक लग गया. विराट कोहली इस मुकाबले में बड़ी पारी नहीं खेल सके और जल्दी पवेलियन लौट गए. मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने शुरुआत तो की, लेकिन कोई भी लंबे समय तक क्रीज पर टिक नहीं सका. दिल्ली के गेंदबाजों ने शानदार वापसी करते हुए मध्य ओवरों में रन गति को रोक दिया और नियमित अंतराल पर विकेट हासिल किए. नतीजतन, बेंगलुरु की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 175 रन ही बना सकी. 176 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही.

> दिल्ली कैपिटल्स के लिए यह जीत काफी महत्वपूर्ण है. मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उसके घरेलू मैदान पर जीत हासिल करना टीम के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा. इस जीत से दिल्ली को अंक तालिका में भी फायदा मिलेगा और प्लेऑफ की दौड़ में उसकी स्थिति मजबूत होगी. यह मुकाबला आईपीएल 2026 के सबसे रोमांचक मैचों में से एक रहा, जिसमें दिल्ली ने दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह साबित कर दिया कि सही रणनीति और संयम से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है.

## एक नजर में



### दक्षिण अफ्रीका की शानदार जीत, भारत पर भारी

**डरबन.** अयाबोंगा खाका (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद कप्तान लॉरा वुलफार्ट (51) और एनरी डकर्सन (नाबाद 44) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने पहले टी-20 मुकाबले में भारत को पांच गेंदें शेष रहते छह विकेट से शिकस्त दी. इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है. दक्षिण अफ्रीका ने 19.1 ओवरों में चार विकेट पर 158 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया. कप्लान लॉरा वुलफार्ट ने 39 गेंदों में आठ चौके लगाते हुए (51) रनों की पारी खेली. सुने लूस (13) रन बनाकर पहले विकेट के रूप में आउट हुई. दूसरा विकेट आठवें ओवर में तेजमिन ब्रिट्स (10) के रूप में गिरा. 14वें ओवर में श्रेयंका ने लॉरा वुलफार्ट को आउट किया. अन्नेका बोश (आठ) रन को अरुंधति रेड्डी ने पगबाधा आउट किया. एनरी डकर्स ने 34 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 44 रनों की पारी खेली. भारतीय टीम के लिए श्रेयंका पाटिल ने दो विकेट लिये. अरुंधति रेड्डी और श्रीचारणी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया.

### हैदराबाद ने डेविड पेन की जगह कोएत्ज़ी को चुना



**हैदराबाद.** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के बाकी मैचों के लिए डेविड पेन की जगह जेराल्ड कोएत्ज़ी को साइन किया है. पेन - जिन्होंने मौजूदा आईपीएल सीजन में एसआरएच के लिए 2 मैच खेले और उनमें 2 विकेट लिए - टखने की चोट के कारण सीजन के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं. कोएत्ज़ी - एक दाएं हाथ के तेज़ गेंदबाज़ - ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 4 टेस्ट, 14 वनडे और 18 टी20 मैच खेले हैं और उनके नाम 67 अंतरराष्ट्रीय विकेट हैं. कोएत्ज़ी, जो एसआरएच में पेन की जगह ले रहे हैं, ने पहले 14 आईपीएल मैच खेले हैं - गुजरात टाइटन्स (जीटी) और मुंबई इंडियंस (एमआई) का प्रतिनिधित्व करते हुए - और उनके नाम 15 आईपीएल विकेट हैं. वह एसआरएच में 2 करोड़ रुपये में शामिल होंगे.



### बाई ने की देशव्यापी मैस्कॉट प्रतियोगिता की घोषणा

**नई दिल्ली.** बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया (बाई) ने आने वाली बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 के लिए एक देशव्यापी मैस्कॉट डिज़ाइन प्रतियोगिता की घोषणा की है. इसमें प्रशंसकों, कलाकारों और क्रिएटर्स को बैडमिंटन के सबसे प्रतिष्ठित वैश्विक आयोजनों में से एक की पहचान को आकार देने में भूमिका निभाने के लिए आमंत्रित किया गया है. प्रशंसकों की भागीदारी को गहरा करने और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता के साथ-साथ इसकी बढ़ती बैडमिंटन विरासत का जश्न मनाने के उद्देश्य से शुरू की गई यह पहल, बाई द्वारा समुदाय को खेल के और करीब लाने का अपनी तरह का पहला प्रयास है. वर्ल्ड चैंपियनशिप 17-23 अगस्त तक नई दिल्ली में होगी. वर्ल्ड चैंपियनशिप 17 साल बाद भारत लौट रही है.

# हरभजन ने आशीष नेहरा की तुलना एक फुटबॉल कोच से की

**नयी दिल्ली, 18 अप्रैल.** जियो हॉटस्टार के 'चैंपियंस वाली कमेंट्री' पर बोलते हुए, जियो स्टार के एक्सपर्ट हरभजन सिंह ने गुजरात टाइटन्स के हेड कोच आशीष नेहरा के कोचिंग स्टाइल की तुलना एक फुटबॉल कोच से की, और उनकी लगातार एनर्जी और खिलाड़ियों के साथ बातचीत करने के तरीके का खास तौर पर जिक्र किया. हरभजन ने कहा, 'आशीष नेहरा ही एकमात्र ऐसे इंसान हैं जो कहीं भी, कभी भी माहौल को आरामदायक बना देते हैं. वह जहाँ भी जाते हैं, अपने आस-पास मौजूद हर किसी को सहज महसूस कराते हैं. सिर्फ़ खुद को ही नहीं, बल्कि हर उस इंसान को जो उनके साथ काम करता है.



वह उन बेहतरीन इंसानों में से एक हैं जिनसे आप कभी मिलेंगे. अगर आप उनके साथ हैं, तो आपका समय अच्छा बीतेगा, इसकी पूरी गारंटी है. गुजरात टाइटन्स में उनका सबसे बड़ा योगदान सभी को एकजुट रखना है. यही हैं आशीष नेहरा. वह एक फुटबॉल कोच की तरह हैं. वह कभी एक जगह टिककर नहीं बैठते. पूरे मैच के दौरान, वह किसी न किसी खिलाड़ी को ढूँढ़ लेते हैं और उससे बात करते रहते हैं.

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने की दमदार वापसी

## अर्जेंटीना के चार मैचों के दौरे को 2-2 की बराबरी पर किया समाप्त

**ब्यूनस आयर्स, 18 अप्रैल, भारतीय महिला हॉकी टीम ने पहले दो मैचों में मिली हार के बावजूद आखिरी दो मैचों में वापसी करते हुए अर्जेंटीना के अपने चार मैचों के दौरे को 2-2 की बराबरी पर समाप्त किया.**




दौरे की शुरुआत 13 अप्रैल को एक कड़े मुकाबले वाले मैच से हुई, जिसमें नवनीत कौर ने (22वें) और अन्नू ने (29वें) मिनट में भारत के लिए गोल किए. हालांकि अर्जेंटीना ने यह मैच 4-2 से जीता. जिसमें मारिया एमिलिया लार्सन ने (11वें), विक्टोरिया ग्रैनाटो ने (18वें), और जूलिएटा जानकुनास ने (42वें 55वें) मिनट गोल किए. लेकिन भारत ने पूरे मैच के दौरान जोरदार आक्रामक खेल दिखाया. 14 अप्रैल को खेले गए दूसरे मैच में, इशिका ने (22वें) मिनट भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन मेजबान टीम ने अगस्टिना गोरजेलानी ने (34वें, 48वें) मिनट दो गोलों की मदद से 2-1 से करीबी जीत हासिल की. 16 अप्रैल को तीसरे मैच में भारत ने अपनी लय हासिल कर ली और 2-1 से जीत दर्ज करके सीरीज में अपनी उम्मीदें जिंदा रखीं. नवनीत कौर ने (26वें) और नेहा ने (37वें) मिनट दोनों ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल करके भारत को 2-0 की आरामदायक बढ़त दिलाई.

> अर्जेंटीना की अगस्टिना गोरजेलानी ने (52वें) मिनट आखिरी समय में किए गए गोल के बावजूद, भारतीय टीम ने अपना संयम बनाए रखा और जीत हासिल करके आखिरी दिन के रोमांचक मुकाबले की नींव रखी. 17 अप्रैल को सीरीज का फाइनल मैच एक कड़ा मुक़ाबला था जो निर्धारित समय में 0-0 की बराबरी पर समाप्त हुआ. दोनों टीमों को गोल करने के मौके मिले, लेकिन भारतीय रक्षकों ने पूरे मैच के दौरान मजबूती से डटे रहते हुए कोई गोल नहीं होने दिया. शूटआउट में, भारत ने अपना संयम बनाए रखा और 3-2 से जीत हासिल करके यह सुनिश्चित किया कि सीरीज बराबरी पर ख़त्म हो.

# बाउंसर रबाडा का सबसे बड़ा हथियार

**अहमदाबाद, 18 अप्रैल अपनी मजबूत योजनाओं के जानी जाने वाली टीम गुजरात टाइटंस (जीटी) के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा का कहना है कि अतिरिक्त बाउंस उनका सबसे बड़ा हथियार रहा है.**



मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में रबाडा ने कहा, 'एक्स्ट्रा बाउंस मेरे पूरे करियर में मेरा सबसे बड़ा हथियार रहा है. हर गेंदबाज़ अलग होता है. कुछ गेंदबाज स्किडी होते हैं और कुछ ज्यादा बाउंस निकालते हैं. जैसे सिराज को देखिए, वह ज्यादा स्किडी हैं. और जिन पिचों पर गेंद नीची रहती है, वहां वह मुझसे अधिक खतरनाक हो जाते हैं. लेकिन जिन पिचों पर बाउंस थोड़ा अधिक होता है, वहां मेरी ताकत सामने आती है. हालांकि दिन के अंत में बात यह है कि आपको हर तरह की पिच से अधिक से अधिक निकालना होता है. आज की पिच बिल्कुल सपाट नहीं थी, उसमें नमी भी थी.' कल रात कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ (केकेआर) गुजरात टाइटंस ने पावरप्ले में मोहम्मद सिराज और कगिसो रबाडा से तीन-तीन ओवर करवाए, जहां आमतौर पर टीमें कई गेंदबाजो का इस्तेमाल करती हैं.

> उन्होंने कहा, 'भारत में आम तौर पर तीन तरह के हालात होते हैं. काली मिट्टी, लाल मिट्टी या दोनों का मिश्रण. और कई बार पिच वैसी नहीं खेलती जैसी आप उम्मीद करते हैं. आज की पिच देखने में उन लाल मिट्टी वाली पिचों जैसी लग रही थी जिन पर हमने पहले खेला है, लेकिन इसका व्यवहार थोड़ा अलग था, हालांकि काफी हद तक मिलता-जुलता भी था. शुरुआत में पिच पर तोड़ी नमी थी और पिच थोड़ी डबल पेस भी थी. बाउंस भी थोड़ा अनियमित था, इसलिए बल्लेबाज खुलकर शॉट नहीं खेल पाए और उन्हें अपने स्ट्रोक्स पर नियंत्रण रखना पड़ा.'

# नोवाक जोकोविच-एलीन लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स के होंगे सह-मेजबान

**मैड्रिड, 18 अप्रैल. दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और फ्रीस्टाइल स्कीइंग स्टार एलीन गु इस बार लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स 2026 की संयुक्त रुप से मेजबानी करेंगे. यह पहली बार है जब दो स्टार एथलीट इस समारोह की मेजबानी करेंगे.**



यह समारोह सोमवार को मैड्रिड के मशहूर पलासिओ डे सिबेलेस में आयोजित किया जाएगा. समारोह में विश्व भर के दिग्गज खिलाड़ी, सेलिब्रिटी और खेल प्रेमी हिस्सा लेंगे. जोकोविच ने रिकॉर्ड पांच बार 'लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ़ द ईयर' का खिताब जीता है. वे ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं और उन्होंने पुरुषों के ग्रैंड स्लैम सिंगल्स में रिकॉर्ड 24 खिताब अपने नाम किए हैं.

### एलीन सबसे ज़्यादा पुरस्कार जीतने वाली एथलीट

एलीन गु फ्रीस्टाइल स्कीइंग के इतिहास की सबसे ज़्यादा पुरस्कार जीतने वाली एथलीट हैं : वे कई बार की ओलंपिक और विश्व चैंपियन हैं, 2023 की 'लॉरियस वर्ल्ड एक्शन स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ़ द ईयर' हैं, और एक लॉरियस एंबेसडर भी हैं. समारोह में 'स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर', 'स्पोर्ट्सवुमन ऑफ़ द ईयर', 'टीम ऑफ़ द ईयर', 'ब्रेकथ्रू ऑफ़ द ईयर' और 'कमबैक ऑफ़ द ईयर' जैसी विभिन्न श्रेणियों में दिए जाएंगे.

**आईपीएल 2026** पंजाब किंग्स शानदार फॉर्म में, लखनऊ सुपर जायंट्स लगातार संघर्ष कर रही

# क्रिकेट का महासंग्राम : चार टीमें आमने-सामने

**नयी दिल्ली, 18 अप्रैल आईपीएल 2026 में रविवार का दिन क्रिकेट प्रेमियों के लिए बेहद खास होने वाला है, जहां दो बड़े मुकाबले खेले जाएंगे. एक ओर मुल्लनपुर में पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स आमने-सामने होंगी, जबकि दूसरी ओर कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच हाई-वोल्टेज भिड़ंत देखने को मिलेगी.**

पंजाब किंग्स इस सीजन में शानदार लय में नजर आ रही है. टीम ने अब तक अपने प्रदर्शन से यह साबित किया है कि वह संतुलित और स्पष्ट रणनीति के साथ मैदान पर उतर रही है. सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह आक्रामक लेकिन समझदारी भरी बल्लेबाजी कर रहे हैं. उनके साथ प्रियांश आर्य पावरप्ले में तेज शुरुआत देने की कोशिश करते हैं, जिससे टीम को मजबूत आधार मिलता है. मध्यक्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर टीम की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरे हैं. उनकी बल्लेबाजी में परिपक्वता, समय का सही चयन और दबाव को संभालने की क्षमता पंजाब को लगातार मजबूती दे रही है. उनके साथ कूपर कोनोली जैसे खिलाड़ी टीम को स्थिरता प्रदान करते हैं. ऑलराउंडरों की बात करें तो मार्कस स्टोइनिस, शशांक सिंह और मार्को यानसन टीम को गहराई और लचीलापन देते हैं. गेंदबाजी विभाग में अर्शदीप सिंह अपनी लय में लौट चुके हैं और नई गेंद से लगातार विकेट निकाल रहे हैं.







> कप्तान ऋषभ पंत टीम के लिए सबसे अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं. वह अकेले दम पर मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं, लेकिन उनकी फॉर्म और फिटनेस टीम के लिए चिंता का विषय बनी हुई है. गेंदबाजी में मोहम्मद शमी और आवेश खान टीम को मजबूती देते हैं, लेकिन उन्हें लगातार प्रदर्शन करना होगा. अब बात करें ईडन गार्डन्स में होने वाले मुकाबले की, तो यहां कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स आमने-सामने होंगी. कोलकाता अपनी पहली जीत की तलाश में है.

> राजस्थान रॉयल्स इस समय शानदार फॉर्म में है. टीम ने अब तक अधिकांश मैचों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और अंक तालिका में मजबूत स्थिति में बनी हुई है. वैभव सूर्यवंशी और रियान पराग जैसे खिलाड़ी बल्लेबाजी में लगातार योगदान दे रहे हैं. ईडन गार्डन्स की पिच हमेशा से बल्लेबाजों के लिए मददगार रही है. यहां तेज आउटफील्ड और छोटी बाउंड्री के कारण बड़े स्कोर देखने को मिलते हैं. ऐसे में टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करना पसंद कर सकती है.



नवभारत
भोपाल, रविवार, 19 अप्रैल 2026

**ज्योतिषीय दूरदर्शन**

# एक विधा का सृजन और विनाश



ज्योतिषाचार्य
तेजस्कर पाण्डेय

यह भी उल्लेखनीय है कि इस विधा का पूर्णत: अंत नहीं हुआ, बल्कि इसका स्वरूप परिवर्तित हो गया. अब ज्योतिषीय सामग्री दूरदर्शन के अतिरिक्त अन्य माध्यमों, जैसे डिजिटल मंचों, व्यक्तिगत परामर्श सेवाओं और शैक्षिक संस्थानों के माध्यम से प्रस्तुत की जाने लगी. इस परिवर्तन ने यह स्पष्ट किया कि किसी भी विधा का अस्तित्व उसके माध्यम पर निर्भर नहीं होता, बल्कि उसके अंतर्निहित ज्ञान और उसकी सामाजिक उपयोगिता पर निर्भर करता है. इस प्रकार, ज्योतिषीय दूरदर्शन का पतन वास्तव में एक संक्रमण का चरण है, जिसमें एक पुराना माध्यम अपनी सीमाओं के कारण पीछे हटता है और नए माध्यमों के लिए स्थान बनाता है. यह प्रक्रिया किसी भी सांस्कृतिक या ज्ञान-आधारित विधा के विकास का स्वाभाविक अंग है, जहाँ परिवर्तन और अनुकूलन के माध्यम से ही अस्तित्व बना रहता है.

**आधुनिक** काल में संचार के साधनों के तीव्र विस्तार ने मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को गहराई से प्रभावित किया है, और इस परिवर्तनशील परिदृश्य में दूरदर्शन ने एक अत्यंत प्रभावशाली माध्यम के रूप में अपनी सुदृढ़ उपस्थिति दर्ज कराई है. प्रारम्भ में जहाँ दूरदर्शन का उपयोग मुख्यत: समाचार, शिक्षा और मनोरंजन के लिए किया जाता था, वहीं समय के साथ इसने समाज के सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक आयामों को भी अपने कार्यक्रमों में समाहित कर लिया. इसी क्रम में ज्योतिष, जो भारतीय समाज में प्राचीन काल से ही विश्वास और व्यवहार का अभिन्न अंग रहा है, दूरदर्शन के माध्यम से एक नये रूप में प्रस्तुत हुआ और धीरे-धीरे 'ज्योतिषीय दूरदर्शन' एक विशिष्ट विधा के रूप में विकसित हो गया. यह विधा केवल भविष्यकथन तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसने समाज के विश्वास-तंत्र, सांस्कृतिक संरचनाओं, मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं और आर्थिक प्रक्रियाओं को भी गहराई से प्रभावित किया.

यदि इस विधा के उद्भव की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का अध्ययन किया जाए तो यह स्पष्ट होता है कि ज्योतिष का जनसंचार माध्यमों में प्रवेश दूरदर्शन से पहले ही हो चुका था, जब आकाशवाणी के माध्यम से राशिफल और ज्योतिषीय विचारों का प्रसारण किया जाता था. किन्तु इन कार्यक्रमों में दृश्य प्रस्तुति का अभाव होने के कारण उनका प्रभाव सीमित था. दूरदर्शन के आगमन ने इस स्थिति को परिवर्तित कर दिया, क्योंकि इसमें दृश्य और श्रव्य दोनों का समन्वय संभव था, जिससे प्रस्तुति अधिक आकर्षक और प्रभावशाली बन गई. भारत में प्रारम्भिक काल में सरकारी प्रसारण माध्यमों के द्वारा धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ ज्योतिषीय विषयों का भी समावेश हुआ, किन्तु वास्तविक विस्तार तब हुआ जब आर्थिक उदारीकरण के पश्चात निजी प्रसारण संस्थानों की संख्या में वृद्धि हुई और प्रतिस्पर्धा का वातावरण उत्पन्न हुआ. इस प्रतिस्पर्धा ने ऐसे विषयों की खोज को प्रेरित किया जो कम व्यय में अधिक दर्शकों को आकर्षित कर सकें, और ज्योतिष इस दृष्टि से अत्यंत उपयुक्त सिद्ध हुआ, क्योंकि यह पहले से ही समाज के दैनिक जीवन में गहराई से निहित था.



समाजशास्त्रीय दृष्टि से ज्योतिषीय दूरदर्शन का उद्भव आधुनिक जीवन की अनिश्चितताओं से भी जुड़ा हुआ है. वर्तमान समय में आर्थिक अस्थिरता, रोजगार की अनिश्चितता, सामाजिक संरचनाओं में परिवर्तन और जीवन की जटिलताओं ने व्यक्ति के भीतर भविष्य के प्रति चिंता और असुरक्षा की भावना को जन्म दिया है. ऐसी परिस्थितियों में ज्योतिषीय कार्यक्रम व्यक्ति को एक प्रकार का मानसिक संतुलन और आश्वासन प्रदान करते हैं. ये कार्यक्रम न केवल भविष्य की संभावनाओं का संकेत देते हैं, बल्कि यह विश्वास भी उत्पन्न करते हैं कि जीवन की घटनाएँ किसी न किसी प्रकार के ब्रह्मांडीय नियमों के अधीन संचालित होती हैं और उनका पूर्वानुमान संभव है. इस प्रकार, ज्योतिषीय दूरदर्शन व्यक्ति की मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं, जैसे आशा, मार्गदर्शन और आत्मविश्वास की पूर्ति करता है.

भारतीय समाज में परम्परा और आधुनिकता का सहअस्तित्व भी इस विधा के विकास का एक महत्वपूर्ण कारण रहा है. एक ओर जहाँ वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तकनीकी प्रगति ने जीवन को आधुनिक स्वरूप प्रदान किया है, वहीं दूसरी ओर पारम्परिक मान्यताएँ, धार्मिक आस्थाएँ और ज्योतिषीय विश्वास आज भी समाज में गहराई से स्थापित हैं. ज्योतिषीय दूरदर्शन ने इन दोनों के बीच एक सेतु का कार्य किया है, जिसमें प्राचीन ज्ञान को आधुनिक तकनीकी माध्यम के द्वारा व्यापक जनसमूह तक पहुँचाया गया. इस प्रक्रिया में ज्योतिष को एक नवीन स्वरूप प्राप्त हुआ, जिसमें पारम्परिक तत्वों के साथ आधुनिक प्रस्तुति शैली का समावेश हुआ और यह अधिक व्यापक तथा प्रभावशाली बन गया.

इस विधा की संरचना का विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि ज्योतिषीय कार्यक्रमों ने एक विशिष्ट प्रस्तुति शैली विकसित की है. इन कार्यक्रमों में ज्योतिषी केवल एक विद्वान के रूप में नहीं, बल्कि एक प्रभावशाली वक्ता और संचारक के रूप में उपस्थित होता है, जो अपनी भाषा, शैली और भावनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से दर्शकों के साथ एक आत्मीय संबंध स्थापित करता है. प्रत्यक्ष संवाद आधारित कार्यक्रमों ने इस संबंध को और अधिक सुदृढ़ किया, क्योंकि इनमें दर्शक अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को प्रस्तुत कर तत्काल समाधान प्राप्त कर सकते थे. इस प्रकार, ज्योतिषीय दूरदर्शन ने व्यक्तिगत और सामूहिक दोनों स्तरों पर प्रभाव स्थापित किया. साथ ही, इन कार्यक्रमों में केवल भविष्यकथन ही नहीं, बल्कि विभिन्न प्रकार के उपायों पर भी बल दिया गया, जैसे पूजा-पाठ, दान, रत्न धारण आदि, जिससे यह विधा केवल सैद्धान्तिक न रहकर व्यवहारिक मार्गदर्शन का माध्यम बन गई.

आर्थिक दृष्टि से भी ज्योतिषीय दूरदर्शन का विकास अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है. इन कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न प्रकार के उत्पादों, जैसे रत्न, यंत्र और धार्मिक सामग्री का प्रचार-प्रसार होने लगा, जिससे यह एक संगठित आर्थिक गतिविधि में परिवर्तित हो गया. इसके अतिरिक्त, ज्योतिषियों का व्यक्तित्व स्वयं एक पहचान और प्रभाव के रूप में स्थापित होने लगा, जिससे उनकी लोकप्रियता और सामाजिक प्रभाव में वृद्धि हुई. इस प्रकार, यह स्पष्ट होता है कि ज्योतिषीय दूरदर्शन केवल सांस्कृतिक या धार्मिक अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं रहा, बल्कि यह एक आर्थिक तंत्र का भी हिस्सा बन गया, जिसमें बाजार की शक्तियाँ और उपभोक्ता व्यवहार दोनों ही सक्रिय रूप से कार्य करते हैं.

वैश्विक स्तर पर भी इस प्रकार की प्रवृत्तियाँ देखने को मिलती हैं, जहाँ विभिन्न देशों में ज्योतिष, आध्यात्मिक परामर्श और रहस्यमय ज्ञान से संबंधित कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाता रहा है. तथापि भारतीय संदर्भ में इसकी विशेषता यह है कि यहाँ ज्योतिष केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण निर्णयों, जैसे विवाह, व्यवसाय और धार्मिक अनुष्ठानों से जुड़ा हुआ एक सांस्कृतिक और सामाजिक तंत्र है. यही कारण है कि ज्योतिषीय दूरदर्शन को समाज में व्यापक स्वीकृति प्राप्त हुई और यह एक सशक्त माध्यम के रूप में विकसित हुआ.

# सीता नवमी पर बन रहा महासंयोग



**वैशाख** मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाने वाली सीता नवमी इस वर्ष 25 अप्रैल 2026 को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाएगी. इस पावन दिन को माता सीता के प्राकट्य उत्सव के रूप में जाना जाता है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन व्रत और पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि, वैवाहिक सौभाग्य और आर्थिक उन्नति का आशीर्वाद प्राप्त होता है.

इस बार सीता नवमी का महत्व और भी बढ़ गया है, क्योंकि इस दिन 'अबूझ मुहूर्त' और 'रवि योग' का विशेष संयोग बन रहा है. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, यह दुर्लभ योग किसी भी शुभ कार्य, साधना और पूजा के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है. ऐसा समय जिसमें किसी भी मांगलिक कार्य के लिए अलग से शुभ मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती. वहीं रवि योग को बाधाओं को दूर करने और तेजस्विता प्रदान करने वाला योग माना गया है.

**माता सीता के जन्म की कथा**-पौराणिक कथा के अनुसार, मिथिला में एक बार भयंकर अकाल पड़ा. तब राजा जनक ने ऋषियों के कहने पर यज्ञ भूमि तैयार करने के लिए स्वयं हल चलाया. उसी दौरान भूमि से एक स्वर्ण कलश निकला, जिसमें एक दिव्य कन्या थी. यही कन्या माता सीता थीं. उनके प्रकट होते ही वर्षा हुई और राज्य में समृद्धि लौट आई.

**पूजा विधि**- सीता नवमी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और घर के पूजा स्थल को गंगाजल से शुद्ध करें. इसके बाद एक साफ चौकी पर लाल या पीला वस्त्र बिछाकर भगवान राम और माता सीता की प्रतिमा स्थापित करें. माता सीता को सोलह श्रृंगार की सामग्री अर्पित करें, जिसमें सिंदूर, चूड़ी, बिंदी और वस्त्र शामिल हों. इसके बाद अक्षत, चंदन, धूप और दीप से विधिपूर्वक पूजन करें.

## धार्मिक महत्व

धार्मिक मान्यता है कि माता सीता, देवी लक्ष्मी का ही अवतार हैं. इसलिए इस दिन उनकी पूजा करने से घर में धन-धान्य और समृद्धि का वास होता है. विशेष रूप से सुहागिन महिलाएं इस दिन व्रत रखकर अपने वैवाहिक जीवन की सुख-शांति और पति की लंबी आयु की कामना करती हैं. ऐसा भी कहा जाता है कि सीता नवमी पर विधिपूर्वक पूजा करने से दरिद्रता दूर होती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है.



# गंगा सप्तमी उपाय से चमकेगा भाग्य

**वैशाख** माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि पर मनाई जाने वाली गंगा सप्तमी का सनातन धर्म में विशेष महत्व है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं. इस कारण यह दिन अत्यंत पवित्र और शुभ माना जाता है. साल 2026 में गंगा सप्तमी का पर्व 23 अप्रैल को मनाया जाएगा. इस दिन पूजा-पाठ, दान और विशेष उपाय करने से जीवन में सुख-समृद्धि और बाधाओं से मुक्ति मिलने की मान्यता है.

ज्योतिष और धार्मिक परंपराओं के अनुसार, गंगा सप्तमी के दिन भगवान शिव और मां गंगा की पूजा करने से व्यक्ति के जीवन में आ रही परेशानियां दूर हो सकती हैं. खासतौर पर करियर और व्यापार में रुकावट झेल रहे लोगों के लिए यह दिन बेहद महत्वपूर्ण माना गया है. कहा जाता है कि यदि इस दिन विधि-विधान से शिवलिंग का अभिषेक किया जाए, तो नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है और सफलता के मार्ग खुलते हैं. धार्मिक मान्यता है कि मां गंगा भगवान शिव की जटाओं में विराजमान हैं. इसलिए गंगा सप्तमी पर गंगाजल से शिवलिंग का अभिषेक करना अत्यंत शुभ माना जाता है. यह उपाय व्यक्ति के जीवन से बाधाएं दूर करने और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए किया जाता है.

**शिवलिंग अभिषेक की सही विधि :-** गंगा सप्तमी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें. इसके बाद सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित करें और पूजा स्थल की साफ-सफाई करें. एक पात्र में गंगाजल और शुद्ध जल मिलाकर शिवलिंग के पास जाएं और उत्तर दिशा की ओर मुख करके खड़े हों. अब जल को धीरे-धीरे शिवलिंग पर अर्पित करें और इस दौरान 'ऊं नम: शिवाय' मंत्र का जाप करते रहें. इसके बाद शिवलिंग पर सफेद चंदन का तिलक लगाएं और बेलपत्र अर्पित करें. पूजा के दौरान देसी घी का दीपक जलाएं और भगवान को फल, मिठाई आदि का भोग लगाएं. अंत में प्रसाद का वितरण करें.

# घर में रखें ये चीजें बढ़ेगा धन



**ज्योतिष** और वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में रखी कुछ खास चीजें व्यक्ति की आर्थिक स्थिति पर गहरा प्रभाव डालती हैं. माना जाता है कि यदि सही वस्तुओं को सही स्थान पर रखा जाए, तो घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और धन-समृद्धि तेजी से बढ़ने लगती है. यही वजह है कि पुराने समय से ही घर में कुछ विशेष प्रतीकों और वस्तुओं को रखने की परंपरा चली आ रही है.

मान्यता है कि घर में तुलसी का पौधा रखना बेहद शुभ होता है. इसे धन और सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है. वहीं, शंख और मां लक्ष्मी की तस्वीर या मूर्ति को घर के पूजा स्थान पर रखने से आर्थिक तंगी दूर होने की मान्यता है. इसके अलावा, कुबेर यंत्र को भी धन वृद्धि के लिए प्रभावी माना जाता है, जिसे घर या तिजोरी में रखने से आय के नए स्रोत खुल सकते हैं. वास्तु शास्त्र के अनुसार, क्रिस्टल का कछुआ और मनी प्लांट भी घर में रखने से धन लाभ के संकेत मिलते हैं. खासतौर पर मनी प्लांट को उत्तर दिशा में रखना शुभ माना गया है, जो आर्थिक उन्नति को बढ़ावा देता है. इसके साथ ही घर में पानी से भरा कलश या छोटा फाउंटेन रखने से भी सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बना रहता है. इन वस्तुओं के साथ-साथ घर की साफ-सफाई और सकारात्मक वातावरण भी बेहद जरूरी है.



# अक्षय तृतीया पर बनेंगे 5 राजयोग

**अक्षय** तृतीया 2026 इस बार बेहद खास मानी जा रही है, क्योंकि इस शुभ दिन पर गजकेसरी योग समेत कुल 5 बड़े राजयोग बन रहे हैं. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, ये दुर्लभ संयोग कई राशियों के लिए किस्मत चमकाने वाले साबित हो सकते हैं. इस दिन किए गए शुभ कार्य, निवेश और पूजा का फल अक्षय यानी कभी न खत्म होने वाला माना जाता है.

पंचांग के अनुसार, अक्षय तृतीया वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है. इस साल यह पर्व विशेष ज्योतिषीय प्रभावों के कारण और भी महत्वपूर्ण हो गया है. गजकेसरी योग के साथ अन्य शुभ योगों का बनना धन, सफलता और समृद्धि के संकेत देता है. ज्योतिष मान्यताओं के मुताबिक, इस दिन सोना खरीदना, नया व्यापार शुरू करना, संपत्ति में निवेश करना और पूजा-पाठ करना अत्यंत शुभ होता है. खासतौर पर कुछ राशियों के जातकों को इस दिन अचानक आर्थिक लाभ, करियर में उन्नति और नए अवसर मिल सकते हैं.

धार्मिक दृष्टि से भी अक्षय तृतीया का विशेष महत्व है. माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि का वास होता है. इसके साथ ही दान-पुण्य करने से कई गुना फल प्राप्त होता है.

अक्षय तृतीया 2026 न सिर्फ धार्मिक बल्कि ज्योतिषीय दृष्टि से भी बेहद फलदायी मानी जा रही है, जो कई लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकती है.

# दरवाजे पर करें ये उपाय, आएगी सुख-समृद्धि



ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, इन सरल उपायों को नियमित रूप से अपनाने से घर का वातावरण सकारात्मक बना रहता है और जीवन में आ रही बाधाएं धीरे-धीरे समाप्त होने लगती हैं. हालांकि, ये सभी उपाय आस्था और मान्यताओं पर आधारित हैं, लेकिन इन्हें अपनाने से मन में विश्वास और सकारात्मक सोच का विकास जरूर होता है.

**वास्तु शास्त्र** और ज्योतिष के अनुसार घर का मुख्य दरवाजा ऊर्जा का सबसे बड़ा प्रवेश द्वार माना जाता है. यही कारण है कि दरवाजे पर किए गए छोटे-छोटे उपाय भी जीवन पर बड़ा प्रभाव डाल सकते हैं. मान्यता है कि यदि मुख्य द्वार पर सही तरीके से कुछ खास उपाय किए जाएं, तो घर में सुख-समृद्धि, सकारात्मक ऊर्जा और धन का आगमन तेजी से बढ़ सकता है.

ज्योतिष मान्यताओं के मुताबिक, घर के प्रवेश द्वार को हमेशा साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखना बेहद जरूरी है. दरवाजे पर गंदगी या टूट-फूट नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करती है, जिससे घर में आर्थिक और मानसिक समस्याएं बढ़ सकती हैं.

वहीं, नियमित रूप से दरवाजे पर हल्दी या कुमकुम से शुभ चिन्ह बनाना, जैसे स्वस्तिक या ओम, सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाता है.

इसके अलावा, दरवाजे पर आम या अशोक के पत्तों का तोरण लगाना भी शुभ माना गया है. यह न केवल नकारात्मक शक्तियों को दूर करता है, बल्कि घर में खुशहाली और शांति बनाए रखने में मदद करता है. शाम के समय मुख्य द्वार पर दीपक जलाना भी एक प्रभावी उपाय माना जाता है, जिससे लक्ष्मी जी का आगमन होता है.

# राशिफल

दिनांक- 19 से 25 अप्रैल 2026 तक



ज्योतिषाचार्य पंडित
प्रियंका नारायणशंकर व्यास,
कोतवाली बाजार,
जबलपुर मो.नं.
098266-21998


**साप्ताहिक ग्रहस्थिति**- इस सप्ताह सूर्य मेष राशि में, मंगल मीन राशि में, बुध मीन राशि में, गुरू मिथुन राशि में, शुक्र मेष राशि में ता. 19 को 2/16 दिन से वृषभ राशि में, शनि मीन राशि में, राहु कुम्भ राशि में, केतु सिंह राशि में और चन्द्रमा मेष वृषभ मिथुन और कर्क राशि में संचरण करेगा.

**ग्रहयोगों का प्रभाव** :- ता. 19 को वृषे चन्द्र और शुक्र के प्रभाव से गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, चना, गुड, खांड, शक्कर, सरसों, तिल, तेल, घी, मोती, चांदी, रूई, कपास में तेजी आएगी. ता. 22 को रेवत्यां बुध के प्रभाव से चांदी, गुड, खांड, घी, तेल, तिल, सरसों में मंदी आएगी, गेहूं, केसर, मजीठ, चन्दन, लाल मिर्च, कुसुम, सोना में तेजी आती है.

**पर्व-व्रत-त्यौहार** :


| | | |
|---|---|---|
| रविवार | 19 अप्रैल को | भगवान परशुराम प्रकटोत्सव (प्रदोष व्यापिनी), |
| सोमवार | 20 अप्रैल को | अक्षय तृतीया, विनायकी गणेश चतुर्थी व्रत, |
| गुरूवार | 23 अप्रैल को | श्री गंगा सप्तमीं, श्रीगंगोत्पत्ति, चित्रगुप्त प्रकटोत्सव, |
| शुक्रवार | 24अप्रैल को | मां बंगलामुखी प्रकटोत्सव, |
| शनिवार | 25 अप्रैल को | श्री जानकी प्रकटोत्सव, सीता नवमीं, |

**मेष**




इस सप्ताह आसपास का माहौल खुशनुमा पायेंगे, मेहमानवाजी में आनन्द महसूस करेंगे, आफिस में आपके खुले विचारों को कोई पसंद नहीं करेगा. अतीत से वर्तमान के साथ सामंजस्य बैठाने की कोशिश करेंगे, शेयर में धन निवेश से परहेज करें, व्यवसाय में सावधानी बरतें, आपसी संबंधों में अनदेखी न करें, संतान की उन्नति होगी, गुमी वस्तु मिलने का योग है.

**वृषभ**



इस सप्ताह आप अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहेंगे, घर के सदस्यों के स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ेगा, आस पड़ोस या रिश्तेदारों के साथ संबंध सुधरेंगे, सप्ताह में व्यवसाय व्यापार में विस्तार की संभावना बरती हैं, मेल मुलाकात उपयोगी रहेगी, अधिनस्थों का सहयोग रहेगा. माता पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें.

**मिथुन**



इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में आपको प्रतिभा दिखाने का बेहतर अवसर मिलेगा, आपको उत्तराधिकार का अवसर मिल सकता है, अपनी उदारता पर अंकुश रखा तो राहत मिलेगी, कार्यक्षेत्र प्रभावित होगा, छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी, सप्ताह में किसी रिश्तेदार से सुखद समाचार मिलेगा, कामकाजी महिलाओं को परेशानी होगी.

**कर्क**



इस सप्ताह परिस्थिति के अनुकूल विनम्रता अच्छी सफलता दिला सकती है, बहसबाजी और मुंह पर बोलने की आदत पर रोक लगायें, कार्य और व्यापार को सिर्फ धन कमाने का साधन ही नहींसमझें, बल्कि वह प्रतिष्ठा का आधार भी मानें, सामाजिक जिम्मेदारी अच्छे से निभायेंगे, परिश्रम अधिक करना होगा, कार्यक्षेत्र में प्रभावशाली सिद्ध होंगे.

**सिंह**



इस सप्ताह आपको कठिन प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा, निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिये अधिकारी दबाव बना सकते हैं, पद प्रतिष्ठा प्राप्ति का योग है, पारिवारिक जीवन में प्रेम आनन्द की अनुभूति मिलेगी, सप्ताह के मध्य विपरीत परिस्थिति से डटकर मुकाबला करना होगा, आप सही और गलत के बीच उलझ सकते हैं, जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें.

**कन्या**



इस सप्ताह पहले से चले आ रहे कार्य जारी रहेंगे, नये कार्यो में हाथ न डालें, लंबे समय से जिस सफलता की उम्मीद कर रहे हैं, वह मिलेगी, कार्यक्षेत्र में आपको विरोधियों का सामना करना होगा, जोड़ों का दर्द, बुखार आदि से परेशानी हो सकती है, पारिवारिक कार्यो में सफलता मिलेगी, भावनात्मक संबंधों में निकटता आयेगी, प्रापर्टी से अच्छा लाभ मिलेगा.

**तुला**




इस सप्ताह कुछ अच्छे दोस्त बन सकते हैं, जो आपकी मदद कर सकते हैं, घरेलू कार्यो को जिम्मेदारी से करें, टालमटोल की प्रवृत्ति का परिणाम हानिप्रद हो सकता है, घरेलू माहौल खुशनुमा रहेगा, सप्ताह के मध्य बढ़ते हुये खर्च सामने आयेंगे, व्यापार की कार्य योजना का विस्तार होगा, अधिक जल्दबाजी से निर्णय न करना हितकर रहेगा, सत्संग में रूचि रहेगी.

**वृश्चिक**




इस सप्ताह यदि अस्वस्थ्य हैं, और कमजोरी है, तो स्वास्थ्य में सुधार होगा, नये पार्टनरशिप के साथ कार्य के लिये समय अनुकूल है, अपने कार्य की क्षमता को पहचानकर कार्य करें, घरेलू मामलों के लिये सप्ताह अच्छा है, सप्ताह के उत्तरार्ध में भाग्य साथ देगा, लक्ष्य की प्राप्ति के लिये आपको अत्याधिक खर्च और परिश्रम करना पडेगा, अनुभवों का लाभ होगा.

**धनु**




इस सप्ताह आपके अधिकारी व शुभचिन्तक धन कमाने में आपकी सहायता करेंगे, व्यापार से जड़े लोग बेहतर प्रदर्शन करें, सफलता मिलेगी, घरेलू आयोजन आनन्दमय रहेगा, आप अपने से जुड़े लोगों के साथ संवाद बनाये रखें, सकारात्मक दृष्टिकोण आपको सफलता दिलायेगा, कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी, आमदानी में वृद्धि होगी, जीवनसाथी की अपेक्षाएं बढ़ेगी.

**मकर**



इस सप्ताह अकेले काम का बोझ उठा लेने से आपको नुकसान हो सकता है, अपने सहकर्मियों या अधिनस्थों केकारण कुछ परेशानी हो सकती है, नये कारोबार की शुरूआत ठीक रहेगी,पुमीन गलती को भूलकर आगे बढ़े, जीवन आसान हो जायेगा, कार्यक्षेत्र में आप मुश्किलों का डटकर सामना करें, सप्ताह में आपको अपने प्रयासों में अच्छी सफलता मिलेगी.

**कुम्भ**



इस सप्ताह सभी लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे, अपने घर में आप निर्माण संबंधी कोई सुधार कर सकते हैं, पुराना घर बेचकर नया घर खरीद सकते हैं, अविवाहितों को मनचाहा जीवनसाथी मिल सकता है, धार्मिक यात्रा होगी, छात्रों को कई मुश्किलों का सामना हो सकता है, व्यवसायिक वर्ग को नये अनुबंधों में शामिल होने के पहले विचार अवश्य करना चाहिये.

**मीन**



इस सप्ताह प्रापर्टी के बारोबार में अच्छा लाभ मिलेगा, व्यापारी आयात निर्यात के बारोबार की शुरूआत कर सकते हैं, अपने व्यवहार और आत्म विश्वास का प्रयोग कार्यक्षेत्र मेंकरेंगे, आप अतिरिक्त जिम्मेदारी को आसानी से निभा सकते हैं, सप्ताह के शुरूआत में आप भ्रमण की स्थिति मेंरहेंगे, परन्तु धीरे धीरे आप नये आयामों की ओर बढ़ेंगे, वित्तीय स्थिति से संतुष्ट रहेंगे.

# रविवारीय



डॉ.ब्रह्मदीप अलूने
(अंतर्राष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ)

ईरान और इज़राइल के बीच गहरा अविश्वास और ऐतिहासिक शत्रुता है,जो सीधे सैन्य संघर्ष और छद्म युद्ध के रूप में सामने आ रही है .1979 की ईरानी क्रांति के बाद से,ईरान के इस्लामी शासन ने इज़राइल को एक अवैध राज्य घोषित किया है और खुले तौर पर इसके विनाश की वकालत की है .इज़राइल ईरान के परमाणद्ध कार्यक्रम को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है और उसे रोकने के लिए सैन्य अभियान चलाता रहा है .ईरान की वर्तमान शासन व्यवस्था का आधार ही इज़राइल-विरोध पर टिका है,जिससे कूटनीतिक संबंधों की बहाली बहुत मुश्किल है . वर्तमान परिस्थितियों में इन दोनों देशों के बीच मित्रता नहीं हो सकती,क्योंकि उनका अविश्वास वैचारिक,रणनीतिक और सैन्य स्तर पर बहुत गहरा है .

# ईरान युद्ध और भारत की गुप्त कूटनीति

कूटनीतिक रूप से यह माना जाता है की जब दो देशों के बीच गहरा अविश्वास हो तो किसी तीसरे देश द्वारा मध्यस्थता करना एक कूटनीतिक गलती या जोखिम भरा कदम हो सकता है. ऐसे मामलों में तीसरा पक्ष अक्सर खुद फंस जाता है और तीसरे पक्ष की विश्वसनीयता पर सवाल उठने लग जाते है.तीसरा देश यदि किसी एक के करीब है,तो उसे निष्पक्ष नहीं माना जाएगा.पाकिस्तान ईरान का नजदीकी है जबकि इजराइल से उसके कोई संबंध नहीं है.अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देखा गया है की जब तीसरा पक्ष दोनों से रणनीतिक संबंध रखता है,तो वह मध्यस्थता में अनिच्छुक हो सकता है क्योंकि यह उसके अपने हितों को नुकसान पहुंचा सकता है.भारत और पाकिस्तान की नीति में यही अंतर है जो ईरान अमेरिका संघर्ष के दौरान देखने को मिला.

मध्य-पूर्व में तीन सत्ता केंद्र है,अरब शक्तियां,इज़राइल और ईरान.भारत के सभी के साथ घनिष्ठ और अच्छे संबंध हैं.इस वर्ष जनवरी के अंतिम सप्ताह में भारत के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पवन कपूर ने तेहरान की यात्रा की थी और ईरानी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अली लारीजानी से मुलाकात की थी.इसके ठीक पहले भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के उस प्रस्ताव के विरुद्ध मतदान किया था,जिसमें सरकार विरोधी प्रदर्शनों पर ईरान की कार्रवाई की निंदा की गई थी.यह पूरा घटनाक्रम ईरान के खिलाफ अमेरिका की ओर से जारी सैन्य धमकियों के बीच हुआ था.दरअसल भारत अपने रणनीतिक हितों को देखते हुए भू-राजनीतिक तनाव के बीच ईरान के साथ अपने संबंध बनाए रखने की कोशिश कर रहा था. भारत-ईरान संबंध ऐतिहासिक,सांस्कृतिक और रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है,जो मुख्य रूप से चाबहार बंदरगाह, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और ऊर्जा सुरक्षा पर केंद्रित हैं.ईरान भारत के लिए मध्य एशिया और अफगानिस्तान तक पहुंचने का एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करता है,जबकि अमेरिकी प्रतिबंध और भू-राजनीतिक चुनौतियां द्विपक्षीय व्यापार में बाधाएं बनी हुई हैं.अगस्त 2021 में काबुल पर निर्णायक नियंत्रण के बाद तालिबान सरकार के साथ सम्बन्ध बनाएं रखने में ईरान अग्रणी देश था,भारत को इसका फायदा मिला और वर्तमान में भारत के तालिबान के साथ मजबूत रिश्ते है.

अरब और भारत के विदेश मंत्रियों की एक ऐतिहासिक बैठक 31 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी.इस बैठक की सह-अध्यक्षता संयुक्त अरब अमीरात ने की थी.इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने सूडान में संघर्ष,समुद्री सुरक्षा पर असर डालने वाली यमन की स्थिति,लेबनान में अस्थिरता और लीबिया और सीरिया में चल रही राजनीतिक प्रक्रियाओं सहित अन्य क्षेत्रीय तनाव के बिंदुओं की ओर ध्यान दिलाया.इस मौके पर उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों को समग्र रूप से देखने पर यह बात रेखांकित होती है कि भारत और अरब देशों का इस क्षेत्र में स्थिरता,शांति और समृद्धि की शक्तियों को मजबूत करने में साझा हित है.भारत-अरब सहयोग मंच ने ऊर्जा, पर्यावरण, कृषि, पर्यटन, मानव संसाधन विकास, संस्कृति और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बल दिया तथा डिजिटल प्रौद्योगिकी,अंतरिक्ष,स्टार्टअप और नवाचार सहित नए क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार करने पर सहमति जताई.वहीं प्रधानमंत्री ने आने वाले वर्षों में भारत-अरब साझेदारी के लिए अपने दृष्टिकोण की रूपरेखा



प्रस्तुत की और दोनों पक्षों के लोगों के पारस्परिक लाभ के लिए व्यापार और निवेश,ऊर्जा,प्रौद्योगिकी,स्वास्थ्य सेवा और अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की थी.प्रधानमंत्री ने क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों में अरब लीग द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सराहना भी की थी.

भारत के अरब देशों के साथ संबंध ऐतिहासिक रूप से मजबूत,आर्थिक रूप से गहरे और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है.ये संबंध प्राचीन काल से चले आ रहे है,जब व्यापारी,विद्वान और राजनयिक अक्सर अरब सागर और भारत को पश्चिम एशिया और अरब प्रायद्वीप से जोड़ने वाले भूमि मार्गों से होकर ज्ञान और व्यापार का आदान-प्रदान करते थे.भाषा और धर्म के ताने-बाने के माध्यम से साझा सांस्कृतिक विरासत इन ऐतिहासिक संबंधों को निरंतर मजबूती प्रदान करती है.लगभग नब्बे लाख से अधिक भारतीय प्रवासियों के हित,ऊर्जा सुरक्षा और व्यापार इन संबंधों के प्रमुख स्तंभ हैं.खाड़ी देशों में काम करने वाले ये भारतीय,भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण विदेशी मुद्रा भेजते है तथा इस क्षेत्र की प्रगति एवं समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.भारत अरब दुनिया के दो प्रमुख देशों सऊदी अरब और यूएई के साथ रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से रक्षा,सुरक्षा और निवेश सहयोग लगातार ब? रहा है.भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का लगभग साठ फीसदी तेल और पचास फीसदी से अधिक उर्वरक अरब देशों से आयात करता है.सऊदी अरब और यूएई दोनों,भारत के बड़े व्यापारिक भागीदार देश है.सऊदी अरब ने आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय अपराध के खिलाफ भारत की लड़ाई का समर्थन किया है,जिसमें अपराधियों का प्रत्यर्पण भी शामिल है.भारत ने 2030 तक अरब जगत के साथ व्यापार को पांच सौ मिलियन अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है.

भारत का अधिकांश बाह्य व्यापार स्वेज नहर,लाल सागर और अदन की खाड़ी से होकर गुजरता है.ओमान और सऊदी अरब से लेकर मिस्र,सूडान और अन्य देशों में भारत का महत्वपूर्ण निवेश है.भारत-अरब व्यापार संबंध समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं. कोविड महामारी और वैश्विक भू-राजनीतिक संघर्षों के दौरान भी भारत और अरब जगत के बीच व्यापार में वृद्धि जारी रही.अरब देशों के साथ साझेदारी खाद्य एवं ऊर्जा,वित्तीय सेवाएं,स्वास्थ्य एवं शिक्षा,सूचना प्रौद्योगिकी,नवीकरणीय ऊर्जा सहित स्टार्टअप और बड़े अवसंरचना परियोजनाओं जैसे लगभग हर क्षेत्र में फैली हुई है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 से 26 फरवरी 2026 को इजराइल की अपनी दूसरी ऐतिहासिक राजकीय यात्रा की थी.यह यात्रा 2017 के उनके पहले दौरे के नौ साल बाद हुई और इससे दोनों देशों के बीच संबंधों को शांति,नवाचार और समृद्धि के लिए विशेष रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाया गया.भारत के लिए इज़राइल एक अत्यंत महत्वपूर्ण रणनीतिक,रक्षात्मक और तकनीकी साझेदार है,जो विशेष रूप से रक्षा आत्मनिर्भरता,कृषि,जल प्रबंधन और आतंकवाद विरोधी अभियानों में बिना किसी शर्त के सहायता प्रदान करता है.मेक इन इंडिया के तहत रक्षा सह-उत्पादन और एआई,साइबर सुरक्षा जैसे उन्नत क्षेत्रों में साझेदारी भारत के राष्ट्रीय हितों के लिए महत्वपूर्ण है .

भारत ने अरब जगत,ईरान और इजराइल के बीच तीव्र शत्रुता,भू-राजनीतिक तनाव और परस्पर विरोधी हितों के बावजूद तीनों पक्षों के साथ एक संतुलनकारी,व्यावहारिक और मजबूत संबंध बनाएं रखे है.इस नीति को रणनीतिक स्वायत्तता कहा जाता है,जहां भारत किसी एक गुट में शामिल होने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार तीनों से अलग-अलग संबंध रखता है.

> अमेरिका,इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष के दौरान ईरान और खाड़ी सहयोग परिषद के देशों के बीच तनाव काफी बढ़ गया है और अविश्वास गहरा गया है . अमेरिका और इज़राइल द्वारा 28 फरवरी 2026 को ईरान पर शुरू किए गए संयुक्त हमलों के बाद,ईरान ने खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य अड्डों और नागरिक बुनियादी ढांचे पर जवाबी ड्रोन और मिसाइल हमले किए थे .सऊदी अरब और यूएई को यह चिंता सता रही है कि ईरान की आक्रामकता उनके देशों की स्थिरता के लिए खतरा है .इन हमलों के बाद सऊदी अरब और ईरान के बीच राजनयिक संबंधों में फिर से खटास आ गई है,जबकि 2023 के बीजिंग समझौते से संबंधों में सुधार की उम्मीद जगी थी .खाड़ी देश अब ईरान के खिलाफ सक्रिय रक्षा की ओर बढ़ रहे है,जिसका मतलब है कि वे अपने नागरिकों और बुनियादी ढांचे की रक्षा के लिए सैन्य जवाबी कार्रवाई का अधिकार सुरक्षित रख रहे है . भारत की विदेश नीति उसकी भौगोलिक परिस्थितियों और 1947 में आज़ादी के बाद से चली आ रही कूटनीतिक परंपराओं पर आधारित है .भारत आमतौर पर किसी गुट में शामिल होने या खुले तौर पर किसी का पक्ष लेने से परहेज करता है .बदलती वैश्विक परिस्थितियों के बीच अपनी स्थिति और हितों को मज़बूत करने के उद्देश्य से इन देशों को अपनी नीति में लचीलापन बनाएं रखना ज़रूरी है .ईरान अमेरिका के बीच युद्धविराम की घोषणा का स्वागत करते हुए संवाद से इस समस्या का हल ढूंढने की भारत की नसीहत,भारत की संतुलित और रणनीतिक स्वायत्ता की नीति का परिचायक है .इससे भारत के अरब शक्तियों,इज़ाइल और ईरान से संबंध मजबूत बने रहेंगे,चाहे भविष्य में इन देशों के आपसी सम्बन्ध कितने भी खराब दौर में प्रवेश क्यों न कर जाएं .

---

व्यंग्य

## खेला होबे ....



रवि उपाध्याय
(लेखक व्यंगकार और राजनीतिक समीक्षक हैं )

देश को 21 वीं सदी में एक महत्वपूर्ण शब्द की उपलब्धि हासिल हुई है और वह शब्द है 'खेला होबे'. यह शब्द कोहिनूर हीरा जैसा मूल्यवान शब्द है. इसी शब्द का चमत्कार है कि हमारे देश और पूरी दुनिया में खेला हो रहा है. यह शब्द राष्ट्रीय वाक्य बन कर लोगों की जुबान पर चढ़ गया. खेला होबे - खेला होबे .

वैसे तो खेला होबे शब्द का शाब्दिक अर्थ है 'खेल होगा' होता है . लेकिन सियासी दलों ने इस शब्द के साथ ही खेला कर इसका शब्द का अर्थ साजिश करना बना दिया है. यह शब्द एक धमकी भरा शब्द बन कर रह गया. 2026 के साल को यदि खेला होबे वर्ष कहा जाए तो कोई गलत बात या अतिशयोक्ति नहीं होगी. इसी तरह अभी तक की घटनाओं और परिदृश्य को देखते हुए हमारे प्रधानमंत्री के परम मित्र डोनल्ड ट्रंप को भले ही नोबल शांति सम्मान नहीं मिल सका हो पर यह अवश्य है कि उन्हें साल, 2026 का खेला पुरुष का सम्मान तो दिया ही जाना चाहिए. नोबल पीस प्राइज़ न मिलने से भनभनाए ट्रंप ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति को सपत्नीक उठवालिया और वहां के तेल के कुँओं पर कब्जा कर लिया.

ऐसा लगता है कि पिछले जन्म में इस आदमी जरूर तेल का कारोबार रहा होगा. शायद यही कारण है कि भाई को जहां भी तेल का भंडार नज़र आता है टूट पड़ता है. जैसे ही इस पर तेल चढ़ जाता है यह आदमी प्रसन्न हो जाता है. वैसे हमारे यहां भी शनि महाराज को भी तेल चढ़ाया जाता है. ऐसी मान्यता है कि ऐसा करने से शनि देव का प्रकोप कम हो जाता है. यही हाल अमेरिका के इन शनि महाराज का है. जैसे ही इनको तेल का चढ़ावा मिल जाता है यह शांत हो जाते हैं. यह भी हो सकता है कि पिछले जन्म में यह व्यक्ति किसी श्राप से ग्रसित हो कर पिछले जन्म में कोल्हू से तेल निकालने का काम करता हो. शायद इसी का असर हो कि भाई को जहां तेल दिखता है वहां खेला कर देता है. शासकों के इतिहास में डोनल्ड ट्रंप एक मात्र ऐसे शासक हैं जो इतने अमन पसंद हैं कि जहां जिस देश में अमन होता है वहां पहले युद्ध करवाते हैं. इसके लिए दूसरे देश को हथियार देते हैं और अपने हथियार बेचने के बाद वहां फिर से शांति बहाल करवाने के लिए अपनी मिसाइलें और बमों का इस्तेमाल कर पीड़ित देश में शांति स्थापित करने का अभूतपूर्व महान काम करते हैं. वे किस देश के साथ कब खेला कर दें इसकी कोई गारंटी नहीं है. इसके गवाह ईरान सहित आधा दर्जन देश हैं जहां उन्होंने शांति के बीच अशांति और उस अशांति के बीच शांति स्थापित करवाने का महान काम किया है. झूठ की तो इतनी इंतहा है कि इस आदमी ने सच कब बोला होगा समझना ही नामुमकिन है.

खेला होबे का सिलसिला हमारे यहां पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 2021 के विधानसभा चुनाव में शुरू किया था. इसकी झलक शुक्रवार को लोकसभा के विशेष सत्र में देखने को मिली जब महिला आरक्षण बिल के साथ खेला हो गया. यानि की विपक्ष के दलों ने एकता का अद्भुत प्रदर्शन कर एनडीए का गेम बजा डाला. वैसे भी हमारे देश के नेताओं को खेला करने में और खेल बिगाड़ने में महारत हासिल है. फिर चाहे वो सत्ताधारी दल के नेता हो या विपक्ष के ही नेता ही क्यों न हों. इस काम में जो आत्मीय सुख मिलता है वह अवर्णीय है.

लोकसभा में एनडीए द्वारा पेश महिला आरक्षण बिल के साथ न केवल खेला किया बल्कि विपक्ष ने सत्ताधारी दलों का ही गेम बजा डाला . यह महत्वपूर्ण नहीं है कि सत्ताधारी दल इस बिल के बहाने विपक्ष के साथ खेला करना चाहता था या विपक्ष के दलों ने मिलजुल कर सत्ताधारी दल के साथ खेला कर डाला. पर इतना जरूर है कि दोनों की एक दूसरे के साथ खेला करने की साजिश के चलते दोनों ने मिल कर महिलाओं के साथ खेला कर दिया. 30 साल से महिलाओं के साथ यही खेला होता चला आ रहा है और आगे भी ऐसा ही चलता रहेगा. महिलाओं के साथ ऐसे ही खींचातानी चलती रहेगी. खेला होता रहेगा.

---

महिला आरक्षण बिल

## सबसे बड़ी सामाजिक क्रांति और राजीव गांधी की दूरदर्शी भूमिका



मुकेश नायक

भारत में महिला आरक्षण बिल को एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम के रूप में देखा जा रहा है. यह केवल एक विधायी सुधार नहीं, बल्कि लोकतंत्र में महिलाओं की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक व्यापक सामाजिक क्रांति है. इस पहल की जड़ें भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन की उस मूल भावना में निहित हैं, जिसमें सत्ता के विकेंद्रीकरण और जनभागीदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई थी.

ग्राम स्वराज की अवधारणा और त्रिस्तरीय शासन व्यवस्था—ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत—के माध्यम से लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का प्रयास किया गया. इसी क्रम में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक निर्णायक पहल स्वर्गीय श्री राजीव गांधी द्वारा की गई. उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान सुनिश्चित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया. उनके इस प्रयास ने महिलाओं को पहली बार बड़े पैमाने पर राजनीतिक नेतृत्व का अवसर प्रदान किया और ग्रामीण भारत में सामाजिक परिवर्तन की मजबूत नींव रखी. बाद में इस दृष्टि को विभिन्न राज्यों में प्रभावी रूप से लागू किया गया. मध्यप्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह ने पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए महिलाओं की भागीदारी को वास्तविक रूप दिया. इस पहल ने हजारों महिलाओं को नेतृत्व के अवसर प्रदान किए और उन्हें सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से सशक्त बनाया.

वर्तमान में प्रस्तुत महिला आरक्षण बिल की मूल भावना और आधारशिला कांग्रेस की नीतियों में वर्षों पहले ही रखी जा चुकी थी. वर्ष 2010 में कांग्रेस के नेतृत्व में राज्यसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण विधेयक पारित कराया गया, हालांकि यह लोकसभा में पारित नहीं हो सका. यह दर्शाता है कि यह कोई अचानक लिया गया निर्णय नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण और निरंतर प्रयासों का परिणाम है.

भारतीय समाज में लंबे समय से पितृसत्तात्मक व्यवस्था का प्रभाव रहा है, जिसमें महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया से दूर रखा गया. आज भी भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी लगभग 10 से 12 प्रतिशत के बीच है, जो उनकी जनसंख्या के अनुपात में अत्यंत कम है. इस असंतुलन को दूर करने के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण एक आवश्यक और समयोचित कदम है. महिला आरक्षण के लागू होने से लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं की उपस्थिति बढ़ेगी, जिससे नीति निर्माण में उनका दृष्टिकोण शामिल होगा. महिलाएं अपने अनुभवों के आधार पर महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों को प्राथमिकता देंगी. इससे नीतियां अधिक संवेदनशील, प्रभावी और समावेशी बनेंगी. सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी यह विधेयक अत्यंत महत्वपूर्ण है. महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से समाज में उनके प्रति दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव आएगा और उन्हें समान अवसर प्राप्त होंगे. आर्थिक रूप से सशक्त महिलाएं न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी.

हालांकि, इस विधेयक के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कुछ महत्वपूर्ण प्रश्नों पर विचार आवश्यक है. विशेष रूप से ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण सुनिश्चित करना, वर्तमान आरक्षण व्यवस्था और 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करना, तथा परिसीमन के संदर्भ में इसकी समयसीमा स्पष्ट करना अत्यंत आवश्यक है. यह भी महत्वपूर्ण है कि यदि यह विधेयक परिसीमन के बाद लागू होता, तो इसकी प्रभावशीलता, प्रतिनिधित्व की सटीकता और सामाजिक संतुलन और अधिक सुदृढ़ हो सकता था.

> अंतत :, महिला आरक्षण बिल केवल एक कानून नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक परिवर्तन की शुरुआत है. यह महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करता है और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का अवसर प्रदान करता है. इस प्रकार, महिला आरक्षण बिल भारतीय लोकतंत्र को नई दिशा देने वाला, महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाने वाला और एक समतामूलक समाज की स्थापना की ओर अग्रसर करने वाला ऐतिहासिक कदम है—जिसकी नींव राजीव गांधी की दूरदर्शी सोच और कांग्रेस की प्रतिबद्ध नीतियों में निहित है.

---

महिला आरक्षण विधेयक

## महिलाओं की राजनीति यथार्थ या राजनीतिक?



लक्ष्मण सिंह
पूर्व सांसद

दुनिया के प्राय-सभी देशों में 21वीं सदी में महिलाओं को उनका अधिकार दिया जा रहा है और वो शिक्षित हो रही हैं और हर क्षेत्र में अपनी पहचान भी बना रही हैं. सैकड़ों वर्षों तक महिलाओं को जीवन में आगे बढ़ने से रोका गया और कई देशों में तो उन पर अत्यधिक अत्याचार भी हुए.

प्राचीन भारत की अगर हम चर्चा करें, तो कई जातियों में पुरुष घर का कार्य करता था और बच्चों की देखभाल करता था और महिलाएँ जीवन यापन और परिवार को चलाने का कार्य करती थीं. अफ्रीका में आज भी ऐसी जनजातियाँ हैं जिनमें महिलाएँ परिवार की मुखिया हैं. कई वर्ष पूर्व भारतवर्ष में कई वर्षों तक महिलाओं को अपना जीवन साथी चुनने का अधिकार भी नहीं था और ये कार्य उनके माता-पिता या घर के बुजुर्ग करते थे.

आज बहुत परिवर्तन हम देखते हैं, वे अपने जीवन के फैसले स्वयं ले रही हैं. उनमें आत्मविश्वास बढ़ा है जिसके कारण आज भारत आगे बढ़ा है. इस विचारधारा को आगे बाते हुए महिलाओं को 33प्रतिशत आरक्षण पंचायत, नगर पालिका, नगर निगमों में दिया गया. परन्तु उनके चुने जाने के पश्चात भी कई पंचायतों और नगर पालिका/निगम में उनके पति उनके स्थान पर




बैठकों में जाते थे और निर्णय लेते थे, उनकी (महिलाओं की) आवश्यकता केवल हस्ताक्षर करने की होती थी. एक सर्वेक्षण के अनुसार जहां महिलाओं ने स्वतंत्रता से कार्य किया वहां ज्यादा विकास हुआ और जहां उनके पतियों ने इन संस्थाओं को चलाया महिलाओं के आगे होकर, वहां ज्यादा भ्रष्टाचार हुआ

महिलाओं पर बढ़ते हुए अत्याचार, बलात्कार, बच्चियों का गायब हो जाना, अपहरण, शोषण की घटनाओं का बढ़ते हुए ग्राफ को रोकने हेतु 1996 में, मा. देवगौड़ा जब प्रधानमंत्री थे, लोकसभा में महिला आरक्षण बिल को लाया गया था. मैं उस समय लोकसभा का सदस्य था और मेरे मित्र श्री रमाकांत खलप जो मन्त्री थे, उन्होंने इस बिल को संसद में प्रस्तुत किया था. दुर्भाग्यवश, इस महत्वपूर्ण बिल को समर्थन नहीं मिला और 36 जेपीसी को पुन: विचार के लिए भेज दिया गया. जो इतने वर्षों बाद अब लाया गया है. दस वर्ष तक सत्ता में रही, एनडी्ए 15 वर्ष से सत्ता में है, अगर आज महिला आरक्षण की इन्हें इतनी चिंता है तो ये बिल इतने वर्षों से क्यों नहीं लाया गया? और क्यों महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों के प्रति विलम्ब के कारण महिलाओं पर अत्याचार का आंकड़ा निरंतर बढ़ता जा रहा है.

कल जब इस पर बहस हो रही थी तो सारे देश की महिलाएं आशा लगा कर बैठी थी कि यह बिल पास होगा तो महिलाएं अधिक सुरक्षित रहेंगी, परंतु दुर्भाग्यवश, यह बिल 54 वोटों से पराजित हो गया और इसका पूरा दोष विपक्ष को दिया जा रहा है, जो काफी हद तक सही भी है क्योंकि उनके विरोध के कारण ही बिल पर वोटिंग करानी पड़ी थी परंतु मैं दोष सत्ता पक्ष का भी मानता हूँ. एनडी एक अनुशासित पार्टियों का गठबंधन है, हम तो यही सुनते थे, फिर 54 वोट कम कैसे हो गए, सांसद अनुपस्थित क्यों थे? क्या सारा दोष विपक्ष पर मढ़ा जाए और चुनावों में उन्हें महिला विरोधी कह कर वोट लिए जाएं, सत्ता पक्ष यह चाहता था? महिलाओं की सुरक्षा, उनके भविष्य को केवल एक राजनीतिक मुद्दा बनाया जा रहा है? इसका जवाब तो सत्ता पक्ष को भी देना होगा.

मेरी देशवासियों से विनम्र प्रार्थना है कि हम सब मिलकर, जाति, धर्म की भावना से ऊपर उठकर, सामाजिक समरसता की भावना से एक शांतिपूर्ण आंदोलन करें और सभी राजनीतिक दलों पर दबाव बनाएं कि बिना किसी विलम्ब के, सर्वसम्मति से इस महत्वपूर्ण विधेयक को तत्काल दोनों सदनों में पारित कर महामहिम राष्ट्रपति को भेजें जिससे कि यह कानून बन सके और हम देश की महिलाओं को और अधिक सुरक्षित रख सकें.

**धन्यवाद, जय हिन्द!!**




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14

## वीरपुर में यज्ञ प्रारंभ, कलश यात्रा निकली

**▸ कलश यात्रा का जगह-जगह किया स्वागत**



**बेगमगंज , 18 अप्रैल. निकटवर्ती ग्राम वीरपुर में गंगा सप्तमी के पावन पर्व पर सात दिवसीय कुंडात्मक यज्ञ, दुर्गा मां प्राण प्रतिष्ठा के शुभारंभ पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई. यज्ञाचार्य हरिकेश शास्त्री तिनसुआ वालों ने सभी यजमानों से मां नर्मदा घाट से जल भरकर यज्ञ का शुभारंभ करवाया.**

सैकड़ों महिलाओं और कन्याओं ने पवित्र जल भरकर यज्ञ स्थल तक यात्रा की, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है. गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालुओं द्वारा नगर भ्रमण किया गया. कलश यात्रा का स्थानीय ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया. पेयजल की व्यवस्था की गई.यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी.आचार्य हरिकेश शास्त्री ने बताया कि कलश यात्रा आस्था, एकता और शुद्धि का प्रतीक है. यह यात्रा वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भरती है और इसे करने से पापों का नाश, सुख-समृद्धि, और आरोग्य की प्राप्ति होती है. इसमें कलश धारण करना रिद्धि-सिद्धि का प्रतीक माना जाता है.

उन्होंने कहा कि कलश में समस्त देवी-देवताओं, तीर्थों और वेदों का वास माना जाता है. इस यात्रा में शामिल होने से मन को शांति मिलती है. आरोग्य (स्वास्थ्य) मिलता है और पुण्य की प्राप्ति होती है. कलश यात्रा आध्यात्मिक ज्ञान और जीवन में भौतिक संपन्नता लाने के लिए की जाती है. कलश यात्रा के माध्यम से भक्तों की सेवा को परमात्मा की सेवा के समान माना जाता है.

## बम्होरी में 24 को जिला स्तरीय युवा संगम मेला

**सिलवानी, 18 अप्रैल.** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार 24 अप्रैल को पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्होरी में जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन किया जा रहा है. युवा संगम मेला प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक आयोजित किया गया है. इस मेले के माध्यम से युवाओं को विभिन्न कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के साथ ही शासन की स्वरोजगारमूलक योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी.

इसके लिए अनिवार्य योग्यता पदानुसार कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं डिग्री इंजीनियरिंग है. आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष निर्धारित है.

## थाना प्रभारी ने किया बैंकों का निरीक्षण

**▸ सीसीटीवी कैमरे किए चैक**



**सलामतपुर, 18 अप्रैल. सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सलामतपुर पुलिस निरंतर बैंकों का निरीक्षण कर रही है. इसी कड़ी में शनिवार को सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी सहित एएसआई सुनील शर्मा, प्रधान आरक्षक सुरेश बघेल, पुष्पेंद्र राजपूत ने सलामतपुर के भारतीय स्टेट बैंक, ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा दीवानगंज और इंडसइंड बैंक का आकस्मिक निरीक्षण किया. उन्होंने सुरक्षा और व्यवस्थाओं के बारे में बैंक अफसरों से चर्चा की.**

पुलिस ने खाताधारकों को भी समझाइश दी. गौरतलब है कि रायसेन पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर जिले भर में सभी बैंकों एवं वित्तीय प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं संचालकों को निर्देश दिए है कि बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरे हमेशा चालू रखें और जिन बैंकों में नहीं लगे हैं, वहां लगवाए जाएं. निरीक्षण के दौरान ही थाना प्रभारी ने बैंक से रकम ले जा रहे एक किसान को पोटली में नोट बांधकर ले जाते हुए देखकर उसे सुरक्षित ढंग से अपनी राशि ले जाने की समझाइश दी. उन्होंने कहा कि आप लोगों की इसी लापरवाही के कारण जिले में लूट व चोरी की घटनाएं हो जाती हैं. इसके साथ ही वहां भीड़ में मौजूद किसानों को भी समझाइश दी कि बैंक से पैसों की निकासी में विशेष सावधानी बरती जाएं. बैंक ऑफ बड़ौदा में कुर्सियों की व्यवस्था सही तरीके से होने पर बैंक की सराहना की. इस दौरान उन्होंने बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए.

### एक नजर में



#### सांची विश्वविद्यालय में श्रमदान से परिसर की सफाई

**सलामतपुर, 18 अप्रैल.** सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में श्रमदान से बोधिवृक्ष केआसपास सफाई की गई. शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों ने स्वैच्छिक श्रमदान के जरिये परिसर को कचरा मुक्त करने का संकल्प दोहराया. बोधि वृक्ष के आस-पास से प्लास्टिक कचरा हटाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रमदान किया. विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आर .एन गुप्ता ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर न केवल हमारे कार्य करने का स्थान है बल्कि यह बौद्धिक और सामाजिक विकास का केंद्र भी है. उन्होने दोहराया कि स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण से स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ कार्य करने की ऊर्जा और सकारात्मकता बढ़ती है और सफाई केवल एक कार्य नहीं, बल्कि एक ज़िम्मेदारी है जिसे हम मिलकर निभा सकते हैं .कुलसचिव की प्रेरणा से हर सप्ताह 15 मिनट का श्रमदान करने का संकल्प लिया गया.



#### घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क

**सिलवानी, 18 अप्रैल.** वीर शिवाजी शिक्षण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर सिलवानी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नवीन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है. विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे समय रहते विद्यालय से संपर्क कर अपने बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित कराएं, ताकि उन्हें बेहतर शिक्षा और संस्कार युक्त वातावरण मिल सके. विद्यालय परिवार द्वारा घर-घर पहुंच कर अभिभावकों से संपर्क किया जा रहा है. बच्चों को प्रवेश हेतु प्रेरित किया जा रहा है. प्राचार्य विपिन बिहारी राजपूत ने बताया कि विद्यालय में नर्सरी से लेकर कक्षा 8वीं तक प्रवेश दिए जा रहे हैं. इच्छुक अभिभावक प्रवेश फॉर्म विद्यालय कार्यालय से प्रात: काल से दोपहर 2 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं. प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेजों में जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो तथा स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी) शामिल हैं. विद्यालय प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि सीमित सीटों के कारण प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा. विद्यालय के प्राचार्य विपिन बिहारी राजपूत ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर केवल शैक्षणिक संस्थान ही नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का केंद्र भी है .संपर्क अभियान में प्राचार्य विपिन बिहारी राजपूत, लीलाराम प्रजापति, देवेंद्र दुबे, आशीष श्रीवास्तव, पिंकी नामदेव, सुशीला सराठे, माधुरी चौरसिया, वंदना यादव, ज्योति श्रीवास्तव, रूपवती यादव, सुनीता जैन शामिल रहे.

## मकान गणना के लिए 235 कर्मचारी प्रशिक्षित


**▸ तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन**



**बेगमगंज, 18 अप्रैल. जनगणना के प्रथम चरण में मकानों की गणना और उनका कैसे क्रमबद्ध सूचीकरण किया जाए , इसको लेकर बेगमगंज नगर , ग्रामीण एवं सुल्तानगंज क्षेत्र के लिए 235 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया.**

सेंट थॉमस कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को समापन हो गया. स्व-गणना का कार्य 16 से 30 अप्रैल तक एवं मकान गणना एवं सूचीकरण का कार्य के लिए प्रथम बैच में बेगमगंज चार्ज तहसील में 41 एवं सुल्तानगंज चार्ज में 40 कर्मचारियों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया. जबकि द्वितीय चरण में बेगमगंज में 42 , सुल्तानगंज में 42 एवं तृतीय चरण में बेगमगंज 39 एवं सुल्तानगंज में 31 समेत कुल 235 कर्मचारियों को 5 मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षित किया गया. बेगमगंज चार्ज में 145 मकान के गणक 104 एवं कुल प्रगणक सुपरवाइजर 18 हैं जबकि सुल्तानगंज चार्ज में 141 मकान के गणक 96 एवं कुल प्रगणक सुपरवाइजर 17 रखे गए हैं.मास्टर ट्रेनर दीपक कटारे, धर्मेश साहू,राजेश पांडे एवं सुल्तानगंज क्षेत्र के दीपक अहिरवार एवं मुकेश कुर्मी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया. जनगणना के कार्य में दो शुभंकर विकास ( पुरुष गणक ) एवं प्रगति ( महिला गणक ) का अनावरण किया गया, जो जनगणना -2027 के दो मित्रवत , संबधित चेहरे के रूप में काम करेंगे. ये शुभंकर 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्प को पूरा करने में महिलाओं और पुरुषों की समान भागीदारी का भी प्रतीक है. इन शुंभकरों के माध्यम से जनगणना 2027 से संबंधित जानकारी उद्देश्य और मुख्य संदेशों को समाज के विभिन्न वर्गों में प्रभावी और लोक अनुकूल तरीके से प्रसारित किया गया. बेगमगंज चार्ज अधिकारी तहसीलदार प्रमोद उइके, सुल्तानगंज चार्ज अधिकारी देवेंद्र शुक्ला एवं नगरीय क्षेत्र के चार्ज गणना अधिकारी प्रमोद उइके एवं नगरीय क्षेत्र के चार्ज अधिकारी नगरपालिका सीएमओ राजेंद्र शर्मा की उपस्थिति में सभी प्रशिक्षार्णियों को पांचों मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मकान गणना एवं इनकी क्रमबद्ध सूचीकरण के लिए ट्रेंड किया गया.

## सांदीपनि स्कूल का परिणाम उत्कृष्ट रहा


**बाड़ी, 18 अप्रैल.** शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बाड़ी के विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया है. कक्षा 10 वीं में वैशाली चौहान 93% कृष्ण कुमार 91% एवं कक्षा 12 वीं में मानसी कीर ने 90% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया. विद्यालय के 55 छात्रों ने कक्षा 10 में प्रथम श्रेणी प्राप्त की. कक्षा 12वीं के 80 छात्रों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की. लैपटाप योजना के अन्तर्गत 14 छात्रों का चयन हुआ. विज्ञान शिक्षक अजय शर्मा एवं गणित शिक्षक बृजेश साहू के मार्गदर्शन एवं विशेष रणनीति से विज्ञान और गणित जैसे कठिन विषयों में छात्रों ने 90% से अधिक अंक अर्जित किए. प्राचार्य ने इस सफलता का श्रेय छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन को दिया है. उन्होंने बताया कि सत्र के दौरान नियमित टेस्ट, एक्स्ट्रा क्लासेस और कमजोर विषयों पर निदानात्मक कक्षाओं के माध्यम से विशेष ध्यान देने की रणनीति ने इस परिणाम को संभव बनाया है.

## सांची में निकली 'हेरिटेज वॉक'

**सलामतपुर, 18 अप्रैल.** यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल ऐतिहासिक सांची स्तूप के प्रांगण में शनिवार को 'विश्व विरासत दिवस' के उपलक्ष्य में एक विशेष 'हेरिटेज वॉक' का आयोजन किया गया. इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य न केवल सांची की ऐतिहासिक भव्यता को रेखांकित करना था, बल्कि जनमानस में अपनी अमूल्य संस्कृति और प्राचीन धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना भी था.हेरिटेज वॉक में सांची स्तूप के प्रभारी संदीप मेहतो विशेष रूप से उपस्थित रहे. उनके साथ सुरक्षाकर्मियों और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक सहभागिता की. इस दौरान परिसर की स्वच्छता को बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों के लिए इस ऐतिहासिक धरोहर को सुरक्षित सहेजने का संकल्प लिया गया. प्रभारी संदीप मेहतो ने इस अवसर पर कहा कि ये धरोहरें हमारी राष्ट्रीय पहचान हैं और इनका संरक्षण हम सभी का साझा उत्तरदायित्व है.उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 18 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व विरासत दिवस मनाया जाता है. इस सकारात्मक पहल से स्थानीय लोगों में भी अपनी विरासत के प्रति गर्व और जिम्मेदारी की भावना का संचार करना है.

## नि :शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 को

**सिलवानी, 18 अप्रैल.** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर 20 अप्रैल को ग्राम खैरी जयपुरा में जिला साहू समाज रायसेन मध्य प्रदेश तेलिक साहू सभा के तत्वावधान में नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा. सम्मेलन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं. आयोजकों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी संख्या में जोड़े इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में परिणय सूत्र में बंधेंगे. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के पदाधिकारी और सदस्य लगातार तैयारियों में जुटे हैं.

## प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 3 से 11 मई तक होगा



**उदयपुरा, 18 अप्रैल.** श्री राम-जानकी बड़ा मंदिर उदयपुरा में 3 से 11 मई तक नवनिर्मित भव्य एवं दिव्य मंदिर में भगवान श्री राम-जानकी के नवीन विग्रहों की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया है. इस अवसर पर विराट महायज्ञ, कथा एवं प्रवचन होंगे. इस दौरान देश-प्रदेश के संत-महात्मा एवं अंतर्राष्ट्रीय विद्वान अपने आध्यात्मिक प्रवचनों से श्रद्धालुओं को धर्म, अध्यात्म और जीवन मूल्यों का संदेश देंगे. यह संपूर्ण समारोह अनंत विभूषित श्री श्री 1008 श्री रक्षक पीठाधीश्वर, जानकी बड़ा घाट अयोध्या के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न होगा. कार्यक्रम के अंतर्गत नव कुंडीय महायज्ञ का आयोजन विद्वान संतों के सान्निध्य में होगा. प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा. कन्याओं का विशेष सम्मान भी किया जाएगा. इस महाआयोजन के सुचारू संचालन हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया है, जिनमें यज्ञ व्यवस्था समिति, कथा मंच व्यवस्था समिति, संत आवास व्यवस्था समिति, भोजन प्रसादी समिति, पेयजल एवं स्वच्छता समिति, शोभायात्रा समिति, प्रसाद वितरण समिति तथा धन संग्रह समिति प्रमुख रूप से कार्यरत रहेंगी.

## बाल विवाह रोकने के लिए बच्चे बने 'सतर्कता प्रहरी'


**रायसेन, 18 अप्रैल.** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ एक सशक्त पहल देखने को मिली, जहां बच्चों ने खुद आगे आकर 'सतर्कता प्रहरी' की भूमिका निभाने का संकल्प लिया. अब बच्चे न केवल जागरूकता फैलाएंगे, बल्कि किसी भी संदिग्ध बाल विवाह की सूचना भी संबंधित विभागों को देंगे. इस पहल में बच्चों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें समाज में बदलाव के सक्रिय भागीदार के रूप में तैयार किया गया है. कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने स्पष्ट संदेश दिया 'बाल विवाह को ना कहें, अपने भविष्य को सुरक्षित करें. 'सृजन सोशल पुलिसिंग कार्यक्रम, मंडीदीप के अंतर्गत पुलिस विभाग एवं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन नेटवर्क की साझेदार संस्था कृषक सहयोग संस्थान के सहयोग से बाल विवाह पर कड़ी निगरानी और रोकथाम सुनिश्चित की जाएगी. पुलिस और संस्था मिलकर सूचना तंत्र को मजबूत करेंगे, ताकि समय रहते हस्तक्षेप कर बच्चों का बचपन सुरक्षित रखा जा सके.संस्थान ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि आप भी जिम्मेदार नागरिक बनें.

## कलेक्टर ने फसलों का किया पुन: सत्यापन

**रायसेन, 18 अप्रैल.** समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु स्लॉट बुकिंग के दौरान कुछ किसानों को पोर्टल पर तकनीकी त्रुटि के कारण पुन: सत्यापन हेतु शेष दर्शाया जा रहा है. जिसके समाधान हेतु कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा एसडीएम और राजस्व अधिकारियों को यथाशीघ्र फसलों का पुन: सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए हैं जिससे कि स्लॉट बुकिंग में किसानों को असुविधा ना हो. कलेक्टर द्वारा स्वयं रायसेन तहसील अंतर्गत मेंडोरी और नीमखेड़ा में खेतों में पहुंचकर फसल का पुन: सत्यापन किया गया. इस दौरान सहायक कलेक्टर कुलदीप पटेल भी मौजूद थे.

**गर्मी ▸ बाजार में ग्राहकी कमजोर, कारीगर बोले-लागत बढ़ी**

## लागत बढ़ने से मटकों के दामों में उछाल



**सिलवानी,18 अप्रैल. गर्मी शुरू होते ही देशी फ्रिज कहे जाने वाले मटकों का बाजार सज गया है, लेकिन इस बार बिक्री उम्मीद के मुताबिक नहीं हो रही है. नगर के पुराने बस स्टैंड, भोपाल रोड क्षेत्र में मटकों की दुकानें तो लगी हैं, पर ग्राहकों की संख्या कम नजर आ रही है.**

इस वर्ष मटकों की कीमतों में 10 से 20 रुपए तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है. पिछले साल 40 रुपए में मिलने वाला छोटा मटका अब 50 रुपए में बिक रहा है, जबकि बड़ा टोंटीदार मटका 130 रुपए से बढ़कर 150 रुपए तक पहुंच गया है. वहीं सुराही के दाम भी करीब 150 रुपए तक बताए जा रहे हैं. कारीगरों का कहना है कि लागत बढ़ने के कारण दाम बढ़ाना उनकी मजबूरी हो गई है, लेकिन बिक्री प्रभावित हो रही है. वार्ड क्रमांक 12 के कारीगरों के अनुसार, मटका बनाने की प्रक्रिया काफी मेहनत भरी होती है. एक मटका तैयार करने में पूरे परिवार का सहयोग लगता है और इसकी तैयारी करीब चार महीने पहले से शुरू करनी पड़ती है. काली मिट्टी से मटके तैयार कर उन्हें सुखाने और पकाने की प्रक्रिया में काफी समय और श्रम लगता है.

> कारीगर लखन प्रजापति बताते हैं कि पहले मिट्टी आसानी से मिल जाती थी, लेकिन अब अच्छी गुणवत्ता की मिट्टी खेतों से खरीदनी पड़ती है. इसके अलावा मटकों को पकाने के लिए कंडा और लीद भी खरीदनी पड़ती है, जिनके दाम बढ़ गए हैं. परिवहन खर्च में भी वृद्धि हुई है, जिससे कुल लागत और बढ़ गई है.
> कारीगरों का कहना है कि बढ़ती लागत के बावजूद उन्हें उचित दाम नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि बाजार में ग्राहकी कमजोर बनी हुई है. ऐसे में उनकी मेहनत का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है.

## दसवीं में शांभवी को मिले 98% अंक



**सिलवानी, 18 अप्रैल.** क्षेत्र की होनहार छात्रा शांभवी व्यास ने सीबीएसई बोर्ड की दसवीं परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं. उनकी इस शानदार सफलता से न केवल परिवार बल्कि पूरे रायसेन जिले और ग्राम बीतली का नाम रोशन हुआ है. ग्राम बीतली निवासी पंडित प्रभाकर व्यास की पुत्री शांभवी व्यास ने भोपाल में रहकर अपनी पढ़ाई पूरी की. मेहनत और लगन के दम पर उन्होंने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 98% अंक हासिल किए और अपना प्रथम स्थान सुनिश्चित किया. शांभवी की इस उपलब्धि पर परिवार में खुशी का माहौल है. ग्रामवासियों ने भी गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

## अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में रैली निकली



**बम्होरी, 18 अप्रैल.** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य पर बम्होरी में रैली निकाली गई. रैली मेघनगर स्टैंड से शुरू हुई, जो रेंज चौराहा, जामा मस्जिद, झंडा चौक और दिलहारी मार्ग से होते हुए पुन: कार्यक्रम स्थल पर पहुंची. रैली में बहुजन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे. डीजे की धुन पर युवा उत्साह के साथ झूमते नजर आए, वहीं महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाती दिखीं. रैली के दौरान विभिन्न स्थानों पर लोगों द्वारा बाबा साहब के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई. रैली के बाद मेघनगर बस स्टैंड स्थित कार्यक्रम हुआ.

मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. प्रीति एवं डॉ. पुष्पेंद्र बहुजन उपस्थित रहे. मुख्य अतिथि डॉ. प्रीति बहुजन ने अपने संबोधन में सामाजिक एकता और जागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव को समाप्त करना आवश्यक है. उन्होंने सभी वर्गों से एकजुट होकर अपने अधिकारों और हिस्सेदारी के प्रति सजग रहने की अपील की. उन्होंने कहा कि समाज को शिक्षा, संगठन और जागरूक मतदान के माध्यम से आगे बढ़ना चाहिए, जिससे सभी वर्गों को समान अवसर मिल सके. अध्यक्षता कर रहे शिक्षक लाखन सिंह ने आभार व्यक्त किया.संचालन सुभाष सागर ने किया. यह आयोजन भीम समता संघ के नेतृत्व में संपन्न हुआ.---






नवभारत
भोपाल, रविवार, 19 अप्रैल 2026


# यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सहित 50 पर एफआईआर

## बमीठा पुलिस की कार्रवाई : सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप



**छतरपुर/बमीठा, 18 अप्रैल.** केन-बेतवा लिंक परियोजना के प्रभावितों के आंदोलन के बीच अब कानूनी सरगर्मियां तेज हो गई हैं. बमीठा थाना पुलिस ने यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार और उनके करीब 50 साथियों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है. यह कार्रवाई वन विभाग के कर्मचारियों के साथ अभद्रता, शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुँचाने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में की गई है.

### विवाद की मुख्य वजह : भुसोर गेट पर भिड़ंत

घटना उस समय की है जब बिजावर क्षेत्र के ढोडन बांध प्रभावितों से मिलने के लिए अभिषेक परमार अपने समर्थकों के साथ पहुँचे थे. प्रशासन और कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशों के अनुसार भुसोर गेट से बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा था. जब वन विभाग के अधिकारियों ने उन्हें अंदर जाने से रोका, तो आरोप है कि कांग्रेस नेताओं ने जबरन गेट तोड़ दिया और ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों से अभद्रता की.

### सोशल मीडिया वीडियो बना अहम साक्ष्य

हैरानी की बात यह है कि इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो स्वयं अभिषेक परमार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड किया था. पुलिस ने इसी वीडियो को मुख्य साक्ष्य माना है, जिसमें शासकीय संपत्ति के साथ छेड़छाड़ और कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है. रेंजर राजेंद्र कुमार सोलंकी की शिकायत के बाद पुलिस ने तत्काल एक्शन लिया.

### पुलिस का सख्त रुख : 25 की हुई शिनाख्त

बमीठा टीआई बाल्मीक चौबे ने बताया कि वन परिक्षेत्र अधिकारी की शिकायत पर अभिषेक परमार और अन्य 50 लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 223, 132, 191(2), 190 और लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 के तहत मामला दर्ज किया गया है. पुलिस ने अब तक 20 से 25 आरोपियों की पहचान कर ली है और जल्द ही सबकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी.

### आंदोलन पर साया

बता दें कि एक ओर जहाँ पुलिसिया कार्रवाई तेज हुई है, वहीं दूसरी ओर मुआवजे की मांग को लेकर चल रहा धरना फिलहाल 10 दिनों के लिए स्थगित है. आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो प्रशासन को और भी बड़े विरोध का सामना करना पड़ेगा.

## अंबेडकर जयंती पर भाजपा की संगोष्ठी आज

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा.** भारतीय जनता पार्टी, विदिशा द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आज 19 अप्रैल 2026 को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है.संगोष्ठी में बाबासाहेब के जीवन, उनके प्रेरणादायक कार्यों तथा देश और समाज के लिए उनके महत्वपूर्ण योगदान पर विस्तृत चर्चा की जाएगी. कार्यक्रम में विदिशा विधायक मुकेश टंडन एवं कुरवाई विधायक हरि सप्रे मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे.जिला मीडिया प्रभारी डॉ. राहुल जैन ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे देश में समरसता, सामाजिक न्याय और समानता के मूल्यों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है. इसके माध्यम से बाबासाहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी.

# शादी वाले घर में चोरों का धावा

## ग्राम केड़ी में दीवार तोड़कर जेवरात, नगदी चोरी



**छतरपुर, 18 अप्रैल.** ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम केड़ी में चोरों ने एक ऐसे घर को निशाना बनाया, जहाँ बेटे की शादी की रस्में चल रही थीं. चोरों ने मंडप की रात सूनेपन का फायदा उठाकर घर के पीछे की दीवार तोड़ी और लाखों के जेवरात व नगदी लेकर रफूचक्कर हो गए.

जानकारी के अनुसार, ग्राम केड़ी निवासी लज्जू श्रीवास के घर में इन दिनों उनके बेटे की शादी का उत्सव चल रहा है. शुक्रवार को घर में मंडप का कार्यक्रम था, जिससे पूरा परिवार और रिश्तेदार व्यस्त थे. इसी दौरान देर रात चोरों ने घर के पिछले हिस्से की दीवार तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी और बक्सों में रखे सोने-चांदी के आभूषण और शादी के लिए रखी नगदी चोरी कर ली. शनिवार सुबह करीब 9:00 बजे जब घर के सदस्य कमरे की ओर गए, तो बिखरा हुआ सामान और टूटी दीवार देखकर उनके होश उड़ गए. तत्काल इसकी सूचना ओरछा रोड थाना पुलिस को दी गई. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के साथ डॉग स्क्वॉड की टीम भी मौके पर पहुंची. पुलिस संदिग्धों से पूछताछ कर रही है और डॉग स्क्वॉड की मदद से चोरों के भागने के रास्ते का पता लगाया जा रहा है. इस घटना के बाद से दूल्हे के परिवार की खुशियां काफूर हो गई हैं और गांव में सुरक्षा को लेकर चिंता व्याप्त है.

## सकोरे रख पशु-पक्षियों की बुझा रहे प्यास

**गंजबासौदा.** बढ़ते तापमान और आगामी भीषण गर्मी को देखते हुए 'पंचतत्व संरक्षण समिति' मूक पशु-पक्षियों के लिए सहारा बनकर सामने आई है. समिति द्वारा नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पशुओं के लिए पानी की हौदियां रखी जा रही हैं, वहीं पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरे नि:शुल्क वितरित किए जा रहे हैं. समिति के सदस्यों ने बताया कि यह सेवा कार्य पिछले कई वर्षों से निरंतर जारी है. भीषण गर्मी में पानी के अभाव में बेजुबान पशु-पक्षी दम न तोड़ें, इसी उद्देश्य से यह पुण्य कार्य किया जा रहा है. इसी क्रम में समिति ने राधाकृष्ण पुरम कॉलोनी में दो हौदियां रखी हैं, जिनमें नियमित रूप से पानी भरने की जिम्मेदारी समिति सदस्य श्रीमती अनिता जगदीप सिंह राजपूत और श्रीमती पूजा प्रशांत शर्मा ने ली है.

# बंद गोभी में निकला सांप, वीडियो वायरल



**छतरपुर, 18 अप्रैल. छतरपुर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 8, कछियाना मोहल्ले से सामने आई है, जहाँ एक घर में सब्जी बनाने के लिए गोभी काटते समय उसके भीतर से एक नन्हा सांप (सपोला) निकला। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर सुर्खियां बटोर रहा है.**

जानकारी के अनुसार, सिंधी कॉलोनी निवासी शिवम नामदेव की बुआ माया नामदेव (50) सुबह रसोई में खाना बना रही थीं. जैसे ही उन्होंने लोहे के हंसिया से बंद गोभी को बीच से काटा, उसके अंदर एक छोटा सा सांप रेंगता हुआ दिखाई दिया. सांप को देखकर माया नामदेव बुरी तरह घबरा गईं और चीखने लगीं. उनकी आवाज सुनकर घर के अन्य सदस्य और पड़ोसी मौके पर पहुंचे, जहाँ गोभी के भीतर सांप को देखकर हर कोई दंग रह गया.

विशेषज्ञों का कहना है कि अक्सर खेतों में सिंचाई के दौरान या सब्जियों के भंडारण के वक्त छोटे जीव-जंतु इनमें छिप जाते हैं. बंद गोभी की परतों के बीच सांप जैसे जीवों का छिपना बेहद खतरनाक हो सकता है. उन्होंने लोगों को सलाह दी है कि पत्तेदार सब्जियों को बनाने से पहले उन्हें अच्छी तरह धोकर और बारीकी से जांच कर ही काटें.



# बजरंग दल ने फूंका जिहादी मानसिकता का पुतला

**छतरपुर, 18 अप्रैल.** देश में बढ़ते जबरन धर्मांतरण और जिहादी मानसिकता के मामलों के खिलाफ बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने शनिवार दोपहर करीब 12:30 बजे छतरपुर नगर के छत्रसाल चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रतीकात्मक पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया.

**जबरन धर्मांतरण और बढ़ते मामलों को लेकर जताया कड़ा विरोध**

बजरंग दल के जिला स्तरीय आह्वान पर शनिवार को नगर के छत्रसाल चौक पर कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा. संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि देश के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ क्षेत्रीय स्तर पर भी विशेष मानसिकता के लोगों द्वारा जबरन धर्मांतरण और असामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है. प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ऐसी घटनाओं को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हिंदू समाज को जागरूक करने के लिए यह आंदोलन तेज किया जाएगा. पुतला दहन के उपरांत बजरंग दल के कार्यकर्ता जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुँचे. यहाँ उन्होंने जिला प्रशासन को एक आवेदन सौंपा.

ज्ञापन में मांग की गई है कि धर्मांतरण के मामलों में शामिल दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने वाली ताकतों पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए. इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से चौक पर पुलिस बल भी मुस्तैद रहा.

## एक नजर में



### एएनएम ने बीएमओ, बीपीएम को सौंपा ज्ञापन

**बड़ामलहरा.** एएनएम ने सीएमएचओ को संबोधित ज्ञापन एएनएम राजपति के नेतृत्व में बीएमओ डा.जयंत प्रताप सिंह एवं बीपीएम पवन यादव को सौंपा. ज्ञापन में उन्होंने सार्थक एप पर उपस्थिति से छूट दिये जाने की मांग की . क्षेत्र की स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में कहा है कि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छतरपुर तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी बड़ामलहरा द्वारा जारी आदेश में सार्थक एप पर उपस्थिति के आधार पर ही वेतन आहरण किये जाने का आदेश जारी किये गये हैं. समस्त मैदानी कर्मचारी शासन के विभिन्न कार्यक्रम की सफलता के लिए अतिरिक्त समय में कार्य करते हैं तथा उपस्थिति सुपरवाइजर के माध्यम से भेजी जाती है .ज्ञापन सौंपने वाली महिला कार्यकर्ताओं में राजपति, राजकुमारी अरजरिया,आशा रेकवार ,निधि सांहू,उषा,दीपा,कुसुम,शिवकुमारी, पार्वती, सुनीता,सीमा, सुनीता राजपूत,हेमलता, संध्या यादव आदि प्रमुख है .

### आंगनबाड़ी केन्द्र में दी योजनाओं की जानकारी

**बड़ामलहरा.** आंगनबाड़ी केन्द्र परगासपुरा में शुक्रवार को पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें करीब आधा दर्जन कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर शासन की स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं की जानकारी महिला हितग्राहियों को दी. कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणावादिनी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. आंगनबाड़ी केन्द्र मौनपुरा की कार्यकर्ता कृष्णावती विश्वकर्मा ने गर्भवती, शिशुवती एवं धात्री महिलाओं के संबंध में बताया कि खान पान का विशेष ध्यान रखें, जागरूक रहें तथा बाल्यावस्था में बच्चों की देखरेख कैसे करें. बच्चों को मां का दूध अमृत समान होता, इसलिए स्तनपान अवश्य करायें. कार्यक्रम में आंगनवाड़ी केन्द्र परगासपुरा की कार्यकर्ता हल्की बाई यादव, सूरजपुराकलां क्रमांक एक की मीना सक्सेना, रनीपुरा केन्द्र की कार्यकर्ता सीमा चतुर्वेदी, सूरजपुरा खुर्द की कार्यकर्ता फूला बाई राजपूत के अलावा सहायकाओं एवं हितग्राही महिलाओं ने भाग लिया .

**पति-पत्नी में सड़क पर मारपीट**

# मऊ दरवाजे के पास रात में हुआ हंगामा

**छतरपुर, 18 अप्रैल. शहर में इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का सिलसिला लगातार जारी है. इसी कड़ी में अब एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमें पति-पत्नी के बीच हुआ विवाद सड़क पर मारपीट तक पहुंच गया.**



बताया जा रहा है कि यह घटना मऊदरवाजे के पास रात के समय की है. किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई. वीडियो में दोनों एक-दूसरे को मारते-पीटते नजर आ रहे हैं, जबकि आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे. हालांकि कुछ लोगों ने बीच-बचाव करने की कोशिश भी की, लेकिन विवाद कुछ समय तक चलता रहा. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे शहर में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं. मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू करने की बात कही है.

### महिला की जहरीला पदार्थ खाने से मौत

**बारीगढ़ की घटना**

**पुलिस जांच जारी**

**छतरपुर, 18 अप्रैल.** छतरपुर नगर के जुझारनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बारीगढ़ गांव में एक महिला द्वारा जहरीला पदार्थ सेवन करने का मामला सामने आया है, जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, बारीगढ़ निवासी संपत अहिरवार ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया. घटना के बाद परिजनों ने तत्काल महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया. घटना की सूचना मिलते ही संबंधित थाना पुलिस ने मामला संज्ञान में लेते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी. शनिवार 18 अप्रैल को दोपहर करीब 1:00 बजे जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है. घटना के बाद गांव में शोक का माहौल बना हुआ है.

# राम महायज्ञ व प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आज से

## पंचकुंडीय यज्ञ और विशाल भंडारे का होगा आयोजन

**छतरपुर, 18 अप्रैल. जिले के पहाड़गांव में धार्मिक आस्था का भव्य आयोजन होने जा रहा है। 19 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक श्री श्री अनंत श्री पंच कुण्डात्मक श्री राम महायज्ञ एवं श्री राम जानकी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किटा खेड़ा भिटाई आश्रम में धूमधाम से किया जाएगा.**



कार्यक्रम के पहले दिन प्रायश्चित स्नान, जल यात्रा, मंडप प्रवेश, गौरी गणेश पूजन, कलश स्थापना और अन्नाधिवास जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे. इसके बाद 23 अप्रैल को देवालय संस्कार, मूर्ति न्यास, प्राण प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा. इस महोत्सव में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है.

आयोजन में यज्ञाचार्य पं. देवेंद्र मिश्रा (मुन्ना महाराज) की प्रमुख भूमिका रहेगी. वहीं कार्यक्रम का संचालन पूर्व विधायक जुझार सिंह जूदेव बुंदेला एवं उनकी पुत्री पूर्व विधायक आशा रानी के नेतृत्व में किया जाएगा. आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है.

**गढ़ीमलहरा में पुलिस का जनसंवाद**

# लोगों को बताए नशे के दुष्परिणाम

**छतरपुर, 18 अप्रैल. महाराजपुर क्षेत्र के गढ़ीमलहरा में पुलिस द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया.**



यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर आयोजित किया गया. थाना प्रभारी रीता सिंह ने पुलिस बल के साथ बीती शाम करीब बस स्टैंड और मार्केट क्षेत्र में पहुंचकर आमजन से संवाद किया. इस दौरान लोगों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. इसके साथ ही पुलिस ने संपत्ति संबंधी अपराधों, जैसे चोरी और लूट, से बचाव के उपाय भी बताए. नागरिकों को सतर्क रहने, संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना पुलिस को देने और सामुदायिक सहयोग बढ़ाने की अपील की गई.

**ज्ञापन सौंपा** | **जय बुन्देलखण्ड फ्लोर मिल पर 3 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप**

# निवाड़ी, छतरपुर और टीकमगढ़ के व्यापारियों ने खोला मोर्चा

**छतरपुर, 18 अप्रैल.** जय बुन्देलखण्ड फ्लोर मिल प्रा. लि. द्वारा क्षेत्रीय व्यापारियों के साथ करोड़ों रुपये की कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. टीकमगढ़, छतरपुर और निवाड़ी जिले के दर्जनों व्यापारियों ने एकजुट होकर अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) टीकमगढ़ को एक सामूहिक शिकायती आवेदन सौंपा है.



व्यापारियों का आरोप है कि मिल संचालक पिछले दो वर्षों से उनकी कृषि उपज का लगभग 3 करोड़ रुपये का भुगतान दबाए बैठे हैं. प्रभावित व्यापारियों ने बताया कि उन्होंने पिछले दो वर्षों के दौरान गेहूं और अन्य कृषि उपज 'जय बुन्देलखण्ड फ्लोर मिल' को बेची थी. नियमानुसार माल की आपूर्ति के तुरंत बाद या कुछ समय के भीतर भुगतान हो जाना चाहिए था, लेकिन मिल प्रबंधन द्वारा बार-बार मौखिक और लिखित अनुरोध के बावजूद पैसे नहीं दिए गए. व्यापारियों का कहना है कि भुगतान न मिलने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति डगमगा गई है और व्यापार संचालन में भारी कठिनाइयां आ रही हैं.

व्यापारियों ने एसडीएम को दिए आवेदन में स्पष्ट रूप से 'धोखाधड़ी और व्यापारिक विश्वासघात' का आरोप लगाया है. उनका कहना है कि मिल संचालक के इरादे नेक नहीं लग रहे हैं, इसलिए प्रशासन को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए. व्यापारियों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और उनकी मेहनत की गाढ़ी कमाई वापस दिलाई जाए.

# केसीसी की राशि न मिलने पर सड़कों पर उतरे किसान

**सिरोंज 18 अप्रैल,** सिरोंज में मंडी रोड स्थित जिला सहकारी बैंक के कार्यालय के सामने शनिवार को किसानों ने केसीसी राशि ना मिलने पर नाराजगी जताते हुए जमकर प्रदर्शन किया. इस मौके पर उन्होंने किसानों को केसीसी की पूरी राशि का भुगतान तत्काल कराए जाने की मांग की.

किसानों का कहना था कि उन्होंने समय पर केसीसी की राशि जमा की है. लेकिन अब किसानों को फिर से केसीसी की राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है. मामले की जानकारी मिलने पर अधिकारी एवं पुलिस बल मौके पर पहुंचा. इस दौरान उन्होंने किसानों से चर्चा की. जिसके बाद मामला शांत हो सका. जानकारी के अनुसार सिरोंज में शनिवार को किसानों का गुस्सा फूट पड़ा. इस मौके पर उन्होंने मंडी रोड स्थित जिला सहकारी बैंक की शाखा के सामने प्रदर्शन शुरू कर दिया. इस दौरान किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने निर्धारित समय पर उनकी केसीसी की राशि बैंक में जमा की है. लेकिन किसानों को अब फिर से केसीसी की राशि समय पर नहीं मिल पा रही है.

**जिला सहकारी बैंक के सामने किया प्रदर्शन**

## भव्य कलश यात्रा संपन्न

**गंजबासौदा.** नगर के नौ देवी पिपलेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती समारोह के तहत सप्त दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ. यह कलश यात्रा हनुमान मंदिर भावसार पुलिया, बरेठ रोड से निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंची. यात्रा के दौरान जगह-जगह मां कृष्ण के भक्तों, शिष्यों और धर्मप्रेमी नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धा और भक्ति भाव से स्वागत किया.कलश यात्रा में महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखकर भाग लिया. वहीं मंदिर समिति के सदस्य पीले कुर्ते और सफेद पजामे में भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे.